प्रस्तुत अध्ययन में कानपुर शहर के उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मबोध स्तर का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। यह अध्ययन लिंग व अकादमिक वर्ग के आधार पर निर्गत आत्मबोध भिन्नताओं की जाँच भी करता है।

अध्ययन के उद्देश्य–

☛ आत्मबोध में लिंग आधारित अन्तर का विश्लेषण करना।

☛ आत्मबोध में अकादमिक वर्ग आधारित अन्तर का विश्लेषण करना।

☛ आत्मबोध व अकादमिक उपलब्धि के बीच सम्बन्ध का आंकलन करना।

परिकल्पना–

1. उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मबोध में लिंग के आधार पर सार्थक अन्तर नहीं है।

2. उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मबोध में अकादमिक वर्ग के आधार पर सार्थक अन्तर नहीं है।

3. उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मबोध में अकादमिक उपलब्धि के आधार पर सह–सम्बन्ध नहीं होगा।

प्रविधि–

प्रस्तुत अध्ययन विवरणात्मक अनुसंधान की सर्वेक्षण विधि पर आधारित है।

प्रतिदर्श–

प्रस्तुत अध्ययन में कानपुर शहर के उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 400 बालक–बालिकाओं (200 लड़के एवं 200 लड़कियों) को लिया गया। विद्यार्थियों का चयन तीन अकादमिक वर्गों (विज्ञान व कला) में किया गया।

शोध उपकरण –

प्रस्तुत अध्ययन में आत्मबोध प्रश्नावली (एस.सी. क्यू.) प्रयुक्त की गई। विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का आंकलन पूर्व अकादमिक वर्ष के परिणामों के आधार पर किया गया।

प्रयुक्त साँख्यिकी की तकनीक–

इस अध्ययन में आँकड़ों के आंकिक विश्लेषण के लिए मध्यमान, टी–टेस्ट व सहसम्बन्ध सांख्यकीय तकनीकियों का उपयोग किया गया।

आँकड़ों का विष्लेशण तथा व्याख्या–

परिकल्पना – 01–

''उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में आत्मबोध में लिंग के आधार पर सार्थक अन्तर नहीं है।'' **(तलिका – 01 देखिये)**

उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्र तथा छात्राओं के आत्मबोध स्तर के सम्बन्ध में आकलित t प्राप्त का मान 3.86, सार्थकता स्तर 0.01 पर सार्थक प्राप्त हुआ है। अतः शून्य परिकल्पना कि उच्च माध्यमिक स्तर के छात्र तथा छात्राओं

तलिका – 01–

क्रमांक	समूह	न्यादर्श संख्या	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	मध्यमान मानक त्रुटि	स्वतंत्रांश	टी मान	सार्थकता स्तर
1	विज्ञान वर्ग	200	118.49	33.51	2.12	498	4.75	0.01
2	कला वर्क	200	102.58	40.91	2.59			

तलिका – 02–

क्रमांक	समूह	न्यादर्श संख्या	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	मध्यमान मानक त्रुटि	स्वतंत्रांश	टी मान	सार्थकता स्तर
1	छात्र	200	135.50	22.69	1.43	498	3.52	0.01
2	छात्रायें	200	126.70	32.45	2.05			

के आत्मबोध में लिंग आधार पर सार्थक अन्तर नहीं है, अस्वीकार की जाती है तथा शोध परिकल्पना कि उच्च माध्यमिक स्तर के छात्र तथा छात्राओं के आत्मबोध में लिंग आधार पर सार्थक अन्तर है, स्वीकार की जाती है।

परिकल्पना – 02

''उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में आत्मबोध में अकादमिक वर्ग के आधार पर सार्थक अन्तर नहीं है।''

(तलिका – 02 पिछले पृष्ठ पर देखिये)

उच्चतर माध्यमिक स्तर के विज्ञान तथा कला वर्ग के विद्यार्थियों के आत्मबोध स्तर के सम्बन्ध में आकलित t प्राप्त का मान 4.75, सार्थकता स्तर 0.01 पर सार्थक प्राप्त हुआ है। अतः शून्य परिकल्पना कि उच्च माध्यमिक स्तर के छात्र तथा छात्राओं के आत्मबोध में अकादमिक वर्ग के आधार पर सार्थक अन्तर नहीं है, अस्वीकार की जाती है तथा शोध परिकल्पना कि उच्च माध्यमिक स्तर के छात्र तथा छात्राओं के आत्मबोध में अकादमिक वर्ग के आधार पर सार्थक अन्तर है, स्वीकार की जाती है।

परिकल्पना – 03

''उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में आत्मबोध व अकादमिक उपलब्धि के बीच सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।'' **(तलिका – 03 देखिये)**

उच्चतर माध्यमिक स्तर विद्यार्थियों की अकादमिक उपलब्धि व आत्मबोध स्तर के सम्बन्ध में आंकलित सह सम्बन्ध गुणांक का मान 0.73 ज्ञात हुआ जो कि उच्च धनात्मक सह सम्बन्ध का होता है। अतः शून्य परिकल्पना की उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मबोध व अकादमिक उपलब्धि के बीच सार्थक सह सम्बन्ध नहीं है, अस्वीकार की जाती है तथा शोध परिकल्पना कि उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मबोध व अकादमिक उपलब्धि के बीच सार्थक सह सम्बन्ध नहीं है, अस्वीकार की जाती है तथा शोध परिकल्पना कि उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मबोध व अकादमिक उपलब्धि के बीच सार्थक सह–सम्बन्ध है स्वीकार की जाती है।

परिणाम एवं चर्चा

लिंग आधारित अन्तर–

उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिंग आधारित विश्लेषण से निष्कर्ष के रूप में प्राप्त हुए कि विद्यार्थियों के आत्मबोध स्तर से लिंग के आधार पर सार्थक अन्तर व्याप्त है। बालक ने बालिकाओं के सापेक्ष आत्मबोध के सम्बन्ध में उच्च स्कोर प्राप्त किया।

बालक एवं बालिकाओं के आत्मबोध स्तर में निर्गत भिन्नता का सम्भावित कारण लिंग आधारित भूमिकाओं व अपेक्षाओं में अर्न्तनिहित भिन्नतः को माना जा सकता है। प्रायः बालक बालिकाओं के सापेक्ष अधिक आत्मविश्वास व प्रतिस्पर्धात्मकता स्वरूप व्यवहार करते दिखाई देते हैं जो उनके उच्च आत्मबोध स्तर का कारण भी हो सकते हैं।

अकादमिक वर्ग आधारित अन्तर–

उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के अकादमिक वर्ग आधारित विश्लेषण से निष्कर्ष स्वरूप ज्ञात हुआ कि अकादमिक वर्ग के आधार पर विद्यार्थियों के आत्मबोध स्तर में सार्थक अन्तर मौजूद है। विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों ने कला वर्ग के विद्यार्थियों की तुलना में उच्च आत्मबोध स्वरूप प्रदर्शन किया। विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के उच्च आत्मबोध स्तर का सम्भावित कारण विज्ञान विषय की विश्लेषणात्मक व चुनौतीपूर्ण प्रकृति हो सकती है। जिसमें विज्ञान विषय के अधिगमकर्ताओं में आत्मप्रेरणा व आत्म–संवेदनशीलता आदि घटक विकसित होते हैं जो उच्च आत्मबोध स्तर के कारक हो सकते हैं।

आत्मबोध व अकादमिक उपलब्धि के मध्य सम्बन्ध–

उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मबोध

परिकल्पना – 03

स्मूह	न्यादर्श संख्या	मध्यमान		सहसम्बन्ध गुणांक	सह सम्बन्ध का प्रकार
		अकादमिक उपलब्धि	आत्मबोध		
उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थी	400	128.27	131.10	0.73	उच्च धनात्मक सह सम्बन्ध

स्तर व अकादमिक उपलब्धि के सह सम्बन्ध आधारित विश्लेषण से परिणामस्वरूप प्राप्त हुआ कि विद्यार्थियों के आत्मबोध व अकादमिक उपलब्धि के बीच सकारात्मक सह सम्बन्ध मौजूद है। उच्च आत्मबोध स्तर वाले विद्यार्थियों का अकादमिक उपलब्धि स्तर भी उच्च प्राप्त हुआ। इस प्रकार आत्मबोध का अकादमिक उपलब्धि के साथ प्राप्त सकारात्मक सह सम्बन्ध से यह प्रदर्शित करता है कि विद्यार्थियों के आत्मबोध स्तर में संवर्द्धन कर अकादमिक उपलब्धि में सुधार किया जा सकता है।

निष्कर्ष–

☛ उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मबोध स्तर में लिंग के आधार पर सार्थक अन्तर प्राप्त हुआ।

☛ उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मबोध स्तर में अकादमिक वर्ग के आधार पर सार्थक अन्तर प्राप्त हुआ।

☛ उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मबोध व अकादमिक उपलब्धि के बीच सकारात्मक सह सम्बन्ध पाया गया।

सिफारिशें –

प्रस्तुत अध्ययन से प्राप्त परिणामों के आधार पर निर्गत सिफारिशें निम्न हैं–

☛ शिक्षकों तथा नीति निर्माताओं को आत्मबोध को प्रोत्साहन सम्बन्धी कार्यक्रमों को व गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है जिससे विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुदृढ किया जा सके।

☛ शिक्षकों तथा नीति निर्माताओं को आत्मबोध के सम्बन्ध में अकादमिक वर्ग आधारित भिन्नता को समझने व सम्बोधित करने की आवश्यकता है।

☛ शिक्षकों तथा नीति निर्माताओं को आत्मबोध के सम्बन्ध में लिंग आधारित भिन्नताओं को समझने व सम्बोधित करने की आवश्यकता है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची

1. पटेल, वी एवं जोशी, पी. (2021) अकेडमिक सेल्फ कान्सेप्ट एण्ड इट्स इम्पैक्ट ऑन अकेडमिक परफार्मेन्स : अ स्टडी उमंग हाईस्कूल स्टूडेन्टस, इण्डियन जनरल ऑफ साइकोलाजी, 14 (2), 112–123।
2. कान्सेप्ट एण्ड अकेडमिक अचीवमेन्ट उमंग में ..... स्कूल स्टूडेन्टस (डाक्टोरज डिजर्टेशन, यूनिवर्सिटी ऑफ केल्ही), प्रोसपेक्टस डिजर्टेशन एण्ड थीसिस।
3. शर्मा, आर. के. (2020), अण्डरस्टैंडिंग सेल्फ कान्सेप्ट : अ साइकोलाजिकल पर्सपेक्टिव, अकेडमिक प्रेस।
4. कुमार, आर. (एडि.) (2018) पर्सपेक्टिव ऑन एजूकेशन साइकोलाजी (पी. पी. 25–40), सतलेज ।
5. सिंह, एम. (2022), जेन्डर डिफरेन्सेस अकेडमिक सेल्स कान्सेप्ट उमंग हाईस्कूल स्टूडेन्टस, जनरल आफ एजूकेशनल रिसर्च एण्ड प्रैक्टिस, 12(3) / 45–56।
6. शर्मा, एन. (2022) सेल्फ कान्सेप्ट एण्ड अकेडमिक परफार्मेन्स : अ स्टडी ऑफ हाईस्कूल स्टूडेन्टस इन उत्तर प्रदेश, इन्स्टीट्यूट ऑफ एजूकेशनल रिसर्च।
7. वर्मा एस. पी. एवं सिंह, के. (2013) एजूकेशनल साइकोलाजी : कान्सेप्ट एण्ड एप्लिकेशन्स , सेज पब्लिकेशन्स ।

◈◈

ISSN : 2349-9273

Received: 12 April, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

ग्रामीण शिक्षा में नवाचार और कानपुर जिले में ग्रामीण शिक्षकों की भूमिका

– नेहा गुप्ता
यू. जी. सी. नेट

ई–मेलः
nehaguptajhinjhak@gmail.com

सारांश

कानपुर जिले में ग्रामीण शिक्षा में नवाचार और शिक्षकों की भूमिका ने शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डिजिटल शिक्षा, सामुदायिक भागीदारी, और व्यावसायिक पाठ्यक्रम जैसे नवाचारों ने ग्रामीण छात्रों के लिए नई संभावनाएं खोली हैं। वहीं, शिक्षक सामाजिक परिवर्तन के उत्प्रेरक, नवाचारों के कार्यान्वयनकर्ता, और`जनकमदजे' उमदजवते के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, बुनियादी ढाँचे की कमी, प्रशिक्षित शिक्षकों की अनुपस्थिति और डिजिटल डिवाइड जैसी चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। इन चुनौतियों को दूर करने के लिए सरकार, गैर–सरकारी संगठनों, और समुदाय को मिलकर काम करना होगा।

परिचय–

भारत एक ग्रामीण–प्रधान देश है जहाँ 65 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। ग्रामीण शिक्षा देश के सामाजिक–आर्थिक विकास की आधारशिला है, क्योंकि यह ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाती है और उन्हें मुख्यधारा के विकास से जोड़ती है। हालांकि, ग्रामीण शिक्षा कई चुनौतियों जैसे बुनियादी ढांचे की कमी, प्रशिक्षित शिक्षकों की अनुपस्थिति, और आधुनिक तकनीकों तक सीमित पहुँच से जूझ रही है। इन चुनौतियों के बावजूद, ग्रामीण शिक्षा में नवाचार और शिक्षकों की भूमिका ने सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

यह शोध पत्र कानपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और ग्रामीण शिक्षकों की भूमिका का विश्लेषण करता है। कानपुर, उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण जिला है, जो शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों का मिश्रण है। इस पत्र का उद्देश्य ग्रामीण शिक्षा में नवाचारों की स्थिति, शिक्षकों की चुनौतियां, और उनके योगदान को समझना है। यह शोध पत्र पूरी तरह से मूल है और किसी भी प्रकार की कॉपीराइट सामग्री से मुक्त है।

ग्रामीण शिक्षा में नवाचार–

1. डिजिटल शिक्षा और ई–लर्निंग – ग्रामीण शिक्षा में डिजिटल तकनीकों का उपयोग एक क्रांतिकारी कदम है। कानपुर जिले के कुछ स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम और ई–लर्निंग मॉड्यूल लागू किए गए हैं। उदाहरण के लिए, सर्व शिक्षा अभियान और डिजिटल इण्डिया पहल के तहत कई ग्रामीण स्कूलों में प्रोजेक्टर और टैबलेट प्रदान किए गए हैं। यह नवाचार छात्रों को

इंटरैक्टिव और दृश्य–आधारित शिक्षा प्रदान करता है, जिससे उनकी रुचि और समझ बढ़ती है।

हालांकि, स्मार्टफोन और इंटरनेट की पहुँच अभी भी सीमित है। 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार– केवल 58 प्रतिशत उच्च कक्षा के छात्रों के पास स्मार्टफोन तक पहुँच है, जब कि प्राथमिक स्तर पर यह आँकड़ा 42 प्रतिशत है। इस चुनौती को दूर करने के लिए, कानपुर के कुछ गैर–सरकारी संगठनों ने सौर ऊर्जा से संचालित डिजिटल लर्निंग सेंटर स्थापित किए हैं, जो बिजली की कमी वाले क्षेत्रों में प्रभावी हैं।

2. सामुदायिक भागीदारी – कानपुर जिले में सामुदायिक भागीदारी ने ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्थानीय पंचायतों और माता–पिता–शिक्षक संगठनों ने स्कूलों में नियमित उपस्थिति और ड्रॉपआउट दर को कम करने के लिए प्रयास किए हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार– 84 प्रतिशत अभिभावक नियमित रूप से माता–पिता–शिक्षक बैठकों में भाग लेते हैं, जिससे बच्चों की शिक्षा में उनकी रुचि बढ़ी है।

3. शिक्षक प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम सुधार– ग्रामीण शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नवाचार देखा गया है। कानपुर जिले में जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (DIET) ने शिक्षकों के लिए डिजिटल शिक्षण तकनीकों और बाल–केन्द्रित शिक्षण पद्धतियों पर कार्यशालाएं आयोजित की हैं। इसके अलावा, पाठ्यक्रम में स्थानीय संस्कृति और पर्यावरण से सम्बन्धित विषयों को शामिल किया गया है, जिससे छात्रों की शिक्षा अधिक प्रासंगिक और आकर्षक बनती है।

4. व्यावसायिक शिक्षा – ग्रामीण छात्रों को रोजगार–उन्मुख शिक्षा प्रदान करने के लिए, कानपुर जिले में कुछ स्कूलों ने व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। ये पाठ्यक्रम कृषि, हस्तशिल्प, और बुनियादी कम्प्यूटर कौशल जैसे क्षेत्रों पर केन्द्रित हैं। यह नवाचार ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और शहरी पलायन को कम करने में सहायक हैं।

कानपुर जिले में ग्रामीण शिक्षकों की भूमिका–

1. सामाजिक परिवर्तन के उत्प्रेरक – कानपुर जिले के ग्रामीण शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं हैं। वे सामाजिक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं। वे बाल विवाह, लैंगिक असमानता, और अंधविश्वास जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरुकता फैलाते हैं। उदाहरण के लिए, कई शिक्षकों ने लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान चलाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 11–14 आयु वर्ग की स्कूल न जाने वाली लड़कियों का प्रतिशत केवल 4.1 प्रतिशत रह गया है।

2. नवाचारों का कार्यान्वयन – शिक्षक ग्रामीण शिक्षा में नवाचारों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानपुर के ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों ने डिजिटल उपकरणों का उपयोग शुरू किया है, जैसे कि मोबाइल ऐप्स और ऑनलाइन ट्यूटोरियल। हालांकि, इंटरनेट कनेक्टिविटी और प्रशिक्षण की कमी के कारण यह कार्य चुनौतीपूर्ण है। फिर भी, शिक्षकों ने स्थानीय संसाधनों का उपयोग करके रचनात्मक शिक्षण विधियाँ विकसित की हैं, जैसे मिट्टी और लकड़ी से शिक्षण सामग्री बनाना।

3. छात्रों के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव – कानपुर जिले के ग्रामीण शिक्षक छात्रों के साथ व्यक्तिगत स्तर पर जुड़ते हैं, जो उनकी शैक्षिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। एक अध्ययन के अनुसार– केवल 40 प्रतिशत माता–पिता अपने बच्चों के साथ दैनिक आधार पर उनकी शिक्षा के बारे में बात करते हैं। इस स्थिति में, शिक्षक माता–पिता की भूमिका निभाते हैं और छात्रों को प्रेरित करते हैं। वे नियमित रूप से घरेलू दौरे करते हैं और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरुक करते हैं।

4. चुनौतियों का सामना – ग्रामीण शिक्षकों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे अपर्याप्त वेतन, बुनियादी ढाँचे की कमी, और प्रशासनिक बोझ। कानपुर जिले में कई स्कूलों में एक शिक्षक को कई कक्षाओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी दी जाती है, जिससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावित होती है। इसके अलावा, शिक्षक भर्ती घोटाले जैसे मुद्दों ने शिक्षकों के मनोबल को प्रभावित किया है। फिर भी, शिक्षक धैर्य और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं।

चुनौतियाँ और समाधान

चुनौतियाँ –

1. बुनियादी ढाँचे की कमी – कानपुर जिले के कई ग्रामीण स्कूलों में बिजली, शौचालय, और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

2. प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी– अनुभवी और प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी ग्रामीण शिक्षा की गुणवत्ता को

प्रभावित करती है।

3. डिजिटल डिवाइड – ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और स्मार्ट उपकरणों की सीमित उपलब्धता डिजिटल शिक्षा को बाधित करती है।

4. सामाजिक–आर्थिक बाधाएं – गरीबी और घरेलू जिम्मेदारियों के कारण कई बच्चे स्कूल छोड़ देते हैं।

समाधान–

1. बुनियादी ढाँचे का विकास – सरकार को ग्रामीण स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के लिए निवेश बढ़ाना चाहिए।

2. शिक्षक प्रशिक्षण – नियमित और प्रासंगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की क्षमता को बढ़ा सकते हैं।

3. डिजिटल पहुँच – सौर ऊर्जा और ऑफलाइन डिजिटल सामग्री के उपयोग से डिजिटल डिवाइड को कम किया जा सकता है।

4. सामुदायिक जागरुकता – शिक्षा के महत्व पर जागरुकता अभियान स्कूल ड्रॉपआउट दर को कम कर सकते हैं।

निष्कर्ष –

कानपुर जिले में ग्रामीण शिक्षा में नवाचार और शिक्षकों की भूमिका ने शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डिजिटल शिक्षा, सामुदायिक भागीदारी, और व्यावसायिक पाठ्यक्रम जैसे नवाचारों ने ग्रामीण छात्रों के लिए नई संभावनाएं खोली हैं। वहीं, शिक्षक सामाजिक परिवर्तन के उत्प्रेरक, नवाचारों के कार्यान्वयनकर्ता, और Students Mentors के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, बुनियादी ढाँचे की कमी, प्रशिक्षित शिक्षकों की अनुपस्थिति और डिजिटल डिवाइड जैसी चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। इन चुनौतियों को दूर करने के लिए सरकार, गैर–सरकारी संगठनों, और समुदाय को मिलकर काम करना होगा।

कानपुर जिले के ग्रामीण शिक्षक न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरुकता फैलाने और छात्रों को प्रेरित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी मेहनत और समर्पण ग्रामीण शिक्षा की रीढ़ है। भविष्य में, नीतिगत सुधारों और संसाधनों के उचित आवंटन के साथ, कानपुर जिले में ग्रामीण शिक्षा नई ऊँचाइयों को छू सकती है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. Drishti IAS - (2023), ग्रामीण भारत में प्रारम्भिक शिक्षा की स्थिति 2023।
2. Drishti IAS - (2019), ग्रामीण भारत में स्कूली शिक्षा की दशा और दिशा।
3. Leverage Edu - (2023), ग्रामीण समाज में शिक्षा का महत्व।
4. Navbharat Live - (2025), शिक्षक भर्ती और शालार्थ आईडी घोटाला।

The Gunjan

Multi Displinary Quarterly International Refreed/Peer Reviewed Research Journal

ISSN : 2349-9273

`The Gunjan'

(in Multi Language : Hindi + English + Sanskrit)

Multi Displinary Quareterly International Refreed/Peer Reviewed Research Journal

Sector-K-444, `Shiv Ram Kripa' World Bank Barra-Kanpur-208027

Contact- 08896244776

E-mail: mohittrip@gmail.com

Visit us: www:thegunjan.com, abhinavgaveshna.com

ISSN : 2349-9273

Received: 18 April, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

प्रौद्योगिकी और शिक्षा : डिजिटल शिक्षा का उभरता स्वरूप

– डॉ. गोपाल कृष्ण भारद्वाज
(प्राचार्य)
एक्मे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट
एण्ड टेक्नालॉजी, सिकन्दरा, आगरा
– 282007 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
gkbharadwaj72@gmail.com

सारांश

प्रौद्योगिकी और शिक्षा का संगम एक क्रांतिकारी परिवर्तन का संकेतक है, जिसने पारम्परिक शिक्षा प्रणाली को नए आयाम प्रदान किए हैं। डिजिटल शिक्षा ने न केवल शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को अधिक सुलभ, लचीला और आकर्षक बनाया है, बल्कि इसमें समावेशिता और व्यक्तिगत अनुकूलन की संभावनाएँ भी उत्पन्न की हैं। हालांकि, इसके समक्ष डिजिटल असमानता, तकनीकी अक्षमता, और सामाजिक–सांस्कृतिक दूरी जैसी चुनौतियाँ भी विद्यमान हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए केवल तकनीकी समाधान पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समग्र और मानव–केन्द्रित दृष्टिकोण की आवश्यकता है। भविष्य में हाइब्रिड शिक्षण मॉडल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और स्थानीय भाषा में डिजिटल कंटेन्ट के विकास से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि शिक्षा सभी तक समान रूप से पहुँचे। इस दिशा में सरकार, शिक्षकों, तकनीकी विशेषज्ञों और समाज के संयुक्त प्रयासों से ही एक समावेशी, गुणवत्तापूर्ण और सतत डिजिटल शिक्षा प्रणाली की स्थापना संभव है. जो भारत को ज्ञान आधारित समाज की ओर अग्रसर कर सकेगी।

21वीं सदी में प्रौद्योगिकी ने मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया है और शिक्षा इससे अछूती नहीं रही। शिक्षा प्रणाली, जो कभी पारम्परिक कक्षाओं, पाठ्यपुस्तकों और सीमित संसाधनों पर आधारित थी, आज डिजिटल उपकरणों, इंटरनेट, ऑनलाइन मंचों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग से समृद्ध हो चुकी है। डिजिटल शिक्षा का तात्पर्य उस शिक्षण प्रणाली से है, जिसमें कंप्यूटर, स्मार्टफोन, इंटरनेट, डिजिटल सामग्री और विभिन्न शैक्षिक प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करके शिक्षण और अधिगम की प्रक्रिया को संचालित किया जाता है। यह शिक्षा न केवल स्थान और समय की सीमाओं को समाप्त करती है, बल्कि इसे अधिक सुलभ, लचीला और व्यक्तिगत भी बनाती है। भारत में डिजिटल शिक्षा का विस्तार पिछले एक दशक में धीरे–धीरे हो रहा था, लेकिन कोविड–19 महामारी ने इसे तीव्र गति प्रदान की।

स्कूलों और विश्वविद्यालयों के बन्द होने के कारण शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन शिक्षण ही एकमात्र विकल्प बन गया। इस परिस्थिति में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक डिजिटल प्लेटफॉर्म्स जैसे Zoom, Google Meet, Microsoft Teams, और विशेष रूप से भारतीय संदर्भ में DIKSHA, SWAYAM, e-Pathshala और PM e-VIDYA जैसे सरकारी प्रयासों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, निजी क्षेत्रों में BYJU'S] Vedantu] Unacademy जैसे मंचों ने भी शिक्षा को डिजिटल माध्यम से सहज और आकर्षक बनाने में योगदान दिया। डिजिटल शिक्षा के माध्यम से

छात्रों को न केवल विषयवस्तु की पहुँच मिली, बल्कि इंटरएक्टिव वीडियो, एनिमेशन, वर्चुअल प्रयोगशालाएँ और ऑनलाइन क्विज जैसे आधुनिक शैक्षिक साधनों ने उनकी सीखने की रुचि को भी बढ़ाया। तकनीकी सशक्तिकरण के कारण अब विद्यार्थी अपने समय और सुविधा के अनुसार अध्ययन कर सकते हैं, जिससे शिक्षा अधिक लचीली और अनुकूल हो गई है। इसके अतिरिक्त, डिजिटल शिक्षा ने शिक्षक–छात्र संबंधों को भी नए ढंग से परिभाषित किया है। अब शिक्षकों को केवल विषय विशेषज्ञ नहीं बल्कि तकनीकी दक्ष भी होना आवश्यक हो गया है।

इसके चलते शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता बढ़ी है ताकि वे नवीन तकनीकों का समुचित उपयोग कर सकें। डिजिटल शिक्षा के अनेक लाभ हैं। यह भौगोलिक सीमाओं को तोड़कर किसी भी क्षेत्र के विद्यार्थी को गुणवत्ता युक्त शिक्षा तक पहुँच प्रदान करती है। इसके अलावा, यह शिक्षण को अधिक दृश्यात्मक, संवादात्मक और आत्मनिर्भर बनाती है। छात्र अपने अनुसार गति से विषयवस्तु को समझ सकते हैं और पुनः देख सकते हैं, जिससे अधिगम में गहराई आती है। वहीं, शैक्षिक संसाधनों की विविधता और व्यापकता भी डिजिटल शिक्षा की विशेषता है। परन्तु इसके समानान्तर कई चुनौतियाँ भी हैं। भारत जैसे देश में जहाँ अब भी ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की सुलभता, बिजली की उपलब्धता और तकनीकी उपकरणों का अभाव है, वहाँ डिजिटल शिक्षा एक सीमित वर्ग तक ही सीमित रह जाती है। इस प्रकार, डिजिटल डिवाइड एक गंभीर समस्या के रूप में उभरती है जो शहरी और ग्रामीण, समृद्ध और वंचित वर्ग के बीच शैक्षिक असमानता को और गहरा कर सकती है। साथ ही, लम्बे समय तक स्क्रीन पर पढ़ाई करने से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जैसे आँखों की थकान, मानसिक तनाव और सामाजिक अलगाव की स्थिति। इसके अलावा, ऑनलाइन शिक्षा में छात्रों का ध्यान भटकने की संभावना अधिक होती है और आत्म अनुशासन की आवश्यकता भी अधिक होती है। बहुत से मामलों में यह देखा गया है कि छात्रों की सहभागिता सीमित हो जाती है और वास्तविक संवाद एवं सामाजिक कौशल का विकास बाधित होता है। शिक्षकों के लिए भी तकनीकी शिक्षा एक नई चुनौती के रूप में आई है, विशेषकर उन शिक्षकों के लिए जो पारम्परिक शिक्षण पद्धतियों में अधिक सहज हैं। इस परिवर्तन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यापक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रयास जैसे National Digital Education Architecture (NDEAR) और भारत नेट जैसी योजनाएँ डिजिटल बुनियादी ढाँचा मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक पहल हैं, किन्तु इनकी सफलता इसके प्रभावी और समावेशी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। शिक्षा को डिजिटल रूप में सभी तक पहुँचाने के लिए आवश्यक है कि हम क्षेत्रीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण डिजिटल कंटेंट विकसित करें ताकि भाषा की दीवार डिजिटल शिक्षा में बाधा न बने। साथ ही. शिक्षा केवल ज्ञान का हस्तांतरण नहीं बल्कि सोच, मूल्य और सामाजिक अनुभव का भी विकास है, जिसे केवल डिजिटल माध्यम से पूर्ण रूप से पाना कठिन है। इसलिए भविष्य में हाइब्रिड शिक्षा मॉडल–जिसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम सम्मिलित हों को अपनाना अत्यंत आवश्यक हो जाएगा। हाइब्रिड मॉडल विद्यार्थियों को तकनीकी सुविधा के साथ–साथ सामाजिक और भावनात्मक विकास के अवसर भी प्रदान करता है।

आने वाले समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), मशीन लर्निंग, और वर्चुअल रियलिटी (VR) जैसी तकनीकों का उपयोग शिक्षा में व्यापक रूप से किया जाएगा, जिससे शिक्षण और अधिगम की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली और आकर्षक बनाया जा सकेगा। उदाहरण के लिए, एक छात्र विज्ञान के किसी प्रयोग को केवल पढ़ने के बजाय VR के माध्यम से प्रयोगशाला में जाकर उसे महसूस कर सकता है। इसी प्रकार, AI आधारित प्लेटफॉर्म छात्रों की सीखने की गति और शैली को समझकर उन्हें व्यक्तिगत पाठ्यक्रम प्रदान कर सकते हैं। इस प्रकार, डिजिटल शिक्षा का भविष्य अत्यन्त संभावनाशील है, बशर्ते इसे समानता, समावेशिता और सतत विकास के सिद्धांतों के साथ लागू किया जाए। डिजिटल शिक्षा केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक–सांस्कृतिक बदलाव भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह परिवर्तन समाज के हर वर्ग तक पहुँचे और कोई भी छात्र तकनीकी या आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं है, बल्कि सोचने की क्षमता, सामाजिक मूल्य और जीवन कौशल विकसित करना भी है। इसलिए डिजिटल शिक्षा को इस व्यापक उद्देश्य के साथ जोड़कर ही हम एक सशक्त और समावेशी ज्ञान समाज की स्थापना कर

सकते हैं। अन्ततः कहा जा सकता है कि प्रौद्योगिकी और शिक्षा का यह संगम 21वीं सदी के भारत को एक नई दिशा देने में सक्षम है, परन्तु इसके लिए निरन्तर प्रयास, नीतिगत संकल्प और सामाजिक सहभागिता की आवश्यकता है।

प्रौद्योगिकी और शिक्षा का संगम एक क्रांतिकारी परिवर्तन का संकेतक है, जिसने पारम्परिक शिक्षा प्रणाली को नए आयाम प्रदान किए हैं। डिजिटल शिक्षा ने न केवल शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को अधिक सुलभ, लचीला और आकर्षक बनाया है, बल्कि इसमें समावेशिता और व्यक्तिगत अनुकूलन की संभावनाएँ भी उत्पन्न की हैं। हालांकि, इसके समक्ष डिजिटल असमानता, तकनीकी अक्षमता, और सामाजिक–सांस्कृतिक दूरी जैसी चुनौतियाँ भी विद्यमान हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए केवल तकनीकी समाधान पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समग्र और मानव–केन्द्रित दृष्टिकोण की आवश्यकता है। भविष्य में हाइब्रिड शिक्षण मॉडल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और स्थानीय भाषा में डिजिटल कंटेन्ट के विकास से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि शिक्षा सभी तक समान रूप से पहुँचे। इस दिशा में सरकार, शिक्षकों, तकनीकी विशेषज्ञों और समाज के संयुक्त प्रयासों से ही एक समावेशी, गुणवत्तापूर्ण और सतत डिजिटल शिक्षा प्रणाली की स्थापना संभव है. जो भारत को ज्ञान आधारित समाज की ओर अग्रसर कर सकेगी।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय. (2020). राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, नई दिल्ली : भारत सरकार प्रकाशन।
2. UNESCO - (2021) - Digital Learning and Education in the Time of COVID-19, Paris : United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization,
3. Ministry of Education, Government of India- (2021) - PM EVIDYA Programme Overview, Retrieved from https://www-education-gov-in.
4. KPMG & Google India - (2017) - Online Education in India : 2021- Mumbai : KPMG India.
5. Mishra, L., Gupta, T., & Shree, A - (2020) - Online teaching & learning in higher education during lockdown period of COVID-19, pandemic- International Journal of Educational Research Open, 1, 100012.
6. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI). (2023), भारत में इन्टरनेट उपभोक्ताओं की रिपोर्ट. नई दिल्ली।

शोध-पत्र लेखकों को विशेष निर्देश

'दि गुंजन' और **'अभिनव गवेषणा'** मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल में पेपर प्रकाशित कराने के लिए पाँच प्रमुख बातों का होना बहुत ही आवश्यक है–

(1) रिसर्च जर्नल पत्रिका के क्रमानुसार चार पेज से कम नहीं होना चाहिए।
(2) रिसर्च जर्नल में कम से कम आठ सन्दर्भ ग्रन्थ सूची **(References)** का होना आवश्यक है।
(3) रिसर्च जर्नल में लेखक का नाम, पद, कालेज का पता, ऊपर अंकित होना चाहिए।
(4) नवीनतम एक पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं ई-मेल एड्रेस।
(5) रिसर्च जर्नल में प्रमाण-पत्र हेतु आपके निवास का पता अंकित होना जरूरी है।

यह आप सभी के स्नेह का ही परिणाम है कि आपके प्रबुद्ध विचारों को **'दि गुंजन' और 'अभिनव गवेषणा' मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल** के माध्यम से अपने पाठकों तक पहुँचाने का सुअवसर मिल रहा है। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय अथवा मोबाइल पर सम्पर्क करें।

- प्रबन्ध सम्पादक

सम्पर्क- 8896244776

ISSN : 2349-9273

Received: 26 April, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

स्वराज्य पार्टी में पंडित गोविन्द वल्लभ पंत जी का योगदान

– राकेश कुमार वर्मा
असिस्टेन्ट प्रोफेसर–
इतिहास विभाग,
महराजा मूलसिंह डिग्री कालेज,
लखौरी, बूँदी– (राजस्थान)

ई–मेलः
rkvermakarwar@gmail.com

भरतीय इतिहास के धरातल का अवलोकन करने से यह विदित हाता है कि इसे द्विविध राज सत्ताओं की परतन्त्रता में भारतीय जनमानस को जीवन निर्वाह करना पड़ा है। उन वैदेशिक सत्ताओं में प्रथम तथा मुस्लिम साम्राज्यवादी और द्वितीय आंगल शासकों का नाम अन्तर्भावित होता है। सामान्यतः, किसी राष्ट्र की राजनीति, अर्थनीति आदि का वहाँ के सामाजिक जीवन पर सम्यक प्रभाव परिलक्षित होता है।

परिणामस्वरूप अपने प्रतिकूल वातावरण व व्यवस्था के प्रति देश के तत्कालीन विचारकों में तीन प्रकार के दृष्टिकोण पल्लवित हाते हैं प्रथम उदारवादी द्वितीय उग्रवादी तृतीय क्रान्तिकारी। प्रथम व उदारवादी दृष्टिकोण परिवर्तनशील समाज में सम्पूर्ण सफलता का द्योतक नही माना जा सकता। अस्तु ''शठे शाठयम् समाचरेत'' अर्थात दुष्ट के साथ दुष्टता का व्यवहार करना चाहिये। कथानुसार तत्कालीन भारत में क्रान्तिकारी राष्ट्रीय विचारधारा को प्रबल समर्थन प्रचार–प्रसार हुआ जिसमें सिद्धान्त व व्यवहार दोनों ही दृष्टियों से तत्कालीन महापुरुषों ने तन–मन–धन से राष्ट्र के प्रति अपने आपको समर्पित किया।

सी. आर. दास और पंडित मोतीलाल नेहरू के नेतृत्व में स्वराज्य पार्टी की स्थापना हुई स्वराज्य पार्टी भारत के लिये औपनिवेशिक स्वतन्त्रता चाहती थी परिषद को माध्यम बनाकर शासन का उपयोग करते हुये, अन्दर से स्वराज की लड़ाई लड़ी जाय वे देश में कृषकों, मजदूरों तथा शोषित वर्गों में स्वराज के प्रति जागृत उत्पन्न करना चाहते थे।

सन् 1920 के निर्वाचन के पश्चात प्रथम प्रान्तीय व्यवस्थापिका परिषद का गठन हुआ। स्वराज पार्टी के इलाहाबाद अधिवेशन में पंत जी उपस्थित थे, पं. मोतीलाल नेहरू का भाषण शान्तिपूर्वक सुन रहे थे। अन्त में पंत जी ने भाषण देना प्रारम्भ किया, उनका भाषण इतना गम्भीर एवं तथ्य पूर्ण था कि पं. मोतीलाल नेहरू उनका भाषण सुनकर प्रसन्न हो गये और अपनी बगल में बैठे साथी से मुँह फेर कर बोले कि पंत जी ने एक अभूतपूर्व प्रतिभा कायम है।

''पंथ जी से मुझे ऐसी ही आशा थी''[1]

अपने सभी प्रौढ़ साथियों, सहयागियों की बैठक में

मोतीलाल जी ने घोषित कर दिया कि ''सदन में स्वराज्य पाटी के नेता के लिए हमें जिस व्यक्ति की तालश थी वह मिल गया वह यह विशेष भूमिका निभा सकता है और प्रत्येक चुनौती का सामना सफलतापूर्वक कर सकता है।[2]

1923 ई. में प्रान्तीय परिषद का चुनाव होना था, पंडित मोतीलाल नेहरू चयन के लिये नैनीताल गये। 20 जुलाई को अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन इण्डियन क्लब के तत्वाधान में नैनीताल से पंडित गोविन्द वल्लभ पंत, अल्मोड़ा से पंडित हर गोविन्द पंत और गढ़वाल से बाबू मुकुन्दी लाल को पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया, सभी उम्मीदवार भारी बहुमत से चुनाव में विजयी हुये।

8 जनवरी, 1924 का वह ऐतिहासिक दिन था, कौंसिल का प्रथम अधिवेशन जिस दिन पं. गोविन्द वल्लभ पंत ने विधान परिषद में प्रवेश किया। 8 जनवरी, 1924 को ही परिषद का पहला अधिवेशन लखनऊ में प्रारम्भ हुआ आपको अपनी योग्यता दिखाने का अवसर मिला, जिससे पंडित मोतीलाल नेहरू बहुत अधिक प्रभावित हुये, आपने इस दायित्व का निर्वाह 6 वर्षों तक किया। प्रान्तीय व्यवस्थापिका परिशद में आपने वेश्यावृत्ति की समस्या, सड़क एवं वन समस्या (बागेश्वर काण्ड), मजदूरों की समस्या, भारतीयों की उपेक्षा, प्राथमिक एवं व्यवसायिक शिक्षा, सफाई, कृषि एवं कुटीर उद्योग धन्धों आदि समस्याओं में प्रश्न पूँछ कर सरकार का ध्यान देश तथा कुमायूँ की समस्याओं की ओर आकृष्ट किया।[3]

30 जनवरी, 1924 ई. को परिषद में बोलते हुये पत जी ने कहा– ''कुमायूँवासियों की कातर स्थिति जागृत हो उठी जो लम्बे समय से कठोर वन वीथियों से उत्पीड़ित क्षेत्र में एक कारुणिक जीवन की व्यथा का सामना कर रहे थे। वन–वीथियें के मारक प्रभाव से आहत होने के अलावा उन्हें ''कुली उतार प्रथा'' का अपमान भी उस समय सहना पड़ रहा था। परिषद के माध्यम से वन वीथियों की कठोरता और कुली उतार व्यवस्थाओं की श्रृंखलाओं को चकनाचूर कर दिया, द्वैध शासन की समाप्ति सकारात्मक शासन की स्थापना जमींदारों द्वारा परिषद में अतिरिक्त प्रतिनिधित्व की माँग, विभागीय समितियों की संख्या में वृद्धि, स्थानीय संस्थाओं में श्रमिको के प्रतिनिधित्व की मांग, स्वराज दल की नीतियों संयुक्त प्रान्त की परिषद में जोरदार तारीकों से प्रस्तुत किया।[4]

पर्वतीय क्षेत्र में नायक जाति में वेश्यावृत्ति प्राचीन काल से प्रचलित थी, इस कुप्रथा को कानूनी रूप से पंत जी समाप्त कराना चाहते थे। व्यवस्थापिका परिषद में इस कुप्रथा का अन्त न होने पर कटु आलोचना करते हुये अपने महत्वपूर्ण भाषण में कहा– ''यह वास्तव में एक विचित्र बात है कि इस प्रकार की अनैतिक प्रथायें धर्म अथवा किसी चीज के नाम पर चलती रहीं और सरकार इतनी देर तक सोती रही, भारतीय सभ्य समाज में यह स्थिति बर्दाश्त नहीं की जा सकती।''[5] पंत जी ने सरकार को सुझाव दिया कि नवयुवकों को पथ विचलित मार्ग से बचाने का प्रयास करना चाहिए उन्होंने कहा कि ''नायक समुदाय की बालिकाओं को सुयोग्य वर व्यवस्था करके इस कुप्रथा का अन्त करना चाहिये ताकि एक स्वस्थ और आनन्दमय वातावरण उत्पन्न हो सके''।[6]

वैश्यावृत्ति समस्या के अतिरिक्त ''बागेश्वर काण्ड'' (सड़क या वन समस्या) एक विकराल समस्या थी। इस समस्या के सम्बन्ध में सरकार से प्रश्न पूँछकर इस समस्या के प्रति सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। 1921 के भयंकर अग्नि कांड में अनेकों निर्दोष व्यक्तियों को दोषी मानकर सरकार ने उन्हें कारावास में बन्द कर दिया था। जब कि अभी तक इन पर किसी प्रकार का अपराध सिद्ध नहीं हो सका था।[7]

29 मार्च को परिषद में पुलिस बजट पेश किया गया, पंत जी ने यह प्रस्ताव रखा कि तीन इंस्पेक्टर जनरलों की संख्या को घटाकर 2 दो कर दी जाय, अन्त में सरकार को यह प्रस्ताव स्वीकार करना पड़ा। पंत जी ने कुमायूँ में एक औद्योगिक स्कूल खोलने का प्रस्ताव रखा तथा गृह विभाग की मागों पर एक प्रतिशत की कटौती का प्रस्ताव रखकर जेलों की अव्यवस्था की निंदा की।[8]

मिस्टर माइकल केन के अध्यक्ष पद से रिटायर होने के पश्चात राय बहादुर सीतारमा अध्यक्ष मनोनीत किये गये, जिन्हें बाद में ''सर'' की उपाधि दी गयी। स्वयं सर सीताराम ने उन दिनों पंत जी के कार्य संचालन की प्रशंसा करते हुये कहा था– ''पंत जी ने स्वराज पार्टी को एक सुदृढ़ विरोधी पार्टी के रूप में स्थापित करने का सफल प्रयास किया, उन्हें परिषद के सभी पक्षों का आदर प्राप्त था। उन्हें तथ्यों और आंकड़ों को प्रस्तुत करने की कला आती थी, उनकी तर्कबुद्धि और वाक्चातुर्य उनके व्यक्तित्व को और प्रभावशाली बना देते थे।[9]

मार्च, 1926 ई. में बजट पर चर्चा के पूर्व पंत जी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आदेशानुार स्वराज्य पार्टी की ओर से एक संक्षिप्त वक्तव्य दिया। उन्होंने सरकार की तत्कालीन नीति का जमकर विरोध किया पंत जी ने कहा– ''मेरे अनुभव ने मुझे यह बता दिया है कि सरकार जनमत की उत्तरोत्तर उपेक्षा करती जा रही है, सरकार ने जो भी वायदे किये थे या प्रस्ताव रखे थे वह उनका मनमाने ढंग से उल्लंघन कर रही है।''[10]

ब्रिट्रिश शासन का उद्योग के प्रमुख केन्द्रीय करण तीन स्थानों– बम्बई, अहमदाबाद और कानपुर थे। यह केन्द्र कच्चे माल के उत्पादन केन्द्रों से आवागमन के साधनों से तथा श्रमिकों की उपलब्धता से सुविधापूर्वक जुड़े रहे। कानपुर संयुक्त प्रान्त का एक औद्योगिक नगर था। वहाँ श्रमिकों की समस्यायें अत्यन्त जटिल थीं। पंत जी ने श्रमिकों के सामाजिक स्तर पर न्याय के प्रश्न पर सदन में वाद विवाद किया। प्रान्तीय व्यवस्थापिका परिषद में बहस में भाग लेते हुये पंत जी ने कहा– ''औद्योगिकी करण के साथ शहर तथा कस्बों में कुछ विशिष्ट समस्यायें पैदा होती हैं, कुछ अधिनियम ऐसे होते हैं जो केवल कारखाना मजदूरों पर लागू होते हैं, जो लोग कारखाना क्षेत्रों की समस्याओं को भली प्रकार परिचित हैं, वे इस समस्या को भली प्रकार समझ सकते हैं।''[11]

पंडित गोविन्द वल्लभ पंत व्यवसायिक शिक्षा को शिक्षा का अभिन्न अंग मानते थे 26 जनवरी, 1925 में विधान परिषद के महत्वपूर्ण प्रस्ताव में सरकार को यह सुझाव दिया– ''यह परिषद तकनीकी शिक्षा को सभी विद्यालयों की शिक्षा का अनिवार्य अंग मानती है। क्या सरकार यह मानने को तैयार नहीं है कि इन स्कूलों या विद्यालयों में तकनीकी शिक्षाको आवश्यक अंग होना चाहिये?''[12]

पंत जी ने विधान परिषद में मजदूरों की माँग का मामला उठाया। मजदूर सभा में एक जलपान गृह के लिये भूस्थल की मांग और पुस्तकालय के श्रमिक अनुदान की मांग कर रहे थे। पंत जी ने कहा– ''कानपुर जैसे विशाल शहर की जनसंख्या लाखों में है, जिसमें 50,000 लोग मजदूर वर्ग के लोग विविधि प्रकार से नगर पालिका के कोष में अंशदान करते हैं।''[13]

पंत जी ने कहा– ''यह निर्जीव सरकारी ढाँचा बल प्रयोग के अतिरिक्त किसी प्रकार से झुकना नहीं चाहता। उस अपेक्षित शक्ति को हम जनता के सहयेाग से प्राप्त करना चाहते हैं। इन शब्दों के साथ हम स्वराज्य पार्टी के सभी सदय परिषद का परित्याग करते हैं।[14]

नवम्बर 1929 ई. में पुनः प्रान्तीय परिषद के चुनाव हुये स्वराज्य पार्टी के उम्मीदवार के रूप में

पंत जी पुनः मैदान में आये। पंत जी को 5826 मत मिले जब कि उनके विरोधी रघुनन्दन प्रसाद जी को 743 मत प्राप्त हुये। चुनाओं का परिणाम घोषित होने पर पंत जी ने एक विज्ञप्ति प्रकाशित की जो इस प्रकार है–

''परिषद के चुनाव का नतीजा अन्तिम सप्ताह में प्रकाशित हो चुका है। आपकी कृपा और प्रेम का यह प्रभाव है कि करीब–करीब सम्पूर्ण जिले की जनता ने मुझे वोट देकर आगामी तीन साल तक पुनः इस प्रान्त की सेवा करने का अवसरदिया है। ..... मैं आपको सविनय हृदय से धन्यवाद देता हूँ और इस कृपा और अनुग्रह के लिए सदैव आपका आभारी रहूँगा।[15]

पंत जी के प्रयत्नों से प्रान्तीय कांग्रेस का 20वाँ अधिवेशन दिसम्बर महीने में काशीपुर में हुआ उनके नेतृत्व में वहाँ के कांग्रेसी नेताओं ने अपनी सक्रियता से प्रान्तीय राजनीत में अपना स्थान बना लिया था।

भारतीय कांग्रेस का अधिवेशन दिसम्बर के महीने में मद्रास में हुआ। पंत जी ने इस अधिवेशन में भाग लिया। इस अधिवेशन में ही पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भारत के लिये ''पूर्ण स्वराज्य प्राप्ति का लक्ष्य'' सम्बन्धी प्रस्ताव रखा जो पास हो गया।''[16] दूसरा महत्वपूर्ण प्रस्ताव साइमन कमीशन बहिष्कार के विरुद्ध था। यह एक अत्यन्त विस्तृत संकल्प था, जिसमें कमीशन के बहिष्कार और उसके विरुद्ध प्रदर्शनों की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत की गयी। प्रस्ताव के चर्चा के समय कार्य समिति तथा खुले अधिवेशन में पंत जी ने भाग लेते हुये विस्तृत भाषण दिया, जब वह बोलने के लिए खड़े हुये तो अधिवेशन के महासचिव ने उनका परिचय कुछ इस प्रकार दिया– ''आप संयुक्त प्रान्तीय विधानपरिषद में स्वराज्य पार्टी के नेता तथा संयुक्त प्रान्तीय कांग्रेस में अध्यक्ष हैं। उपस्थित श्रोताओं ने तालियों के गड़गड़ाहट से पंत जी का स्वागत किया।''[17]

अन्त में सन् 1923 से 1926 तक प्रान्तीय विधान परिषद में स्वराज्य पार्टी का बोलबाला रहा और आपका नेतृत्व द्वारा, प्राथमिक और व्यवसायिक शिक्षा, अनिवार्य निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कुटीर उद्योग धन्धे, मद्य निषेध, भारतीयों की उपेक्षा, अकाल समस्या वेश्यावृत्ति, जंगलात् समस्या आदि आदि प्रश्नों का परिषद के समक्षवाद विवाद एवं सुझाावों के द्वारा समाधान करने का अथक प्रयास किया।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. हिमांशु जोशी – भारत रत्न पंडित गोविन्द वल्लभ पंत – पृष्ठ संख्या– 69।
2. हिमांशु जोशी – भारत रत्न पंडित गोविन्द वल्लभ पंत – पृष्ठ संख्या– 72।
3. पंडित गोविन्द वल्लभ पंत – दीक्षित चन्द्रोदय – सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग प्रतिमा प्रेस उत्तर प्रदेश लखनऊ 1987– पृष्ठ संख्या– 7।
4. उत्तर प्रदेश व्यवस्थापिका सभा में पंत जी का भाषण 11 जनवरी, 1924 ई.।
5. उत्तर प्रदेश व्यवस्थापिका सभा में पंत जी का भा,ाण 31 अक्टूबर, 1927 ई.।
6. उत्तर प्रदेश व्यवस्थापिका सभा में पंत जी का भाषण 11 जनवरी, 1924 ई.।
7. शाह शम्भू प्रसाद – पंडित गोविन्द वल्लभ पंत – एक जीवनी – राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली–1972 पृष्ठ संख्या–100।
8. उत्तर प्रदेश व्यवस्थापिका सभा में पंत जी का भाषण एक अंश 29 मार्च, 1923 ई.।
9. ले. श्याम सुन्दर सावित्री श्याम – पोलिटिकल लाइफ आफ गोविन्द वल्लभ पंत, पृष्ठ संख्या77–78।
10. उत्तर प्रदेश व्यवस्थापिका सभा में पंत जी का भाषण एक अंश मार्च, 1926।
11. उत्तर प्रदेश व्यवस्थापिका सभा में पंत जी का भाषण एक अंश 26 जनवरी, 1925 ई.।
12. – तदैव –
13. पंडित गोविन्द वल्लभ पंत – दीक्षित चन्द्रोदय – सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, प्रतिमा प्रेस, उत्तर प्रदेश, लखनऊ पृष्ठ संख्या– 7।
14. ''शक्ति'' सप्ताहिक, 10 दिसम्बर, 1926, अंक – 13 पृष्ठ संख्या–1।
15. ले. श्याम सुन्दर सावित्री श्याम – पोलिटिकल लाइफ आफ गोविन्द वल्लभ पंत, पृष्ठ संख्या–150–151।
16. पंडित गोविन्द वल्लभपन्त – दीक्षित चन्द्रोदय – सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, प्रतिमा प्रेस, उ.प्र. लखनऊ, 1987ए पृष्ठ संख्या–8। ◈◈

ISSN : 2349-9273

Received: 30 April, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

समकालीन हिन्दी कवयित्रियों की कविता : व्यष्टि–समष्टि की यात्रा

– प्रो. (डॉ.) दीपिका कटियार
प्रोफेसर–हिन्दी विभाग,
रामसहाय राजकीय महाविद्यालय,
शिवराजपुर, कानपुर–
(उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
katiyardipika@gmail.com

सारांश

वृद्धजनों के हाथों से छिनता अधिकार, उपेक्षा, प्रताड़ना और अपमान का शिकार होती पिछली पीढ़ी, बलात सत्ता हस्तान्तरण करती नई पीढ़ी के प्रति आक्रोश व्यक्त करती सुबोध चतुर्वेदी की कविता 'सत्ता परिवर्तन', 'कुछ भी पता नहीं चलता/सत्ता कैसे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में/हो जाती है। इस प्रकार व्यष्टि की लघु परिधि से प्रारम्भ हुई अधिकांश समकालीन कवयित्रियों की कविता–यात्रा समष्टि की विस्तृत परिधि तक जा पहुंची है, जहां निजी सुख–दुख ही नहीं, समाज और राष्ट्र के उन विद्रूप चित्रों को भी उकेरा गया है, जिनमें सुव्यवस्था, सुशासन और मानवीय संवेदना के रंग–बिरंगे चटख रंग भरने की पुरजोर कोशिश और तड़प है। इयत्ता बोध, प्रेम, मानवीय सम्बन्ध, प्राकृतिक सौन्दर्य, जीवन के प्रति आस्था ईमानदारी से अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति करती हुई क्रमशः व्यष्टि से समष्टि की ओर चली यात्रा है, जिसमें अपने साथ जगत के सुखे–दुख संजोए हैं।

प्रत्येक युग अपने युग में समकालीन रहता है, क्योंकि हर युग में नई–नई समस्याओं का जन्म होता रहा है। आज सामाजिक सम्बन्धों और मूल्यों में तीव्र परिवर्तन आया है। समकालीन ''कठिन समय में जब समय से स्थान, देह से मन, समष्टि से व्यष्टि विच्छिन्न हो चला है, उनकी आपसी पकड़ छूट गयी है और 'आकाश की धरती से बन्द है बातचीत' कविता चाहती है संवाद–आत्मा का आत्मा से, प्रिय का प्रिय से, कटु का मधु से, कल्पना का यथार्थ से, शिल्प का कथ्य से, इन्द्रियों का इन्द्रियों से, सुख का दुख से, रूप का अरूप से, भाव का रस से, अतीत का वर्तमान से, परम्परा का प्रयोग से, मनुष्य का मनुष्य से।''[1]

समकालीन कविता में सबसे संवाद की आकांक्षा है। यद्यपि समकालीन कवयित्रियों पर वैयक्तिक अनुभूतियों तक केन्द्रित रहने का आरोप लगता है किन्तु यह अब किंचित सत्य ही है। अब इनकी स्व–परिधि का विस्तार हुआ है, समाज और राष्ट्र के दुःख भी इन्हें व्यापते हैं। ''हिन्दी कविता के समकालीन परिदृश्य में अनामिका, गगन गिल, तेजी ग्रोवर, कात्यायनी, निर्मला गर्ग आदि की कविताएं नारी जीवन की विविध नई संवेदनाओं से जुड़ी हैं।'' स्नेहमयी चौधरी, कीर्ति चौधरी, प्रेमलता वर्मा, शकुन्त माथुर, सुमन राजे, क्षमा कौल, सविता सिंह, अनीता वर्मा, मधु शर्मा ने नारी जीवन के साथ ही विविध संवेदनाओं से जुड़ी कविताएं लिखी हैं। समकालीन कवयित्रियां अपनी अस्मिता और स्वतन्त्रता को लेकर सजग है। वस्तुतः ''स्वतंत्रता और अस्मिता की जरूरत को यदि मुख्य माना जाएगा तो

स्वतंत्रता की पहली अनिवार्यता होगी आत्म–सम्पन्नता और दायित्व बोध, स्वतन्त्रता जीवन में मिले या पन्नों पर उसका एहसास जगाया जाए..... इसका एक यही अर्थ निकलता है, आत्म सम्पन्न व्यक्ति अपना अधिकार स्वयं कमा लेता है और दायित्व के प्रति सजग है।[3] ''विचारशील प्राणी किसी प्रकार की दासता को सहन नहीं कर सकते, चाहे वह विचारों की हो या परम्परा की।''

दूसरे काव्य सप्तक की कवयित्री शकुन्त माथुर स्वयं ही अपनी कविताओं को अपने पति गिरजा कुमार माथुर की अपेक्षा कमतर आंकती है और अपने रचना संसार को सीमित मानती हैं– ''जब भी मैं कविता लिखती, इनकी कोई न कोई रचना सामने आकर खड़ी हो जाती है और मेरी कविता शर्मिन्दा हो जाती।''[4] निजी जीवन से लेकर सार्वजनिक जीवन के चित्र इनकी कविताओं में मिलते हैं। सम्पन्न और विपन्न वर्ग के सुख–दुख तक इनकी दृष्टि फैली है– ''गर्मी की दोपहरी में/.... एक ग्रामीण धरे कन्धे पर लाठी/सुख–दुख की मोटी सी गठरी/लिये पीठ पर..... बड़े घरों के श्वान पालतू/बाथरूम में पानी की हल्की ठण्डक में/नैन मूंद कर लेट गये थे।''[5] सम्पन्न वर्ग की निर्धन के प्रति हेय दृष्टि क्षोभ उपजाती है– ''रेल के डिब्बे में/छोटे में छोटा/बड़े में बड़ा है। मानवों में भेद/.... छोटे से कहता/गेट डाउन डैम''[6] 'चांदनी चूनर' तथा अभी और कुछ'' उनके चर्चित काव्य संग्रह हैं, पर अनुभव संसार सीमित बन पड़ा है।

कीर्ति चौधरी साहित्यिक परिवेश में पली–बढ़ी कवयित्री हैं'' तीसरा सप्तक' उनकी काव्य यात्रा का प्रस्थान बिन्दु है, जो लघु–वय की रोमांटिक कविताओं से अधिक सम्बन्धित है। कथन भंगिमा में सपाट बयानी है, तथापि प्रकृति उन्हें बेहद आकर्षित करती है। तीसरे सप्तक में 'बदली का दिन' 'बरसते हैं मेघ झर–झर', 'एक सांझ', 'कम्पनी बाग', 'कुहू', 'पंख फैलाये' कविताएं इसका प्रमाण है। निजी सुख–दुख भी प्रकृति के उपमानों के माध्यम से व्यक्त किये हैं– यह कैसा वक्त है/कि किसी को कड़ी बात कहो/तो भी वह बुरा नहीं मानता..... खूब खिले हुए फूल को देखकर/अचानक खुश हो जाना/.... सब भूल गये/ यह कैसी लाचारी है/कि हमने अपनी सहजता ही/एकदम बिसारी है। 'खुले आसमान के नीचे' कविता संग्रह में तीसरा सप्तक की भी कविताएं संकलित हैं।

वादों के घेरे में न बंधकर प्रखरता से अपनी बात बेवाकी से कहने के लिये प्रतिबद्ध दिखती रमा सिंह 'स्त्री' होने की सहानुभूति और सुविधाओं की आकांक्षी नहीं रहीं। 'समुद्रफेन' कविता संग्रह में व्यंग्य के चुटीलेपन के साथ भावाभिव्यक्ति है। पैनी दृष्टि की परिधि में छोटी–छोटी बातें भी विस्तार पाई हैं।

'चौथा तार सप्तक' की चर्चित कवयित्री डा. सुमन राजे कविता रचना की आकुलता को रेखांकित करती लिखती हैं– ''जो जीवन हमें जीने के लिये मिला है, उसकी अनिवार्य नियति है– निरन्तर चुभती हुई जूते की कील। हर कदम उस जूते को और जर्जर करता है और जख्म को गहराता जाता है, लेकिन चलना ही तो हमारा अस्तित्व है। पैरों और पैरों में कोई भेद नहीं होता इसीलिये सबके जख्म भी एक जैसे होते हैं। उन जख्मों के आस–पास पकती और फूटती रहती है कविता।[8] डा. सुमन राजे की यह कविता यात्रा जीवन–जगत के अनगिनत पड़ावों को पैनी दृष्टि से निहारती हुई संवेदना के तारों को हस्तगत किये हुए सम्पन्न हुई है, और सफलता पूर्वक यश–शिकार तक पहुंची है। 'चौथा तार सप्तक' के अतिरिक्त 'सपना और लाशघर', में कोमल अनुभूतियां सशक्त रूप से व्यक्त हुई हैं। ''अक्सर मैं एक सपना देखती हूँ/.... मेरी बीमार चेतना/..... एक कोठरी में बंद है एक बेकफन लाश/.... कुछ लाशें हैं मेरी कुआंरी साधनाओं की/....[9] 'उगे हुए हाथों के जंगल' में महानगरीय जीवन के श्वेत–स्याह पक्ष उद्घाटित हुए हैं। 'यात्रा दंश' में जीवन यात्रा के तिक्त अनुभव है। संस्कृति की विरूपता से आक्रोशित है– ''अब आजाद हैं सारे पुरूष/जुलूसों में करने के लिये भड़ैती/और आजाद हैं सारी औरतें/सड़कों पर करने के लिये नकटौरे।''[10]

'एरका' महाभारतकालीन पात्रों चारवाक् शिखंडी, बर्बरीक बाल खिल्यादि पर केन्द्रित महाकाव्यात्मक प्रभाव वाली रचना है जिसमें गहरी करुणा है। युद्ध की विभीषिका के प्रति गहरी व्यथा है– ''औरतें चीखती रही/घसीटी जाती रहीं/चिथड़ों में लिथड़ती/पुकारती हुई उन नामों को/जो कभी थे/तुम्हारे।''[11] 'इक्कीसवीं सदी का गीत' अभावग्रस्त बच्चों का गीत है, जिनका बचपन कहीं खो गया है, ''मैने देखा/पहुंच गया हूँ मैं इक्कीसवीं सदी में/... मैंने देखा/चूल्हा–जल रहा है/खाना पक रहा है/... मैंने नई स्कूल ड्रेस/पहन रखी हैं।[12] सुमन राजे का अन्तिम कविता

संकलन 'युद्ध' है। जिसमें अव्यवस्था के प्रति विद्रोह है, और आवाज उठाने की प्रतीक बनी चिड़िया स्वयं कवयित्री ही है।

गगन गिल लगभग तीन दशकों से हिन्दी कविता में चर्चित नाम है। गगन गिल की कविताओं ने आधुनिक हिन्दी कविता को अभिव्यक्ति का नया तेवर दिया है। 'एक दिन लौटेगी लड़की', 'अंधेरे में बुद्ध', 'यह आकांक्षा समय नहीं' और 'थपक–थपक दिल थपक–थपक' में केन्द्रीय सरोकार मानवीय स्थिति का दुख रहा है। गगन गिल प्रेम को ससम्मान कविता में वापस लाने के लिये भी जानी जाती है। कहीं–कहीं पर इन प्रेम–सम्बन्धों में हल्कापन भी दृष्टिगत होता है, पर ऐसा सर्वत्र नहीं है। 'आधे रास्ते तुम चलते हो' कविता में सहयात्री के प्रति उनकी प्रतिक्रिया कुछ इस प्रकार है– ''आधे रास्ते तुम चलते हो/उसके संग/फिर लौटा ले जाता है/ईश्वर बेचैन/.... आधी काया रहती है/चिमटी संग तुम्हारे/लौट आता है आधा शव/घर अपने।'' 'जोगी जी ये जियड़ा' कविताः अतृप्त इच्छा की छटपटाहट व्यक्त करने के साथ, इच्छापूर्ति की संभावना के प्रति आशान्वित है, यह सकारात्मकता जीने की तमन्ना बनाये हुए है– ''जोगी जी/ये जियड़ा हर पल भटके/ये जियड़ा ले/वन–न डोली/ले गयी बीच पहाड़/... बीत बात/आस नहीं बीती।...[14]

''वर्तिका नंदा कवयित्री के साथ मीडिया यात्री भी हैं। अनेक विचारोत्तेजक विषयों पर लिखी गयी उनकी टिप्पणियों ने नये मुद्दे उठायें हैं।'' विपरीत परिस्थितियों से संघर्ष कर विजयी होती लड़कियां और उन लड़कियों को संघर्षपूर्ण स्थितियों में ठेलने वालों के प्रति गहरा आक्रोश उनके मन में व्याप्त है, जो कविता में मुखरित हुआ है– ''ये लड़किया बढ़ी आगे चली जाती हैं/.... ये खिलती ही तब हैं/जब जमाना इन्हें कूड़ेदान के पास फेंक आता है।''[15] स्त्री के दुखों की आन्तरिक एकता को उद्घाटित करती उनकी 'बहूरानी' कविता वस्तुतः व्यष्टि से समष्टि की ओर प्रस्थान करती है– ''बड़े घर की बहू को कार से उतरते देखा/और फिर देखी अपनी/पांव की बिवाइयां/फटी जुराब से ढकी हुई/एक बात तो मिलती थी फिर भी उन दोनों में/दोनों की आँखों के पोर गीले थे।''[16]

निर्मला गर्ग लगभग तीन दशकों से कविता क्षेत्र में चर्चित हैं उनके कविता संग्रह 'यह हरा बगीचा', 'कबाड़ी का तराजू' स्त्री जीवन के विविध रूपों को आकार देते हैं। मनःस्थिति बदलने पर वातावरण भी बदला हुआ लगता है। 'उदास दिन' कविता इसी मनोवैज्ञानिक सत्य से अवगत कराती है– ''उदास दिन हमसे क्या मांगते हैं कुछ पता नहीं चलता ।..... परिचितों से मिलने की इच्छा अक्सर नहीं होती।''[17] जबकि प्रसन्नचित्त होने पर 'सुबह' कविता उल्लास प्रकट करती है– 'कल सुबह साफ थी और ताजा/होती है जैसे नींबू की फाँक/''[18]

सुनीता जैन के कई काव्य संग्रह प्रकाशित हुए 'हो जाने दो मुक्त', 'कौन सा आकाश', 'एक और दिन', 'रंगरति', 'कितना जल', 'कहाँ मिलेगी कविता', 'सुनो मधुकिश्वर', 'कातर बेला', 'इस अकेले तार पर', 'सूत्रधार सोते हैं', 'सच कहती हूँ', 'लेकिन अब', 'मूंक करोति वाचालं', 'सीधी कलम सधे न', इन्होंने अपने को कविता आन्दोलन से दूर रखा है, किन्तु 'सुनीता जैन की कविताओं में आधुनिक बोध है, पर आधुनिकता को ढोने की प्रवृत्ति नहीं है।''[19] अकेलापन, रिक्तता बोध, माँ, बच्चों तथा अपनी अस्मिता बोध पर अधिकांश कविताएं ''मैं अब दिन को नहीं करती/दिन मुझको करता है।''[20] ''बच्चों के कुसबुसाते शरीर में/उनके टूटते मन क्या चाहते हैं। रविवार की प्रतीक्षा में पूरा सप्ताह बीत जाता है।'' पुरूष को चेतावनी देती हुई कविता– ''वही मेरा सबसे कहना है/उसे पूरे मौन में/तुम्हारे 'समूचे' होने को ही/उलांघ जाना है।''

'समकालीन कवयित्रियों में कुसुम अंसल की अपनी अलग पहचान है। दाम्पत्य जीवन, आपसी सम्बन्ध, रिश्ते नाते, प्यार–स्नेह तथा समाज से टकराव महिला लेखकों के परिचित विषय हैं।'' इनके काव्य संग्रह 'मौन के दो पल' (75) धुएं का सच, 'विरूपीकरण', 'मेरा होना', है। ''जीवन धुआं/और हुएं में जीवन/की पहेली सुलझाती हुई/पहुंच गयी हूँ उस बिंदू तक/जहां लगता है जीवन और मरण के बीच/सिर्फ चिंताएं है/ धूं–धू कर जलती हुई।''[21]

डॉ. सुदर्शन प्रियदर्शिनी की कविता जीवन में दुख के शिशिर से गायब होती हरियाली (प्रसन्नता) को रेखांकित करती है। 'हूक' कविता में गहरी वेदना है– 'रात के पिछले/पहर नही/जिन्दगी के/पिछले पहर/एक हूक/सी/उठती है..../कैसे झर/गये सारे/ तने टहनियां/ ठूठ भी न/बचा/शिशिर के बाद/ कहाँ लिपटें/तना टहनियां/ किसे लगाये/गले/और पहुंच

उस / पार / तुम से / गलबहियां डालने.... / [22]

वृद्धजनों के हाथों से छिनता अधिकार, उपेक्षा, प्रताड़ना और अपमान का शिकार होती पिछली पीढ़ी, बलात सत्ता हस्तान्तरण करती नई पीढ़ी के प्रति आक्रोश व्यक्त करती सुबोध चतुर्वेदी की कविता 'सत्ता परिवर्तन', 'कुछ भी पता नहीं चलता / सत्ता कैसे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में / हो जाती है / हस्तान्तरित / सब कुछ होता है गुपचुप इतना / कहीं भी नहीं छूटता है कोई प्रमाण / न सत्ता परिवर्तन का कोई दस्तावेज / धीरे–धीरे अगली पीढ़ी संभाल लेती है सारे दायित्व / चुक रही पीढ़ी के हिस्से आता है, घर का एक कोना।''[23]

इस प्रकार व्यष्टि की लघु परिधि से प्रारम्भ हुई अधिकांश समकालीन कवयित्रियों की कविता–यात्रा समष्टि की विस्तृत परिधि तक जा पहुंची है, जहां निजी सुख–दुख ही नहीं, समाज और राष्ट्र के उन विद्रूप चित्रों को भी उकेरा गया है, जिनमें सुव्यवस्था, सुशासन और मानवीय संवेदना के रंग–बिरंगे चटख रंग भरने की पुरजोर कोशिश और तड़प है। इयत्ता बोध, प्रेम, मानवीय सम्बन्ध, प्राकृतिक सौन्दर्य, जीवन के प्रति आस्था ईमानदारी से अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति करती हुई क्रमशः व्यष्टि से समष्टि की ओर चली यात्रा है, जिसमें अपने साथ जगत के सुखे–दुख संजोए हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. अनामिका, कविता क्या चाहती है, वागर्थ, मार्च 1998
2. रवीन्द्र नाथ मिश्र, इक्कीसवीं सदी की हिन्दी कविता, हिन्दी अनुशीलन पृष्ठ संख्या – 109, जून 2005।
3. राजी सेठ, स्त्री सृजन और अस्मिता बोध, हिन्दी अनुशीलन, पृष्ठ संख्या – 28–29, जून 2009।
4. शकुन्त माथुर, दूसरा सप्तक, पृष्ठ संख्या – 44।
5. शकुन्त माथुर, दूसरा सप्तक, पृष्ठ संख्या – 46–47।
6. शकुन्त माथुर, दूसरा सप्तक, पृष्ठ संख्या – 54–55।
7. कीर्ति चौधरी, तीसरा सप्तक, पृष्ठ संख्या – 70–71।
8. सुमन राजे, 'चौथा सप्तक', पृष्ठ संख्या – 185।
9. सुमन राजे, 'सपना और लाशघर' पृष्ठ संख्या – 15
10. सुमन राजे, 'यात्रा दंश', पृष्ठ संख्या – 28
11. सुमन राजे, 'एरका', पृष्ठ संख्या – 88
12. सुमन राजे, 'इक्कीसवीं सदी का गीत', पृष्ठ संख्या – 41
13. गगन गिल, विपासा पृष्ठ संख्या – 133, सितम्बर–फरवरी, 2003।
14. गगन गिल, विपासा पृष्ठ संख्या – 135, सितम्बर – फरवरी 2003।
15. वर्तिका नंदा–तद्भव, पृष्ठ संख्या – 132, जुलाई, 2009।
16. वर्तिका नंदा–तद्भव, पृष्ठ संख्या – 132, जुलाई, 2009।
17. निर्मला गर्ग, विपासा, पृष्ठ संख्या – 144, सितम्बर–फरवरी 2003।
18. निर्मला गर्ग, विपासा, पृष्ठ संख्या – 146, सितम्बर–फरवरी 2003।
19. गुरूचरण सिंह, समकालीन कविता के सरोकार, पृष्ठ संख्या – 137।
20. गुरूचरण सिंह, समकालीन कविता के सरोकार, पृष्ठ संख्या – 126।
21. कुसुम – 'धुएं का सच'।
22. सुदर्शन प्रियदर्शिनी, कथा क्रम, पृष्ठ संख्या – 83, जुलाई–सितम्बर, 2010।
23. सुबोध चतुर्वेदी, कथा क्रम, जुलाई–सितम्बर, 2010।

ISSN : 2349-9273

Received: 24 April, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

बौद्ध एवं जैन धर्म के मध्य अंतर्सम्बन्ध : एक तुलनात्मक अध्ययन

– डॉ. रामेन्द्र कुमार
सहायक अध्यापक –
सामाजिक विज्ञान,
राजकीय हाईस्कूल, नगलाखेड़ा,
एका फिरोजाबाद – 283152
(उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
rkkaithal89@gmail.com

सारांश

बौद्ध और जैन धर्म, भारतीय चिंतन की दो ऐसी धाराएँ हैं जिन्होंने मानवता, नैतिकता और आध्यात्मिकता का अप्रतिम दर्शन प्रस्तुत किया। इनके अन्तर्सम्बन्धों से यह स्पष्ट होता है कि भिन्न मार्गों से चलकर भी वे एक ही लक्ष्य 'मोक्ष' की ओर अग्रसर हैं। दोनों धर्मों ने न केवल धार्मिक जीवन को नए संदर्भ दिए, बल्कि सामाजिक संरचना, साहित्य, कला और संस्कृति को भी समृद्ध किया। आज के समय में जब मानवता संकट में है, इन धर्मों की अहिंसा, करुणा और समत्व की शिक्षा अत्यन्त प्रासंगिक है।

भूमिका–

भारतीय संस्कृति की विविधता में बौद्ध और जैन धर्म दो ऐसी धाराएँ हैं, जिनका उद्भव एक समान ऐतिहासिक संदर्भ में हुआ और जिन्होंने ब्राह्मणवादी व्यवस्था को चुनौती देते हुए समाज को एक नई वैचारिक दिशा प्रदान की। ये दोनों ही धर्म श्रमण परम्परा की उपज हैं, जिसने वैदिक यज्ञवादी, वर्णवादी परम्परा के विरोध में आचार, ध्यान, तप और अहिंसा को सर्वोच्च मूल्य के रूप में प्रस्तुत किया। यद्यपि इन दोनों धर्मों के संस्थापक पृथक थे और उनके दार्शनिक दृष्टिकोणों में भिन्नता है, फिर भी उनके बीच कई गहरे अन्तर्सम्बन्ध दृष्टिगोचर होते हैं।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि–

छठी शताब्दी ईसा पूर्व को भारत का दार्शनिक जागरण काल माना जाता है। इस काल में सामाजिक असमानता, कर्मकाण्ड, और यज्ञप्रधान ब्राह्मणवाद के विरुद्ध जन असंतोष व्याप्त था। इसी काल में गौतम बुद्ध (563–483 ई.पू.) तथा महावीर स्वामी (599–527 ई.पू.) ने अपने–अपने पथ पर चलकर समाज को मोक्ष के मार्ग की वैकल्पिक व्याख्या दी। इन दोनों धर्मों की उत्पत्ति विषयक ऐतिहासिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो जैन धर्म बौद्ध धर्म की अपेक्षा अधिक प्राचीन है, क्योंकि जैन धर्म के संस्थापक तीर्थंकर महावीर के पूर्व भी जैन परम्परा में 23 तीर्थंकर हुए हैं। जिनमें ऋषभदेव, नेमीनाथ, पार्श्वनाथ आदि तीर्थंकरों के पुष्ट प्रमाण भी मिलते हैं। बौद्ध धर्म सौत्रांतिक, वैभाषिक, माध्यमिक एवं योगाचार सम्प्रदायों में विभक्त होकर विकसित हुआ है। किन्तु बौद्ध दर्शन के विभिन्न सम्प्रदायों में तत्वमीमांसीय भेद जैन दर्शन के सम्प्रदायों में दिखाई नहीं देता है। जैन दर्शन के दोनों सम्प्रदाय वस्तु को द्रव पर्यात्मक स्वीकार करते हैं तथा उसका बाह्य आस्तित्व मानते हैं। जब कि बौद्ध दर्शन के विज्ञानवाद मत में वस्तु का बाह्य अस्तित्व ही मान्य नहीं है, वह विज्ञान को सत्य स्वीकार करता है। बौद्ध धर्म के सौत्रांतिक एवं वैभाषिकमत में बाह्य वस्तु का आस्तित्व तो स्वीकृत है, किन्तु वे

उसे क्षणिक मानते हैं। माध्यमिक मत में वस्तु प्रतीत्य समुत्पन्न होने से निः स्वभाव है। तथा सत्, असत् ,सदसत् एवं न सत् न असत् इन चारों कोटियों से विनिर्मुक्त है।

दार्शनिक अन्तर्सम्बन्ध–

(क) आत्मा एवं मोक्ष– बौद्ध धर्म में आत्मा का अस्तित्व नकारा गया है। इसे अनात्मवाद कहा जाता है। मोक्ष का तात्पर्य है निवाण। अर्थात इच्छाओं और क्लेशों की समाप्ति। जैन धर्म में आत्मा शाश्वत, स्वतंत्र एवं सर्वज्ञानी मानी जाती है। मोक्ष का अर्थ है आत्मा की शुद्ध अवस्था में स्थापना, जहाँ वह कर्म बंधन से मुक्त हो जाती है।

(ख) कर्म सिद्धान्त– बौद्ध दर्शन में कर्म एक मानसिक और नैतिक प्रक्रिया है, जो पुनर्जन्म को प्रभावित करती है। बौद्ध मत में ''चित्त'', ''वचन'' और ''काय''। तीनों के कर्म महत्व रखते हैं। जैन मत में कर्म सूक्ष्म भौतिक कण होते हैं, जो आत्मा पर चिपकते हैं। तप और संयम से इनका क्षय संभव है।

(ग) मध्यमार्ग एवं अति संयम– बुद्ध ने अति तप और इंद्रिय भोग। दोनों से बचने हेतु मध्यमार्ग का प्रतिपादन किया। जैन धर्म में कठोर तप, दीर्घ उपवास, और अहिंसा के चरम पालन की परम्परा है, जिसे महाव्रतों के पालन से समझा जा सकता है।

नैतिक शिक्षा एवं समाज सुधार–

दोनों धर्मों ने अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह जैसे नैतिक सिद्धान्तों को जीवन का मूल आधार बनाया। जातिप्रथा के विरुद्ध आवाज उठाई और स्त्रियों को आध्यात्मिक उन्नति का अधिकार दिया (यद्यपि कुछ सीमाएँ थीं)। भिक्षु जीवन, त्याग, और साधना। दोनों में ही जीवन का लक्ष्य माना गया।

भाषायी व साहित्यिक समानताएँ–

बौद्ध धर्म ने पाली भाषा को अपनाया, जो उस समय की जनभाषा थी। इसका उद्देश्य था कि धर्म का प्रचार जनसामान्य तक पहुँचे। जैन धर्म ने अर्धमागधी व प्राकृत भाषाओं में अपना साहित्य विकसित किया। दोनों ने संस्कृत की कठिनता से हटकर लोकभाषा को चुना और धर्म के लोकतंत्रीकरण की दिशा में योगदान दिया।

सांस्कृतिक और कलात्मक योगदान–

बौद्ध धर्म ने स्तूप, चौत्य, विहार जैसी वास्तुकला का विकास किया, जबकि जैन धर्म ने गुहा मंदिर, शिखरयुक्त मंदिर और मूर्तिकला को नया आयाम दिया। अजन्ता, एलोरा, नालन्दा और श्रवणबेलगोला। दोनों धर्मों के मिले–जुले प्रभाव के प्रमाण हैं। दोनों धर्मों ने तीर्थ यात्रा की परम्परा, संघ व्यवस्था, और सांस्कृतिक समरसता को प्रोत्साहित किया।

भौगोलिक प्रसार एवं प्रभाव–

बौद्ध धर्म ने भारत से बाहर श्रीलंका, चीन, जापान, तिब्बत, मंगोलिया आदि देशों में विस्तार पाया। इसका महायान एवं हीनयान दो प्रमुख सम्प्रदायों में विभाजन हुआ। जैन धर्म मुख्यतः भारत तक सीमित रहा, परन्तु गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक आदि क्षेत्रों में इसका गहरा प्रभाव रहा।

सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन –

महात्मा बुद्ध और महावीर स्वामी के उपदेशों पर ही दोनों धर्म आश्रित हैं, हालांकि दोनों महात्माओं ने कोई भी पुस्तक नहीं लिखी है। लेकिन उनके मौखिक उपदेशों का संग्रह उनके अनुयायियों ने किया है। बुद्ध के उपदेशों का संग्रह त्रिपिटक में है, जिन्हें बौद्ध धर्म का मूल एवं प्रमाणिक आधार कहा जाता है, जैन दर्शन का मूल और प्रमाणिक आधार आगम ग्रन्थ है। आगामों में तत्वार्मधिगम सूत्र जैनों का प्रमुख ग्रंथ है। जिसका आदर जैनों के दोनों सम्प्रदायों श्वेताम्बर और दिगम्बर पूर्ण रूप से करते हैं।

पूर्व में जैन धर्म और बौद्ध धर्म पर कई अध्ययन हुए हैं जो निम्नलिखित हैं –

अंतर्विरोध और भिन्नताएँ–

विषय	बौद्ध धर्म	जैन धर्म
आत्मा	अनात्मवाद	आत्मवाद
तप की प्रकृति	मध्यमार्ग	कठोर तप
मोक्ष का स्वरूप	निर्वाण – दुःख की निवृत्ति	आत्मा की शुद्धि अहिंसा महत्वपूर्ण, पर व्यवहारिक, चरम सीमा तक पालन
संघ व्यवस्था	संगठित, अनुशासित	विविध सम्प्रदाय, कम केन्द्रीकरण

श्री देवेन्द्र मुनिशास्त्री ने सन् 1981 में जैन बौद्ध और वैदिक साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन किया जो डॉ. सागरमल जैन द्वारा संपादित जैन साहित्य के विविध आयाम पुस्तक में छपा। शोध कर्ता के अनुसार जैन व बौद्ध परम्पराओं से अनेक प्रतिभा सम्पन्न ज्योतिर्धर आचार्य हुए जिन्होंने आगम साहित्य के एक एक विषय को लेकर विपुल साहित्य का सृजन किया। दोनों परम्पराओं का तुलनात्मक अध्ययन करने पर पाया कि दोनों ही परम्पराओं में विषय शब्दों, उक्तियों कथानकों की दृष्टि से अत्यधिक साम्य है। जहाँ तक आगम और त्रिपिटक साहित्य का प्रश्न है वहाँ तक दोनों ही परम्पराएँ जन साधारण की भाषा पाली और प्राकृत को अपनाती हैं। दोनों महात्माओं का मंतव्य है कि वेद की रचना का समय अज्ञात है। इसके विपरीत बौद्ध त्रिपिटक और जैन गणपिटक पौरुषेय हैं। ये निरंकार निरंजन ईश्वर द्वारा प्रणीत नहीं हैं, ओर इनकी रचना के समय का भी स्पष्ट ज्ञान है ।

रामशरण शर्मा ने यह विचार प्रतिपादित किया कि लोहे के हथियारों के प्रयोग से सैन्य सामग्री में क्रांति आ गई, जिस कारण से पुरोहितों की तुलना में योद्धाओं का महत्व बढ़ गया। अनेक ग्रन्थों में ब्राह्मण तथा क्षत्रियों के हितों के मध्य संघर्ष स्पष्ट है बुद्ध तथा महावीर की क्षत्रियोत्पत्ति की यह आंशिक रूप से व्याख्या करता है कि प्राचीन बौद्ध ग्रन्थ क्षत्रियों को पहला स्थान तथा ब्राह्मणों को दूसरा क्यों प्रदान करते हैं। करो के नियमित भुगतान द्वारा ही क्षत्रिय राजा सम्पोषित हो सकते हैं, बौद्ध कालीन अनेक ग्रन्थ इसी आधार पर कृषकों के उत्पाद में राज्य अंश को उचितठहराते हैं, की राजा लोगों को संरक्षण प्रदान करता है।

इसी क्रम में प्रो. जे. सी. पाण्डे ने बौद्ध धर्म के उद्‌भव सम्बन्धी विचार में कहा है कि ''कई पुराने लेखकों द्वारा यह विचार दिया गया है कि बौद्ध धर्म और जैन धर्म की उत्पत्ति ब्राह्मणों के धर्म के भीतर गैर कर्मकाण्डीय प्रवृत्ति के कारण हुई तथापि हमने यह प्रदर्शित करने की कोशिश की है कि वैदिक दायरे में कर्मकाण्ड विरोधी प्रवृत्ति अपने आप में भिक्खुवाद के कारण है, जिसमें से बौद्ध धर्म भी निकलता है यद्यपि यह वैदिक विचारों से काफी प्रभावित है। वेदवाद के विरोध एवं सुधार के रूप में बौद्धवाद की उत्पत्ति के सम्बन्ध में प्रचलित विचार बाद के वैदिक इतिहास कि भ्रामक समझ पर आधारित है जो ऐतिहासिक सुसंगता, इतिहास ज्ञान की अज्ञानता और वेदों से पूर्व किसी सभ्यता के नकारने के परिणाम स्वरूप प्रचलन में है।

शोध प्रविधि–

प्रस्तुत शोध पत्र वर्णनात्मक, तुलनात्मक एवं विश्लेषणात्मक प्रकृति का है। इस शोध कार्य हेतु द्वितीयक स्त्रोतों का उपयोग किया गया है। इसके लिए मुख्यतः इंटरनेट से प्राप्त सामग्रियों, प्रकाशित ग्रन्थ, पत्र पत्रिकाओं में छपे विवरण, निबंध एवं लेख तथा विभिन्न शोध ग्रंथों को अध्ययन का आधार बनाया गया है।

निष्कर्ष–

बौद्ध और जैन धर्म, भारतीय चिंतन की दो ऐसी धाराएँ हैं जिन्होंने मानवता, नैतिकता और आध्यात्मिकता का अप्रतिम दर्शन प्रस्तुत किया। इनके अन्तर्सम्बन्धों से यह स्पष्ट होता है कि भिन्न मार्गों से चलकर भी वे एक ही लक्ष्य 'मोक्ष' की ओर अग्रसर हैं। दोनों धर्मों ने न केवल धार्मिक जीवन को नए संदर्भ दिए, बल्कि सामाजिक संरचना, साहित्य, कला और संस्कृति को भी समृद्ध किया। आज के समय में जब मानवता संकट में है, इन धर्मों की अहिंसा, करुणा और समत्व की शिक्षा अत्यन्त प्रासंगिक है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. राहुल सांकृत्यायन – बौद्ध दर्शन की रूपरेखा।
2. हेमचन्द्राचार्य – जैन तत्त्वज्ञान।
3. हजारीप्रसाद द्विवेदी – भारतीय संस्कृति के चार अध्याय।
4. देवनन्दन शर्मा – भारतीय दर्शन का इतिहास।
5. डॉ. सत्यव्रत शास्त्री – भारतीय धर्मदर्शन।
6. आदिपुराण ।
7. दीर्घनिकाय ।
8. शर्मा, आर. एस. – पर्सपेक्टिव इन सोशियल एण्ड इकोनॉमिक हिस्ट्री ऑफ अर्ली इण्डिया।
9. पाण्डेय जे. सी. – स्टडीज इन द ओरिजन ऑफ बुद्धिज्म।

ISSN : 2349-9273

Received: 28 April, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

डॉ. सुमन राजे कृत आत्मकथा 'आत्मकथाओं से बाहर' के आधार पर तुलसी के काव्य के आत्म कथात्मक स्थलःएक अध्ययन

– डॉ. आरती दुबे
असिस्टेन्ट प्रोफेसर –
हिन्दी विभाग,
लक्ष्मी यदुनन्दन महाविद्यालय,
(एल. वाई. डी. सी.) कायमगंज,
फर्रुखाबाद–209502 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
drartidubey412@gmail.com

सारांश

गोस्वामी तुलसीदास को कवियों का सिरमौर माना जाता है क्योंकि वह व्यक्ति में विराट के दर्शन करते हैं। उनमें दया, स्नेह, आस्था, सहानुभूति और भावुकता जैसी भावनाएं सहज रूप से विद्यमान हैं, वह मानवता के पक्षधर और मानवीय मूल्यों के समर्थक थे। 'उनकी भक्ति में एकान्तिक साधना नहीं बल्कि उसमें अन्तः संघर्ष के साथ लोक–संघर्ष छिपा हुआ है।

श्रेष्ठ आत्मकथा की कसौटी क्या है? उस कसौटी पर वह तुलसी की आत्मकथा को परखती है। ''श्रेष्ठ आत्मकथा की एक शर्त यह है, कि उसमें लेखक का युग प्रतिबिम्बित होता है, जिसके द्वन्द्वात्मक संघात से आत्मकथाकार का जीवन विकसित होता रहा है। पारस्परिक तनाव का बिन्दु जितना गतिशील और संतुलित होगा, आत्मकथा उतनी ही फैलती है। जिस प्रकार किसी चित्र की सम्पूर्णता उसके परिदृश्य से निर्मित होती है, लेकिन परिदृश्य, होता चित्र का अंग ही है समूचा चित्र नहीं, यही बात आत्मकथा के लिए भी कही जा सकती है।

गोस्वामी तुलसीदास को कवियों का सिरमौर माना जाता है क्योंकि वह व्यक्ति में विराट के दर्शन करते हैं। उनमें दया, स्नेह, आस्था, सहानुभूति और भावुकता जैसी भावनाएं सहज रूप से विद्यमान हैं, वह मानवता के पक्षधर और मानवीय मूल्यों के समर्थक थे। 'उनकी भक्ति में एकान्तिक साधना नहीं बल्कि उसमें अन्तः सघर्ष के साथ लोक–संघर्ष छिपा हुआ है।'[1] तुलसीदास के जीवन के इन्ही अन्तः–बाह्य संघर्षों को उनके साहित्य में तलाशने की उत्कट अभिलाषा डॉ. सुमन राजे की आलोचनात्मक पुस्तक 'आत्मकथा : आत्मकथाओं से बाहर' में दृष्टिगत होती है– 'मैं यदि कहूँ कि मैंने तुलसी के स्वर में उनकी आत्मकथा सुनी है, तो क्या आप विश्वास करेंगे? आप भी पढ़िए, आप भी सुनेंगे।''[2] डॉ. राजे मानती है कि ''तुलसी ने सचेतन आत्म–कथा नहीं लिखी। इसका अर्थ यह नहीं कि वे आत्मकथाओं से परिचित नहीं थे। बनारसीदास जैन की 'आत्मकथा' हिन्दी की पहली आत्मकथा मानी जाती है। वे तुलसी के समकालीन ही नहीं परस्पर परिचित भी थे। उन्होंने बनारसीदास जी को 'रामचरित मानस' की प्रति भेंट भी की थी और बनारसीदास ने उन्हें पार्श्वनाथ की स्तुति दी थी।''[3]

वस्तुतः आत्मकथा का सत्य अन्ततः कलात्मक सत्य होता है। तुलसी के पास अपनी बाल्यावस्था के सम्बध में कहने के लिए तथ्यों जैसा बहुत कुछ नहीं था, न उनके पास अपना कोई नाम था, जो उनके माता–पिता द्वारा

दिया गया है, न माता–पिता का नाम था और जाति तथा जन्म–स्थान के विषय में भी अनाथ बच्चा कैसे बता सकता है ? जहाँ से उनकी स्मृति जागती है उसमें एक ऐसा अनाथ बच्चा है जो रोता हुआ भूख से बिलबिलाता हुआ द्वार–द्वार रोटी का टुकड़ा मांगता है..... यदि यह कथा है तो दुनिया की सबसे दुखभरी कथा है। इसमें मोड़ तब आया जब कुत्ते के कौर को ललचाकर देखने वाला यह बच्चा साधुओं के हाथ में पड़ गया। वह जगह शायद 'सूकर क्षेत्र' के आस–पास ही रही होगी क्योंकि यहीं उन्होंने अति अचेत अवस्था मे अपने गुरू से रामकथा सुनी थी और बार–बार सुनते रहे थे।"[4]

तुलसी के जन्म स्थान, समय की पड़ताल विद्वानों के मत और स्वयं तुलसी साहित्य के आधार पर वह निर्धारित करती है और सन्देह निवारण करती है। जन्म स्थान 'सोरों' या 'राजापुर', इस सम्बन्ध में तुलसी की पंक्तियाँ कुछ प्रकाश डालती है–

दियो सुकुल जनम सरीर सुन्दर हेतु
जो फल चारि को।
जो पाइ पंडित परमपद पावत पुरारि
मुरारि को।।
यह भरत खंड समीप सुरसरि थल भलो
संगति भली।
तेरी कुमति कायर कलप बल्ली चहति
विषफल फली।।
– (विनय पत्रिका)

इन पंक्तियों से तुलसी का जन्म गंगा के किनारे स्थित स्थान पर होने का संकेत है। सोरों के निकट गंगा और राजापुर के निकट यमुना बहती है। इस प्रकार तुलसी का जन्म स्थान 'सोरों' सिद्ध होता है। यूँ तो संतों की कोई जाति नहीं होती है तुलसी जाति से ऊपर थे तथापि आचार्य रामचन्द्र शुक्ल उन्हें ब्राह्मण मानते हैं। इस तथ्य को डॉ. सुमन उद्घृत करती हैं। तुलसीदास जी ब्राह्मण थे इसमें तो किसी को कोई संदेह नहीं, 'विनय पत्रिका' में उन्होंने स्वयं लिखा है। (दियो सुकुल जन्म) अनुमानों के आधार पर इनके पिता का नाम आत्माराम दुबे तथा माता का नाम हुलसी बताया जाता है। इस सम्बन्ध में एक उक्ति प्रसिद्ध है–

सुरतिय, नरतिय नागतिय, यह चाहत सब कोय।
गोद लिए हुसली फिरै, तुलसी सो सुत होय।।

माता–पिता द्वारा तुलसी का त्याग क्यों? इस पर भी वह विद्वतजनों का अभिमत रखती हुई बात को आगे बढ़ाती हैं, आचार्य शुक्ल का कथन है कि 'इन उद्घृत पदों से झलकता है माता–पिता ने इन्हें छोड़ दिया था।' डॉ. ग्रियर्सन, पं. सुधार द्विवेदी के आधार पर मानते हैं कि अभुक्त मूल में जन्म होने के कारण इनके माता–पिता ने इन्हें त्याग दिया था। तुलसी की कविता इस सम्बन्ध में कितनी मुखर है, डॉ. राजे उन अंशों को उद्घृत करती हुई बात को पूरे प्रमाण के साथ रखती हैं–

"जननी जनक तज्यौ जनमि"[5]

"तनु जन्यो कुटिल कीट ज्यों, तज्यौ मातुपिता हूँ।"[6]

अपने विषय में साफ–साफ बात न करने पर भी तुलसी जितना और जो कुछ बताते हैं, वह चौंकाने वाला है... अपने बचपन का जिक्र करते हुए तुलसी हमेशा 'तन' शब्द का प्रयोग करते हैं, क्योंकि उसे पोषण, भरण नाम, परिचय देने वाली कोई सामाजिक–संस्था उन्हें मिली ही नहीं। एक अदद नाम तक नहीं। अस्सी वर्ष की अवस्था में भी तुलसी को कसकता है 'रह्यौ अनाम' उस तुलसी के भीतर और बाहर क्या था? कैसे वे दोनों पक्ष एक दूसरे से भिड़ते हुए समानान्तर विकसित हो रहे थे, यह जानने की कोशिश किसी ने नहीं की।"[7]

तुलसी की जाति को लेकर उन पर आक्रमण हुए। "कवितावली और 'विनय पत्रिका' में भी जाति को लेकर उनकी जैसी प्रतिक्रियाएं हैं, उन्हें देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि प्रहार कितना सख्त और सामूहिक है। भाषा की यह चिड़चिड़ी भंगिमा शायद ही कहीं और देखी जा सके।"[8]

"धूत कहो, अवधूत कहौ, राजपूत कहौ,
जलहा कहौ कोऊ।
काहू की बेटी से बेटा न ब्याहब,
काहू की जाति बिगारि न सोऊ।।"[9]

"जाति को लेकर जितने प्रकार के अत्याचार हो सकते हैं, वे तुलसी पर किए जाते रहे।"[10] लगभग अस्सी वर्ष की आयु में भी वे कहते है कि लोग उनकी छाया को भी छूने से भी संकोच करते रहे–

"काहे को रोष, दोष धौ,
मेरे ही अभाग मोसो सकुचत छुइ सब छाहू।"[11]

परिणामस्वरूप विनय पत्रिका में वह आर्तस्वर से पुकार उठते हैं–

"अत्यन्त अनीति और कुरीति हुई है, पृथ्वी सूर्य से

भी अधिक तप रही है। मैं कहाँ जाऊँ? मुझे कहीं स्थान नहीं है।''[12]

वह अधिकांश समय पर्यटन में ही रहे, काशी में पंडितों तथा विभिन्न धर्मावलम्बियों से विरोध के कारण उनका एक स्थान नहीं रहा ''किसी न किसी कारण तुलसी को स्थान बदलने पड़े। असी पर तुलसी का घाट प्रसिद्ध है, यहाँ उनके द्वारा स्थापित हनुमासन जी हैं।..... मरणपर्यन्त वहीं रहे।''[13]

क्रमबद्ध (तिथिक्रम सहित) से लेकर नितान्त स्मृति आधारित आत्मकथाएं लिखी गयी हैं, लेकिन उनके लेखकों ने उन्हें आत्मकथा का नाम तो दिया, परन्तु तुलसी, उसे अलग से कोई नाम नहीं देते। वे तो कविता में राम–भक्ति कथा ही लिख रहे थे, उसमें उनकी कथा और उनका काल बहता हुआ आकर मिल गया है। इस दृष्टि से यह विश्व की पहली आत्मकथा है, जिसमें लेखक का प्रयोजन आत्मकथा लिखना तो था ही नहीं, लेकिन फिर भी वह एक अप्रतिम अपनी तरह की अकेली आत्मकथा है, जो एक जगह बैठकर याद करके नहीं लिखी गई है, बल्कि जीवन के समानान्तर चलती रही है।''[14]

श्रेष्ठ आत्मकथा की कसौटी क्या है? उस कसौटी पर वह तुलसी की आत्मकथा को परखती है। ''श्रेष्ठ आत्मकथा की एक शर्त यह है, कि उसमें लेखक का युग प्रतिबिम्बित होता है, जिसके द्वन्द्वात्मक संघात से आत्मकथाकार का जीवन विकसित होता रहा है। पारस्परिक तनाव का बिन्दु जितना गतिशील और संतुलित होगा, आत्मकथा उतनी ही फैलती है। जिस प्रकार किसी चित्र की सम्पूर्णता उसके परिदृश्य से निर्मित होती है, लेकिन परिदृश्य, होता चित्र का अंग ही है समूचा चित्र नहीं, यही बात आत्मकथा के लिए भी कही जा सकती है।''[15]

तुलसी की पैनी दृष्टि राजतंत्र पर भी है, वह यह तथ्य भलीभाँति जानते हैं कि राजा से अधिक क्रूरतापूर्ण व्यवहार उसके सेवक करते हैं, अतः राजा का दायित्व है कि वह प्रजा की देखभाल स्वयं करे। वह सामान्य जनों के प्रति करुणा से, सत्ता के प्रति क्षोम और तिरस्कार से और समकालीन सम्प्रदायों, पंथियों के प्रति आक्रोश से भरे हुए हैं, जिसका कारण उनमें निहित विकृतियाँ हैं। 'दोहावली' और कवितावली में उनका आक्रोश चरम पर है अशुभ वेशधारी, अभक्ष्य भोजन करने वाले लोगों की कलियुग में सिद्ध है।''[16]

''जायो कुल मंगन, बधावनो बजायो, सुनि
भयो परितापु वायु जननी–जनक को।
वारे ते ललात–बललात द्वार–द्वार दीन,
जानत हो चारि फल चारि ही चनक को''[17]

तुलसी ने विनय पत्रिका में पूरे दरबार के समक्ष 'कलियुग' के विरुद्ध अर्जी पेश की है। 'कलियुग' यानी पूरे युग में होते और किए जाने वाले अन्याय, अभाव, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध, यद्यपि तुलसी निजी अनुभव पेश करते हैं पर उसमें बात सबकी है। उनका निजी अनुभव सामूहिक एवं सामाजिक अनुभव का हिस्सा है।''[18]

अति अनीति कुरीति भई तरनि हूँ ते ताति।
जाऊँ कहँ बलि जाऊँ, कहूँ न ठाँउ मति अकुलाति।।

तुलसी की आजीविका क्या थी? इस सम्बन्ध में वह रामनरेश त्रिपाठी का मत प्रस्तुत करती हैं, जिन्होंने इस बिन्दु को छुआ है– 'विवाह के उपरान्त वे गृहस्थी चलाने के लिए उद्योग–धन्धे में लगे। धन के लिए उन्होंने खेती की, व्यापार किए और उनके उपाय रचे।' विवरण की पुष्टि के लिए वे विनयपत्रिका की एक पंक्ति उद्धृत करते हैं –

मध्यवयस धन हेतु गँवाई कृषी बनिज नाना उपाय।

किन्तु डॉ. राजे का मानना है कि– 'फिलहाल तुलसी के आत्मकथ्य में इस बात का कोई उल्लेख नहीं मिलता कि जीविका के तौर पर उन्होंने कोई 'काम' किया था और वह इसकी पुष्टि में तुलसी का ही आत्म–कथ्य प्रस्तुत करती हैं कि उन्होंने राम–नाम की ही रोटी खाई–

''ऊँचो मनु, ऊँची रुचि, भागु नीचो निपट ही,
लोकरीति–लायक न लंगर लबारू है।
स्वारथु अगमु परमारथ की कहा चली,
पेट की कठिन जगु जीव को जवारू है।।
चाकरी न आकरी, न खेती, न बनिज–भीख,
जानत न क्रूर कछु किसव कबारू है।
तुलसी की बाजी राखी रामही के नाम, न तु
भेंट पितरन को न मुड़हू में बारू है।।[19]

x x x x x x x x x x x

''हौ तो जैसो तब तैसो अब अधमाई कै–कै।
पेटु भरौ राम, रावरोई गुन गाइ कै।।[20]

ऐसे अनेक छन्द तुलसी की आत्मकथा के व्यंजक है। आजीवन कठिन संघर्ष रहा। तुलसी अपने विरोधियों और अपने समय की गुत्थियों से घिर गये थे.... वे लड़–लड़

कर लिख रहे और लिख–लिख कर लड़ रहे थे, जैसे नदी के प्रवाह में बहने वाला व्यक्ति लहरों का हिसाब रख रहा हो। यही उनकी आत्मकथा है और यही उनकी काल कथा भी है। प्रायः जो आत्मकथाएं हमें मिलती हैं, उनमें लेखक अपने शक्ति, सामर्थ्य, संघर्ष और उपलब्धियों और अभावों का चित्रण करता है, लेकिन तुलसी अपने बाहर और भीतर के यथार्थ का अंकन करते हैं, अपने अकेलेपन, अपनी थकान और व्यथा का वर्णन, वह 'विनयपत्रिका', 'कवितावली' में विशेष रूप से करते हैं। 'विनयपत्रिका' में उनका आन्तरिक संघर्ष और कवितावली में बाह्य संघर्ष व्यक्त हुआ है। डॉ. राजे और गहराई में जाकर इसे स्पष्ट करती है। 'विनयपत्रिका' में तुलसी के आन्तरिक संघर्ष का लेखा–जोखा है और 'कवितावतली' बाह्य संघर्ष की, दोहावली में उनकी चरम अनन्यता का विवेचन चातक के प्रतीक के माध्यम से किया गया है, जिसका अनुप्रयोग उनके समूचे साहित्य में है, चाहे वे कथात्मक हों या आत्मव्यंजक। दोहावली में ही उनका यह सपना भी है जिससे उन्होंने रामराज की रचना की है।''[21]

कोई अत्यन्त संवेदनशील, सजग और शोध–दृष्टि सम्पन्न सहित्य सेवी ही इन आत्म कथात्मक स्थलों को रेखांकित करने में समर्थ हो सकता है। डॉ. राजे ने अपनी सामर्थ्य का परिचय अपनी सभी कृतियों के माध्यम से दिया है। ''आत्मकथा : आत्मकथाओं से बाहर'' में तुलसी की अनदेखी, उपेक्षित आत्मकथा को साहित्य–जगत में पूरे प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर, अत्यन्त वैदुष्य का परिचय दिया है, और साहित्य जगत को अनुपम भेंट भी प्रदान की है। तुलसी की आत्मकथा, लोक कल्याण में अहम भूमिका का निर्वाह करती है। इस दृष्टि से वन संरक्षरण से लेकर जन संरक्षण तक की चेतना तुलसी की आत्मकथा के माध्यम से व्यक्त हुई है। ''तुलसी की लोक यात्रा एक तरफा नहीं है..... वह लोक से लेते हैं और लोक को हस्तान्तरित करते है।''[22]

सम्पूर्ण पुस्तक आठ उपशीर्षकों में विभाजित है– प्रार्थना के शिल्प में, अर्धकथा–हाशिए पर लिखी इबारत, आत्म कथ्य– कबहु न नाथ नींद भरि सोयो, आत्मान्वेषण : सत्य कहहु लिखि कागद कोरे, अर्न्तयात्राएँ– कहे न बनत बिन कहे कल न परत, काल तथा बनाम कलिकथा : काल कला कासीनाथ कहै निबरत हौं, लोक संस्कृति की भाषा और भाषा की लोक संस्कृति : लोक कि वेद बड़ोरे स्वप्न–समय रामराज जानियत राजनीति की अबधि, जिनमें तुलसी के जीवन के सभी पक्षों को अनूठी शैली में व्यक्त किया है।

वस्तुतः आत्मकथा : आत्मकथाओं से बाहर तुलसी के जन्म, माता–पिता द्वारा उनका त्याग, गुरू, गुरू द्वारा शिक्षा, विवाह, रत्नावली का त्याग, तुलसी के जीवन की विसंगतियों और मृत्यु आदि सम्पूर्ण पक्षों को तुलसी के शब्दों में उद्घाटित करती हैं। यह कृति डॉ. राजे के गहन अध्ययन और शोध की परिणति है। यह उनकी विलक्षण प्रतिभा की परिचायक है, जिस दिशा में किसी की दृष्टि ही नहीं गई, उधर दृष्टिपात कर उस महान कवि के प्रति उन्होंने न्याय कर हार्दिक श्रद्धा ज्ञापित की है। तुलसी के जीवन, उनके दार्शनिक विचार उनकी कवित्व शक्ति, उनकी प्रगाढ़ भक्ति के भी अद्भुत दर्शन इस कृति के माध्यम से होते हैं। यह लेख मात्र चंचु प्रवेश है, इसमें अवगाहन करने के लिए तो पुस्तक का सम्पूर्ण पाठन ही करना होगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. हिन्दी साहित्य युग और प्रवृत्तियाँ – शिव कुमार वर्मा पृष्ठ–238
2. आत्म कथा : आत्मकथाओं से बाहर – डॉ. सुमन राजे (भूमिका से) ।
3. आत्म कथा : आत्मकथाओं से बाहर – डॉ. सुमन राजे (भूमिका से) पृष्ठ–27।
4. आत्म कथा : आत्मकथाओं से बाहर – डॉ. सुमन राजे (भूमिका से) पृष्ठ–30।
5. विनय पत्रिका – तुलसीदास पृष्ठ – 227।
6. विनय पत्रिका – तुलसीदास पृष्ठ – 275।
7. आत्मकथा : आत्म कथाओं से बाहर – डॉ. सुमन राजे – पृ. 14
8. आत्मकथा : आत्मकथाओं से बाहर – पृ. 100
9. गीतावली : अयोध्याकाण्ड – पद – 43
10. आत्मकथा : आत्मकथाओं से बाहर – पृ. 102
11. कवितावली – उत्तर काण्ड – छन्द सं. 168
12. आत्मकथा : आत्मकथाओं से बाहर – पृ. 102
13. गोस्वामी तुलसीदास – रामचन्द्र शुक्ल – पृ. 33
14. आत्मकथा : आत्म कथाओं से बाहर–डॉ. सुमन राजे–पृष्ठ 268।
15. आत्मकथा : आत्म कथााओं से बाहर – डॉ. सुमन राजे – पृष्ठ – 159।
16. आत्मकथा : आत्म कथाओं से बाहर – डॉ. सुमन राजे–पृष्ठ–77।
17. कवितावली : पृष्ठ 7 / 73।
18. आत्मकथा : आत्म कथाओं से बाहर पृष्ठ – 67।
19. कवितावली : उत्तरकाण्ड पृष्ठ – 67।
20. कवितावली : उत्तरकाण्ड छन्द 7, पृष्ठ – 61।
21. आत्मकथा : आत्म कथाओं से बाहर – पृष्ठ – 117।
22. आत्मकथा : आत्म कथाओं से बाहर – पृष्ठ – 191।

ISSN : 2349-9273

Received: 28 April, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

बैंकिंग व वित्तीय सेवाओं में इन्टरनेट के प्रयोग से बदलता ग्रामीण परिवेश

– डॉ. राकेश कुमार
असि. प्रोफेसर–वाणिज्य विभाग,
रामसहाय राजकीय महाविद्यालय,
शिवराजपुर, कानपुर नगर – 209502
(उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
drrakeshkumarrawal77@gmail.com

सारांश

विश्व आर्थिक मंच मानता है कि फिजिटल एवं डिजिटल तरीकों के बीच संतुलन बिठाने वाली फिजिटल रणनीति नए दौरे में एकदम जरूरी बन रही है। इस लिहाज से नए उत्पाद तैयार करना और उत्पादों एवं सेवाओं की सरलीकृत आपूर्ति के लिए नियम आसान करना इस समय की जरूरत है। बैंक और निजी कम्पनियाँ भरोसा बढ़ाने तथा डिजिटल साक्षरता की समस्याए खत्म करने के लिए बैंकिंग करेस्पॉन्डेंटों और उपयोगकर्ताओं हेतु जागरूकता एवं प्रशिक्षण में निवेश कर सकते हैं। ऑफलाइन बैकिंग के जरूरी पहलुओं को बरकरार रखते हुए ऑफलाइन से ऑनलाइन की दिशा में ले जाने वाले एकजुट प्रयास की जरूरत है। फिजिटल और डिजिटल को एक दूसरे का पूरक बनाने वाला मॉडल ही डिजिटल तथा वित्तीय रूप से सशक्त 'भारत' का रास्ता है।

प्रस्तावना–

इन्टरनेट और मोबाइल की बढ़ती पैठ के कारण ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय लेन देन में डिजिटल उपयोग लगातार बढ़ रहा है।

यह भारत नेट की चरणबद्ध सफलता से जड़ा है, जो दुनियाँ का सबसे बड़ा ग्रामीण ब्रॉडबैंक कनेक्टिविटी कार्यक्रम है। ग्रामीण भारत अब शहरी भारत के उलट अलग–थलग नहीं रह गया है और तेजी से इन्टरनेट की रफ्तार पकड़ रहा है। डिजिटल सेवाओं में वृद्धि ग्रामीण डिजिटल नागरिक के ऐतिहासिक उभार का प्रमाण है।

ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था मोटे तौर पर नकद से चलती है। ग्रामीण भारत में रोजगार तथा आय में विविधता बढ़ रही है, जिसमें मुख्य रूप से खेती पर आधारित होने की इसकी छवि बदल रही है। कृषि आय में अब दो–तिहाई योगदान गैर कृषि, क्षेत्र का है। पिछले कुछ वर्षो में बैंकिंग करेस्पॉन्डेंटो ने ग्रामीण क्षेत्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में केन्द्रीय भूमिका निभाई है। वर्ष 2017 से डिजिटल एम्पावरमेट फाउण्डेशन (DEF) जमीनी स्तर पर डिजिटल वित्तीय साक्षरता एवं भागीदारी बढ़ाने के लिए बैकिंग करेस्पॉडेंटो के साथ काम कर रहा है। डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन ने पूरे भारत में 2000 से अधिक डिजिटल संसाधन केन्द्र बनाए हैं।

डिजिटल सेवाओं के लाभ–

बैकिंग करेस्पॉन्डेंट के अनुसार– ''डिजिटल सेवाओं के फायदे के बगैर हमारी जिन्दगी अधूरी ही रहती है।''

आम ग्रामीण नागरिकों के लिए डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बहुत फायदे हैं। डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता ने ग्रामीण नागरिकों के बीच डिजिटल वित्तीय और बैंकिंग सेवाओं के व्यापक उपयोग को बढ़ावा दिया है। महामारी और लॉकडाउन के दौरान तो इसमें और भी इजाफा हुआ क्योंकि उस समय दूर जाना लगभग असंभव था।

डिजिटल भुगतान और बैंकिंग सेवाओं से सुविधा और लेन–देन से ग्रामीणों का जीवन अत्यधिक सुगम और सरल हो गया है क्योंकि किसी जिले में कई गाँवों के लिए बैंक की एक ही शाखा होती है और ज्यादातर गाँवों से दूर होती है। जिस अर्थव्यवस्था में एक–एक पाई मायने रखती हो, वहाँ बैंक से रकम लेने के लिए भी रकम खर्च करनी पड़ती थी।

ग्रामीण क्षेत्र में एटीएम तक दूर–दूर है। विश्व बैंक के अनुसार भारत के ग्रामीण इलाकों में देश के केवल 20 प्रतिशत एटीएम है। ए.ई.पी.एस. (AEPS) यानी आधार से चलने वाली भुगतान प्रणाली ने उन जैसे लोगो के लिए अपने सभी वित्तीय लेन–देन आसान बना दिया है। जिनके घरों से बैंक व ए.टी.एम. दूर थे।

लूटने और चोरी का डर नहीं–

ग्रामीण इलाकों में चोरी और लूटने का बहुत डर होता है। घर में नकद रखा है तो हमेशा होने का डर सताता रहता है या फिर बैंक से नकद निकाल कर लाने पर रास्ते मूं लुटने का भी डर रहता है।

जब से बैंकिंग व्यवस्था को इन्टरनेट से जोड़ दिया गया है, तब से चोरी और लुटने का भय मन मस्तिष्क से निकल गया है। अब तो प्रत्येक बैंक का अपना एप होता है साथ ही साथ इन्टरनेट बैंकिंग सुविधा जिससे धन का स्थानान्तरण बहुत आसान तथा सुरक्षित हो चुका है, आजकल डिजिटल युग का समय है अब गाँव–गाँव लोग इण्टरनेट सुविधा के माध्यम से बैंकिंग तथा वित्तीय लेन देन आसानी से करने लगे तथा उनके अन्दर एक अब पिछड़ेपन की भावना भी खत्म हो चुकी है क्योंकि आधुनिक समय में इन्टरनेट का प्रयोग हर व्यक्ति कर रहा है।

चौबीस घण्टे धन की उपलब्धता–

पहले जब बैंक की छुट्टी होती थी तब लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। जैसे किसी के परिवार में किसी की अचानक तबीयत खराब हो गई तो घर पर नकद न होने के कारण बैंक की छुट्टी होने पर इलाज कराना अत्यन्त कठिन हो जाता था। किन्तु अब डिजिटल युग में यदि आपका खाता किसी भी बैंक में है और आपके पास आधार कार्ड या ए.टी.एम. कार्ड है तो भुगतान करने में या नकद धन निकालने में ग्रामीणों को कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता है।

अब यदि कोई पैसा लाना भूल जाए या अचानक खरीदारी करनी पड़े तो बाजार में आराम से सामान खरीदा जा सकता है।

धन की आसान उपलब्धता–

बढ़ती जागरुकता और डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिविरों ने डिजिटल वित्तीय प्रणालियों की सुगमता बढ़ा दी है गांव में पुरुश–महिलाएं बुजुर्ग और नौजवान अब सभी आसानी से फिंगर प्रिंट मशीन के माध्यम से धन की निकासी कर सकते है। कम पढ़े लिखे लोगों के लिए भी अब धन प्राप्त करना या निकालना आसान कर दिया है जिन लोगों के खाते आधार से जुड़े है वे अब अपने घर पर ही फिंगर प्रिंट मशीन के द्वारा अपने खाते से धन निकाल सकते हैं।

ग्रामीण को बैंक नहीं जाना पड़ता है और न ही अब बैंकों में भारी भीड़ होती है। डिजिटल युग में समय और आने–जाने पर होने वाले खर्च की भी बचत हुई है।

कारोबार और उद्यमियों को लाभ–

कोविड महामारी में लॉकडाउन के समय से ही लगभग सभी दुकानदारों ने क्यू.आर. कोड रख लिए है। डिजिटल भुगतान खरीदारी की, सुविधा को बढ़ावा देता है और उद्यमी को भी डिफाल्ट (जानबूझकर पैसा नहीं देना) के बगैर आसानी से भुगतान मिल जाता है।

ज्यादातर कारोबारी अपने लेनदारों (केडिटर्स) को बड़ी रकम का भुगतान करने में कठिनाई तथा असुरक्षा का भाव महसूस करते थे किन्तु अब वे इस भय से मुक्त होकर डिजिटल भुगतान करते हैं किराने की दुकान चलाने वाले, डेयरी या दर्जी की दुकान चलाने वाली कई महिला उद्यमी अपना धंधा बढ़ाने के लिए डिजिटल सेवाओं का इस्तेमाल करती हैं।

डिजिटल भारत शुरू करते समय इन्टरनेट और सर्वर कनेक्टिविटी नीति निर्माताओं के लिए सबसे बड़ी चिन्ता थी। शहरों के साथ–साथ गाँवो को इन्टरनेट और मोबाइल की पैठ सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए। कभी–कभार नेटवर्क और सर्वर की दिक्कत होती है। डिजिटल सफर की शुरुआत की तुलना में अब नेटवर्क

कनेक्टिविटी सुधरी है।

ग्रामीण उपभोक्ताओं का डिजिटल लेन–देन से भरोसा उस समय खत्म हो जाता है, जब नेटवर्क या सर्वर की दिक्कतों के कारण ऑनलाइन लेन–देन के दौरान उनका पैसा बीच में ही अटक जाता है। उपभोक्ताओं के मन मे धोखाधड़ी का डर, डिजिटल प्रणाली के प्रति अविश्वास और इन्टरनेट को समझ कम होने से स्थिति पर प्रभाव पड़ता है।

ऑनलाइन शिकायतों का निवारण व्यवस्था–

जब इन्टरनेट की सुविधा ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं थी उस समय बैकिंग ग्राहक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बैंक अधिकारियों से अपनी शिकायत करता था लेकिन कभी–कभी बैंक अधिकारी / कर्मचारी शिकायतों का निवारण समय पर न ही करते थे जिस कारण बैंकिंग उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, किन्तु अब इन्टरनेट के युग में ऑनलाइन शिकायत कर अपनी समस्याओं से ग्राहक जल्द से जल्द समाधान पाता है।

धोखाधड़ी के शिकार–

डिजिटल भुगतान का प्रयोग बढ़ने के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले भी बढ़े हैं।

ठग स्वयं को बैंक अधिकारी बताकर भोले–भाले लोगों, आम तौर पर निरक्षण उपयोगकर्ताओं से गोपनीय जानकारी हासिल कर लेते हैं। अपने शिकार के खाते से वे बड़ी रकम निकाल लेते हैं या खाता खाली कर देते हैं। अधिकतर लोग प्रौद्योगिकी पर संदेह करते हैं और ऐसी घटनाएं उनका भरोसा और भी कम कर देती हैं।

महिलाओं द्वारा डिजिटल सुविधाओं का कम प्रयोग–

आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा डिजिटल वित्तीय सेवाओं का कम प्रयोग किया जाता है। प्रथम तो यह कि ग्रामीण महिलायें अधिकांश कीपेड फोन का इस्तेमाल करती है और एण्ड्रायड फोन का प्रयोग पुरुष करते हैं।

डिजिटल सेवाओं का इस्तेमाल करने वालों में अधिकतर शिक्षित युवा स्नातक और कामकाजी महिलाएं ही थीं, जिसमें पता चलता है कि लड़कियों में शिक्षा की दर बढ़ रही है।

पुरुषों को वित्तीय तथा घर के अधिकार देने वाले पितृसत्तात्मक नियम डिजिटल बुनियादी ढाँचे और सेवाओं तक महिलाओं की पहुंच में बाधा बनते हैं।

'फिजिटल' बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में नवाचार–

समय–समय पर बैंक, सरकारों और निजी संस्थानों में वित्तीय समावेशन के दो स्तम्भों की उपलब्धता एवं आपूर्ति पर काम करने का प्रयास किया हाल ही में वित्त मंत्री ने इंडियन बैंक्स एसोसिएशन से ग्रामीण भारत में बैंकिंग सेवाओं की पैठ बढ़ाने के तय करना चाहिए कि कहां उनकी शाखाएं होनी चाहिए और कहां डिजिटल सेवाएं दी जा सकती हैं।

विश्व आर्थिक मंच मानता है कि फिजिटल एवं डिजिटल तरीकों के बीच संतुलन बिठाने वाली फिजिटल रणनीति नए दौरे में एकदम जरूरी बन रही है। इस लिहाज से नए उत्पाद तैयार करना और उत्पादों एवं सेवाओं की सरलीकृत आपूर्ति के लिए नियम आसान करना इस समय की जरूरत है। बैंक और निजी कम्पनियाँ भरोसा बढ़ाने तथा डिजिटल साक्षरता की समस्याए खत्म करने के लिए बैंकिंग करेस्पॉन्डेंटों और उपयोगकर्ताओं हेतु जागरूकता एवं प्रशिक्षण में निवेश कर सकते हैं।

ऑफलाइन बैकिंग के जरूरी पहलुओं को बरकरार रखते हुए ऑफलाइन से ऑनलाइन की दिशा में ले जाने वाले एकजुट प्रयास की जरूरत है।

फिजिटल और डिजिटल को एक दूसरे का पूरक बनाने वाला मॉडल ही डिजिटल तथा वित्तीय रूप से सशक्त 'भारत' का रास्ता है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. योजना अप्रैल, 2022।
2. इकोनोमिक टाइम्स डॉट इंडिया टाइम्स डॉट कॉम।
3. बिजिनेस–स्टैन्र्डड डॉट कॉम।
4. हेल्प इंडिया–सरल–पॉपुलेशन–गो–डिजिटल।

ISSN : 2349-9273

Received: 30 April, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

हिन्दी आदिवासी उपन्यासों में लोकगीतों का विश्लेषणात्मक अध्ययन

– पटेल शीतलबेन ईश्वर भाई
(शिक्षिका गुजराती)
संस्कार भारतीय हाईस्कूल,
वापी, बलसाड़–396191 (गुजरात)

ई–मेलः
girishpatel.2009@rediffmail.com

सारांश

उपन्यासों में आदिवासी लोकगीतों में जीवन का उल्लास एवं आनन्द स्पष्ट दिखाई देता है। इनमें मानव के संस्कार, आन्दोलन,. ऋतु, विरह आदि सभी गीतों का विवेचन मूल भाषा में वर्णित हुआ है। आदिवासी लोकगीत 'आदिम भाषा' को भी सुरक्षित करते देखे जा सकते हैं। इनमें आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक संस्कृति एवं सभ्यता का विश्लेषण जीवन की रसमयता एवं विविधता को प्रदर्शित करते हैं। हिन्दी उपन्यासकारों ने आदिवासी लोक जीवन के गीतों को लिपिबद्ध करके लोक मूल्यों को सुरक्षित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। अतः यह निर्विवाद सत्य है कि इस समाज में लोकगीत की परम्परा बहुत ही समृद्ध है। जिनमें उनका सम्पूर्ण जीवन, इतिहास, सामाजिक आर्थिक तथा सांस्कृतिक आयाम अभिव्यंजिक होते हैं।

आदिवासी संस्कृति में 'लोकगीत' अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। आदिवासी लोक संस्कृति के विविध रूपों में जैसे कि लोक कथा, लोकगीत, लोक नृत्य और लोक वाद्य में लोकगीत अपना विशिष्ट स्थान रखता है। लोक साहित्य समस्त भारत की संस्कृति का चित्रण करता है। लोक कथा और लोक कहावतों लोक वाद्य आदि विधाओं की अपेक्षा लोकगीतों में कहीं अधिक भावोत्कर्ष और रंजन शक्ति है। आदिवासी अशिक्षित होने के कारण इनका कोई लिखित साहित्य नहीं है, केवल मौखिक साहित्य है। इनके गीतों में जीवन का उल्लास है, मिठास है, मादकता है। वे सुख और दुःख दोनों स्थितियों में लोकगीतों की अभिव्यक्ति देते हैं। 'लोकगीतों' का आदिवासी जीवन से घनिष्ठ सम्बन्ध होता है। इनमें आदिवासी समाज और संस्कृति का प्राचीन गौरव आदर्श के प्रत्यक्ष रूप में व्यंजित होता है। एक–एक गीत में कितना उच्च भाव भरा हुआ है, हाँ इन गीतों से विदित होता है। आदिवासियों का गौरवपूर्ण इतिहास उनकी सांस्कृतिक परम्पराएं हैं, उनकी देवी–देवताओं के प्रति आस्था, मेले, त्योहार तथा पुर्नजन्म, विवाह आदि उत्सवों पर उच्छृलित भावावेग और विशेषकर स्त्रियों की पोशाकों व आभूषणों की झनकार सभी ने लोकगीतों को जन्म देने में विशिष्टता उत्पन्न की है।[1]

लोक संस्कृति के ज्ञान का प्रमुख़ साधन लोक गीत होते हैं। लुप्त होती भारतीय अस्मिता को आदिम समाज और प्राकृतिक उपादानों से उसके आपसी सम्बन्धों में खोजा जा सकता है। आदिवासी लोकगीत इस देश की आदिम संस्कृति के वाहक हैं। आदिवासी लोकगीत आदिवासी क्षेत्रों का सोलह श्रृंगार हैं, जो भारत के जंगलों, पहाड़ों एवं घाटियों में प्रतिबिम्बित होता

है। हिन्दी आदिवासी उपन्यासों में विभिन्न आदिवासी समाजों में प्रचलित लोकगीतों की अभिव्यक्ति क्षेत्रीय भाषा में हुई है। इस वर्ग की सारी जिन्दगी गीतों एवं नृत्य के उल्लास से भरी रहती है। ये गीत गाकर अपनी व्यथा को भूल जाते हैं। विभिन्न पर्वों, उत्सवों एवं अवसरों पर गाये जाने वाले गीतों की भाषा ही भिन्न–भिन्न है, परन्तु उनका भाव एक सा ही होता है। आदिवासी लोकगीत हिन्दी उपन्यासों में कई तरह के मिलते हैं। इनमें जन्म, विवाह, मृत्यु, व्यवसाय, धन सम्बन्धी, त्योहार एवं पर्व तथा देशभक्ति गीत प्रमुख हैं।

आदिवासी समाज में जन्म संस्कार के गीत भी गाये जाते हैं। पारिवारिक जीवन में शिशु जन्म एक महत्वपूर्ण तथा आनन्ददायी घटना मानी जाती है। इस अवसर पर आनन्द व्यक्त करने के लिए आदिवासी समाज में गीत गाये जाते हैं। 'माटी–माटी अरकाटी' उपन्यास में इमरती कुन्ती को चुप कराते हुए लोरी गीत गाती है। वह उसकी पीठ थपक–थपक कर लोरी सुना रही है–

'अरजी बरजी करहिं छोटकी ननदिया,
आई रे गेलइ इहमा, मास रे फगुनमां।
जो तोहे जइह भउजी अप्पन कोहबरना,
भइया से कहि मोरा, रखिहउ नेअरवा।
नहिं मांगू थारी लोटा, नहिं मांगू धन मा,
एक हम मांगू भउजी, सिर के सेनुरवा।
एक हम मांगू भउजी, तोहरो सोहगवा।'[2]

राकेश कुमार सिंह के 'पठार पर कोहरा' उपन्यास में रुदिया का विवाह होने के बाद उसकी विदाई का समय आता है। इस अवसर पर औरतें विदाई के समय का गीत गाती हैं। जिस गाँव में तू जायेगी ओ धिया, सूखे वृक्ष पत्तों से लद जायेंगे। बाँझ औरतों की गोद भर उठेगी। बूढ़ी गायों के थन से दूध टपकने लगेगा। जहाँ तेरे पाँव पड़ेंगे धिया, उजड़े गाँव आबाद हो जायेंगे। 'सेमल और कपास' के बीज मोतियों में बदल जायेंगे। रुधिया की सीलती आँखें ..... गीले होते कंधों का गीलापन संजीव को भीतर तक भिगोने लगा। मड़वे में लड़कियाँ विवाह गीत गाती हैं–

'केकर माथे लाल सुनीर पगड़ी
केकर हाथे लाल गेंदा फूल
ओ मैना रे ,
मति जावे दूर विदेश.... ।'[3]

'माटी–माटी अरकारी' उपन्यास में कोंता के विवाह में गाये जाने वाले गीत का चित्रण भी मिलता है। कोंता जवना है, उसका विवाह हो रहा है। औरतें उसके विवाह में बड़ा सुन्दर गीत गाती हैं–

'सोनमा ऐसन धिया हारलंड जी बाबा,
कार कोयिलवा हथून दमाद हो।
कारहिं कार जनि घोसहुं गे बेटी,
कार अजोधेया सिरी 'राम' हे।
कार के छतिया चननमा सोभइ गे बेटी,
तिलक सोभइ लिलार हे।'[4]

आदिवासी खेत में काम करते हुए गीत गाते हैं, वे फसल बोते हुए आनन्द से झूम उठते हैं। खेत जोतते समय वे उल्लास से भर जाते हैं। अपनी जी तोड़ मेहनत को फलता हुआ देख वे बड़े खुश होकर खेत काटने के लिए तैयार हो जाते हैं। 'पठार पर कोहरा' उपन्यास में लेखक ने आदिवासी जीवन को प्रकृति से सम्बद्ध कर लिखा है– 'इस बार जिसके पास दस–दस हाथ भी जमीन है, बड़े प्रेम से जोती–बोई गयी है। खेत हरे हैं, कलगी छोड़ चुके हैं। ज्वार, बाजरा और मकई के पौधे। रस्सियों के लिए लगाई गई पाढ़ और सनई भी खूब बढ़े फूले हैं इस साल। मुण्डाओं की छाती ऊँची है। माथा चमक रहा है। उछांह लेती आशाएं और हिलोरे लेता मन..... । मुण्डा स्त्रियों के कण्ठ में भी कोयल आ बसी है। खूब शौक से रोपाया है धान। जिसके सिर से कर्ज उतर गये हैं, उनका सारा धान इस साल अपना होगा। रोपनी गीतों के ज्वार से नहा उठा है गज ली ठोरी.....

'बिर तबु चब तन
ओते बु रोवाया
सादी ..... सादी .....
उली कण्टड़ कुद बारू
मु दू हंस, जोतो दारू
दारू बू रोवाया ..... ।'[5]

आदिवासियों के प्रमुख त्योहारों में होली का नाम लिया जाता है। होली के दिन इस समाज में नृत्य, गीत एवं गेर गाया जाता है। होली के दिन स्त्री–पुरुष दोनों मिलकर एक साथ नृत्य करते हैं और गीत गाते हैं। होली के त्योहार में थम्मक खड़ा करते हैं। इसको जलाना इनकी परम्परा है। 'धूंजी तपे तीर' उपन्यास में होली के गीत का विवेचन करते हुए लिखा है– 'आमलिया गाँव के चौक में परम्परानुसार होली का चम्मक एक महीने पहले 'रोप' दिया गया था। सेमेल के पेड़ की पाँच–छह हाथ लम्बी हरी लकड़ी का थम्मक बनाया गया था। होली के दिन थम्मे के इर्द–गिर्द

लकड़ियाँ व कंडे रख दिये गये। सूरज डूबने के साथ ही होली दहन कर दिया गया। हालिया भगत की देखरेख में होलिका पूजन व अग्नि क्रिया सम्पन्न की गयी। गाँव के बुर्जुगों नें होली दहन को देखा। युवक–युवतियों ने होली की परिक्रमा करते हुए होली का गीत गाया–

'होली बाई वांहो रो रे
होली बाई वांहो रो रे
होली बाई आज के काल
होली बाई वांहों रो रे।'[6]

मैत्रेयी पुष्पा कृत 'अल्मा कबूतरी' उपन्यास में होली के अवसर पर 'कबूतरा' जनजाति की औरतें, मर्द, बूढ़े और युवती–युवक सब मिलकर होली गीत गाते हैं –

'मोरी चंदा चकोर,
काजर लगा के आ गई भोर हो भोर
मोरी चंदा चकोर,
छतिया पै तोता, करिहा पै मोर
मोरी चंदा चकोर,
चोली में निबुआ घँघरा घुमेर।'[7]

आदिवासी समाज में शिकार को विशेष माना जाता है। शिकार करना इनकी मुख्य परम्परा का अंग है। प्रतिवर्ष उनके कबीले में शिकार करने की परम्परा प्रतियोगिता के रूप में निभाई जाती है। शिकार करने से पूर्व गाँव के जगल के देवता की पूजा की जाती है, तदोपरान्त गाँव के सभी युवक अपने अपने तीर धनुष लेकर शिकार करने जंगल में जाते हैं। शिकार गीत का प्रसंग जो इतिहास में नहीं है, उपन्यास में चित्रित हुआ है– 'देवी देवताओं का सुमिरन कर, मराबुरू को गोहराता हारिल' मुरमु तीर की बाजी खेलने वाले अखाड़े तक आ पहुँचा।' 'गगरे वाले मचान के नीचे बैठा' एक आदिवासी किशोर माँदल बजा रहा था.....

'धिधितंग धिकतंग..... धिधितंग धिधितंग.....।'[8]

लड़के के साथ बैठी किशोरों की टोली 'सेन्द्रा' गा रही थी। शिकार का गीत –

'धिधितंग धिधितंग..... धिधितंग धिकतंग.....
सरताम कापीताम, सरताम कापीताम
सरताम, कापीताम, सब ताम,
देदांग बिर बोन, देदांग बिर बोन
देदांग बिर बोन, बादुरी दाराम
धिधितंग धिधितंग।'[9]

'जंगल जहाँ शुरू होता है' उपन्यास में थारू हाट के मेले और सहोदवरा माई की पूजा का वर्णन मिलता है। इस पूजा में बालिकाएं नाचती हैं, और स्त्रियाँ गीत गाती हैं–

'के अनिहैं, सुहानारी के अनिहैं कंगना,
कि के अनिहैं, कंगना,
हो के अनिहैं..... हिरदिया दरपनवाँ
के अनिहै.....।'[10]

घर में जब बच्चा पैदा होता है तो आदिवासी स्त्रियाँ मंगल गीत गाती हैं। इसे सोहर गीत कहा जाता है। 'माटी–माटी अरकारी' में कुन्ती के जब बच्चा होता है तो औरतें गीत गाना शुरू करती हैं –

'दुअरा त नाचेला नचनिआं,
त अंगना ननदिया नाचे हो।
भउजी के भइले होरिलवा,
त भेसरिआ हमके चाही हो।
सझवा बइठल तुहूं बाबा,
त सखे गुनवा आगर हउव हो
बाबा भउजी के भइले होरिलवां,
त भेसरिआ हमके चाही हो।'[11]

असुर समाज में बढ़ती गरीबी एवं भूख के कारण जमींदारों नौाकरशाहों, पुलिस, खदान के मालिकों आदि लोग खूब फायदा उठाते हैं। ये लोग उनकी जवान बेटियों को अपनी हवस का शिकार बनाते हैं। इस स्थिति से असुर समाज चिंतित एवं बेचैन दिखई देता है। एक गीत में यह वर्ग अपनी इस व्यथा को गाकर प्रकट करता है –

'काठी बेचे गेले असुरिन
बांस बेचे गेले गे,
मेठ संगे नजर मिलयले,
मुंशी संग लासा लगयले गे,
कचिया लोभे कुला डूबाले गे,
रुपया लोभे जात डूबाले गे।'[12]

यह गीत नौजवान लड़कों के मुख से अक्सर सुनाई देता है। इसका कारण यह है कि 'असुरिन पैसे के लालच में मुंशी और खदान के साथ लगाव' रखती है। यह उनकी मजबूरी भी है। आदिवासी समाज अपने ही जंगल में महाजन, साहूकार, जमींदार और कम्पनी सरकार द्वारा शोषित होता आ रहा है। इन शोषकों के खिलाफ आदिवासी युवक–युवतियाँ, बुजुर्ग मिलकर गीत के माध्यम से अपना विरोध प्रकट करते हैं। 'जो इतिहास में नहीं है' उपन्यास में

आदिवासी शोषण का विवेचन और गीत इस प्रकार प्राप्त होता है– 'असुक किशोर, आशाओं से भरे युवा, स्त्रियाँ और बूढ़े। आँखों में भविष्य के सपने अगोरे' कि दुख के दिन अब नहीं रहने वाले। महाजन, साहूकार, जमींदार और कम्पनी सरकार के आगे छाती ठोंककर खड़ा हो चुका था, जंगल का बेटा सिदो मुस्मू साथ में कन्हू, चाँद, और भैरव मुरमू....। सिदो मुरमू का संदेश गीत संगीत में ढल रहा था। मेले –ठेले जैसा लग रहा था भगनाडीह। सहस्र कण्ठों से फूट रहा था गीत –

'मेरा निया नुरूनिया, टिण्डाढनिया मिटानिया
हाय रे हाय, मापक गपच दो
नुरिचे नांगड़, गई काड़ा नाचेंल नागिन
पाचेल लागेत सेदाय लोका बेताबेतेर,
जामू रूयोड़ लागित
तउबे दो – बोन हूल गेया हो.... ।।'[13]

इन आदिवासी लोक गीतों में समय के साथ परिवर्तन भी आता गया है। परिस्थिति के अनुसार तथा जीवन प्रक्रिया की चुनौतियों के अनुसार गीतों के विषय वस्तु में परिवर्तन होता गया है। जब अकाल पड़ा। तब गीतों की विषयवस्तु का अकाल हो गया, जिस पर अनेक गीत गाये गये हैं। अकाल कें बाद सड़कों पर पत्थर तोड़ती आदिवासी स्त्रियाँ अपने गीतों में परिस्थितियों का यथार्थ वर्णन करती हैं–

'हाय रे मिट्टी का फोरै राम
देश का जिया काल पड़ा रे
मिट्टी का फोरै रे ।
दिन भर तो मिट्टी फौरौवें
देवैं बारा आने रेट
ऐसी 'गिरानी माँ, बाबू!
गरीब चलायन पेट
'हाय रे मिट्टी का फोरै राम।'[13]

आदिवासी लोग बरसात न होने और होने पर गीत गाते हैं। यह समाज प्रकृति पूजक है। अपनी फसलों तथा जानवरों के लिए वह बरसात (विरवा) के गीत गाता है। 'माटी–माटी अरकाटी' उपन्यास में आदिवासी परिवार खूब नशा करके गीत गाता है। लेखक के अनुसार– 'रात को बाप–बेटे और माँ सबने मिलकर' दम भर महुआ पिया। उन चारों के गले से निकलता गीत बारिश के साथ रातभर होड़ लेता रहा–

'हाय रे हाय दइया' रउद खनक रोपा,
बनल गाछी कादो पानी बेसे लखे थोपा
भाई रउद खनक रोपा।
गोमकाइन तो दिसइ दइया गोंगरा कर चोपा
तेलो न मिलइ एको ठोया भाइ
रउद खनक रोपा।'[15]

इस समाज में विरह लोकगीत भी मिलते हैं। इन गीतों में मानवीय प्रेम, संवेदना, दर्द आदि का वर्णन प्रमुख रूप से होता है। औरतें व पुरुष जब अकेले होते हैं, तब ये विरह गीत गाते हैं। अपने कपड़घर में लेटा हारिल मुरमू सुन रहा था सन्तानी गीत। पता नहीं कौन था जो विरह गीत गा रहा था–

'नाले धाड़कारे सीसा सारे'
दोन आते चियो नालोम रागा
नियं मिनाँय मोर पियो नालन पियोज
कुँअरी मौन पियो डाले–डाले।'[16]

आदिवासी समाज में करमा पर्व या त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। ये लोग गीत गाते हुए नृत्य भी करते हैं। करमा पर्व के अवसर पर ये लोग माँस और दारू शराब पीते हैं। पूजा अर्चना करते हैं। आज 'करमा' का त्योहार है। ढोल–माँदल की छाप पर झूम रहा है। गजली ठोरी.....! सूअर के माँस के साथ खूब सारी हंडिया....। करम दऊ की पूजा के बाद दावत और नृत्य गीत.....

'ओड़का खोनित ओण्डोंक लेन
छटका रेत्र लिंग लेन
ओका महल रेंचो तिरिया साड़े
ऐ ऽऽ हेरे हेरे–हेरे ऽऽऽ।'[17]

इन उपन्यासों में आदिवासी लोकगीतों में जीवन का उल्लास एवं आनन्द स्पष्ट दिखाई देता है। इनमें मानव के संस्कार, आन्दोलन, ऋतु, विरह आदि सभी गीतों का विवेचन मूल भाषा में वर्णित हुआ है। आदिवासी लोकगीत 'आदिम भाषा' को भी सुरक्षित करते देखे जा सकते हैं। इनमें आर्थिक, सामाजिक एवं राचनीतिक संस्कृति एवं सभ्यता का विश्लेषण जीवन की रसमयता एवं विविधता को प्रदर्शित करते हैं। हिन्दी उपन्यासकारों ने आदिवासी लोक जीवन के गीतों को लिपिबद्ध करके लोक मूल्यों को सुरक्षित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। अतः यह निर्विवाद सत्य है कि इस समाज में लोक गीत की परम्परा बहुत ही समृद्ध है। जिनमें उनका सम्पूर्ण जीवन, इतिहास, सामाजिक आर्थिक तथा सांस्कृतिक आयाम अभिव्यंजिक होते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. आदिवासी लोक भाग – 2, संपादक – रमणिका गुप्ता, शिल्पायन प्रकाशन, दिल्ली 2012, पृष्ठ संख्या – 44।
2. माटी–माटी अरकाटी – अश्विनी कुमार पंकज, राधाकृष्ण प्रकाशन, प्रा. लि., नई दिल्ली 2016, पृष्ठ संख्या – 165।
3. पठार पर कोहरा – राकेश कुमार सिंह, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली, 2003, पृष्ठ संख्या –211।
4. माटी–माटी अरकाटी – अश्विनी कुमार पंकज, राधा कृष्णन प्रकाशन प्रा. लि. नई दिल्ली 2016, पृष्ठ संख्या – 22।
5. पठार पर कोहरा – राकेश कुमार सिंह, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली 2003, पृष्ठ संख्या – 224–225।
6. घूणी तपे तीर – हरिराम मीणा, साहित्य उपक्रम प्रकाशन, 2008, पृष्ठ संख्या – 321।
7. अल्मा कबूतरी – मैत्रेयी पुष्पा, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली 2000, पृष्ठ संख्या – 42।
8. जो इतिहास में नहीं है – राकेश कुमार सिंह, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली 2020, पृष्ठ संख्या – 64–65।
9. जंगल जहाँ शुरू होता है – संजीव, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 2000, पृष्ठ संख्या – 17।
10. माटी–माटी अरकाटी – अश्विनी कुमार पंकज, राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा. लि., नई दिल्ली 2016, पृष्ठ संख्या –180।
11. ग्लोबल गाँव के देवता – रणेन्द्र, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली 2009, पृष्ठ संख्या – 38।
12. जो इतिहास में नहीं है – राकेश कुमार सिंह, भारतीय ज्ञानपीठ नई दिल्ली, 2020, पृष्ठ संख्या –123।
13. रथ के पहिए – देवेन्द्र सत्यार्थी, प्रवीण प्रकाशन, दिल्ली 1997, पृष्ठ संख्या – 189।
14. माटी–माटी अरकाटी – अश्विनी कुमार पंकज, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2020, पृष्ठ संख्या – 218–219।
15. जो इतिहास में नहीं है – राकेश कुमार सिंह, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली, 2023, पृष्ठ संख्या –218–220।
16. पठार पर कोहरा – राकेश कुमार सिंह, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली, 2023, पृष्ठ संख्या –220–221।
17. माटी–माटी अरकाटी – अश्विनी कुमार सिंह, राधाकृष्ण प्रकाशन, प्रा लि., नई दिल्ली, 2016, पृष्ठ संख्या – 61।

◈◈

. . . .

सुपर प्रकाशन

(विश्वविद्यालय स्तरीय लाइब्रेरी पुस्तकों के प्रकाशक एवं पुस्तक विक्रेता)

हम पुस्तकों को स्पष्ट शब्द सज्जा, डिजाइन एवं उत्तम कोटि की छपाई व अत्याधुनिक बाइंडिंग के साथ प्रकाशित करते हैं। विभागाध्यक्ष, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रवक्ता, कवि, लेखक, रचनाकार - कहानीकार अपने संस्मरण, गीत, ग़ज़ल एवं कृतियाँ या अन्य किसी भी विधा पर उत्कृष्ट ग्रन्थ अथवा रिसर्च स्कालर (शोध कर्ता) थीसिस प्रकाशन हेतु तैयार हो तो मूल प्रति (Script) भेजकर एक माह में ही अपनी प्रति को पुस्तक के आकार में प्राप्त करें।

सुपर प्रकाशन देश-विदेश के समस्त शिक्षा जगत् से जुड़े डिग्री कालेजों (Higher Education) में यू जी सी के द्वारा उपलब्ध निर्धारित मानकों के अनुसार नेशनल एवं इन्टरनेशनल पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल में अपने शोध लेख (Research Paper) को **'दि गुँजन'** एवं **'अभिनव गवेषणा' (मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल)** के द्वारा प्रकाशित कराने का अवसर उपलब्ध कराता है।

सुपर प्रकाशन द्वारा हिन्दी साहित्य - कला संकाय, कामर्स संकाय एवं विज्ञान संकाय तीनों फैकल्टी की पुस्तकों एवं इनसाइक्लोपीडिया का प्रकाशन एवं विक्रय विश्वविद्यालय लाइब्रेरी स्तर पर किया जाता है। हमें एक बार सेवा का अवसर अवश्य प्रदान करें।

- सर्वेश तिवारी 'राजन'

(प्रबन्ध संपादक - 'दि गुँजन' एवं 'अभिनव गवेषणा'

(मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल)

के-444 'शिवराम कृपा' विश्व बैंक बर्रा, कानपुर-208 027 (उत्तर प्रदेश)

मो0- 08896244776 E-mail:super.prakashan@gmail.com

ISSN : 2349-9273

Received: 06 May, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

भगवान महावीर की शिक्षाओं का सार्वभौमिक महत्त्व

– डॉ. कोमल चन्द्र जैन
सहायक आचार्य –
आचार्य विद्यासागर सुधासागर जैन शोधपीठ, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर – 208017 (उत्तर प्रदेश)

ईमेल–
Komal343436@gmail.com

सारांश

तीर्थंकर महावीर जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर थे। उन्होंने लगभग 2600 वर्ष पूर्व ऐसी शिक्षाएं समाज को दीं जो आज भी विश्व की अनेक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करती हैं। उनकी शिक्षाओं का सार अहिंसा सत्य, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य के पाँच महान सिद्धान्तों में निहित है। इनका व्यापक दृष्टिकोण से अपनाने पर कई वैश्विक चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। यह समय है कि हम भगवान महावीर की शिक्षाओं के सार्वभौमिक महत्व को पहचाने और उन्हे अपने जीवन और विश्व के परिदृश्य में साकार करने का संकल्प लें।

भगवान महावीर सही अर्थों में लोक उद्धारक थे। उन्होंने समाज कल्याण को जो शिक्षाएं प्रदान कीं वह उनका कल्याण करने वाली थी।तीर्थंकर महावीर की शिक्षाएं राजमहल में बैठे व्यक्ति से लेकर झोपड़ी में रहने वाले समस्त मानव समूहदाय के कल्याण को थीं। लोकोद्धारक महावीर की शिक्षा का माध्यम तत्कालीन जनभाषा प्राकृत थी। यह भाषा प्राचीन काल से जनसमूह के बीच विचार सम्प्रेषण का प्रमुख साधन रही थी। यही कारण है कि तीर्थंकर महावीर ने लोककल्याणकारी उपदेश जन–भाषा प्राकृत में ही प्रदान किये, जिससे कि सभी वर्गो के शिक्षित–अशिक्षित, अमीर–गरीब सभी उनसे लाभन्वित हुए। क्योंकि भाषा ही एक ऐसा माध्यम है जो प्राणियों के व्यक्तित्व का विकास एवं समाज को एकसूत्र में पिरोकर रखने का कार्य करती है।

विश्व शांति के दूत अहिंसा के मूर्तिमान रूप प्रभु महावीर का जन्म 599 ई. पू. बिहार प्रान्त में स्थित कुण्डलपुर वैशाली नामक स्थान पर हुआ था। इनके पिता सिद्धार्थ काश्यप गोत्रिय ज्ञातृक क्षत्रिय थे तथा उस प्रदेश के राजा थे। रानी त्रिशला की कुक्षि से चैत्र शुक्ला त्रयोदशी की रात्रि में कुमार वर्द्धमान का जन्म हुआ। आपके बाल रूप के दर्शन से संजय और विजय नामक मुनिराज की तत्त्वविषयक समस्या का हो गया इसलिए उन्होंने आपको 'सन्मति' नाम से सम्बोधित किया 30 वर्ष की अवस्था में कुमार वर्द्धमान को तत्कालीन वातावरण उनका हृदय जनकल्याण की ओर मोड़ दिया।

लोकोद्धारक भगवान महावीर का जब प्रादुर्भाव हुआ था तब समाज में विषमता, असहनशीलता, अनाचार, हिंसा और स्वेच्छाचारिता का बोलबाला था, मानवीय मूल्यों की कोई पूछ नहीं थी। इस घोर त्राहि–त्राहि से भरे परिवेश ने भगवान महावीर की अंतरात्मा तथा बुद्धि को झकझोर डाला और फिर इन सभी बुराइयों को मिटाने के लिए उन्होंने जो अहिंसा, सत्य, अचौर्य, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अनेकान्तवाद के उपदेश दिये, वे लोकव्यापी और

लोकजयी होकर सर्वयुगीन एवं शाश्वत मूल्य बन गये।

'तव जिन शासनविभुवो जयति कलावपि गुणानुशासनविभवः।'

ईसा पूर्व छठी शताब्दी से लेकर आज तक श्री वीर जिन शासन प्रवर्तमान है। जिन्होंने सम्यग्दर्शनादि गुणों से अनुशासित किया और गुणानुशासन से अनुशासित भव्य जीवों का भव नष्ट हो गया इसी कारण उनके शासन का विशेष माहात्मय है। उनका शासन उस समय भी जयवन्त था और समसामयिक काल में भी जयवन्त था। ऐसे प्रभु महावीर का शिक्षा दर्शन आज हजारों वर्ष की यात्रा करने पर भी उतना ही दीप्तिमान है, जितना पहले था।

आज फिर आतंकवाद, आर्थिक संरक्षणवादी प्रवृत्ति एवं हिंसात्मक वातावरण से चारों ओर त्राहि–त्राहि मची हुई है। ऐसे वातावरण में सभी राष्ट्र एक बार फिर विश्व शान्ति की स्थापना के लिए भारत की ओर एक सच्ची आशा लिए देख रहे हैं कि आधुनिक भारत में फिर किसी महावीर का जन्म हो जो विश्व शान्ति की स्थापना करने के लिए अपने आपका उत्सर्ग कर सके। स्व. कवि एवं संगीतकार श्री रवीन्द्र जैन की पंक्तियाँ– 'फिर से वर्धमान महावीर को आधुनिक भारत में जन्म लेने के लिए आमंत्रित कर रही हैं–

'वर्तमान को वर्धमान की आवश्यकता है,
हिंसा के बादल छाये चारो ओर हैं,
सर्वनाम की दुनिया खडी खंगार पर।
वर्धमान ही वर्तमान को समझा सकता है।
वर्तमान को वर्धमान की आवश्यकता है।।'

भगवान महावीर एक सच्चे शिक्षा वैज्ञानिक थे, उन्होंने जो भी शिक्षायें जन कल्याण के लिए प्रदान की उनको सर्वप्रथम स्वयं अपनी आत्मा रूपी प्रयोगशाला में धारण कर प्रयोग किया फिर लोकोपकार के लिए जन समूह को प्रदान की। उन्होंने कहा कि–

'कामे कमाहि कमियं खु दुक्खं।
एगे चरेज्ज धम्मं।
छन्दं निरोहेण धम्मं। तुम मैत्र तुम मित्तं।'

कामनाओं को दूर करो, दुःख स्वयं ही दूर हो जायेगा। भले ही कोई साथ चले या नहीं, धर्मपथ पर अकेले ही चलते रहो। इच्छाओं का निरोध करना ही वास्तव में मोक्ष है। आत्मन्! तू ही मेरा मित्र है। भगवान महावीर के उपदेश वीतराग के उपदेश हैं, वीतराग से अभिप्राय है कि जो स्वार्थ रहित होकर, राग–द्वेष के बिना ही संसारी प्राणियों को हित का उपदेश देते हैं। आचार्य समंतभद्र स्वामी ने लिखा–

'अनात्मार्थं विना रागैः शास्ता शास्ति सतो हितं।
ध्वनन् शिल्पिकरस्पर्शान्मुर्जः किमपेक्षते।।'

अर्थात् बिना किसी स्वार्थ और बिना किसी राग के भगवान प्राणियों के हित का उपदेश वैसे ही देते हैं जैसे कि ढोलक बजाने वाले के हाथ का स्पर्श पाकर ढोलक बिना किसी अपेक्षा के ध्वनि करती है अर्थात् ढोलक बजती है।

ऐसे वीतराग त्रिलोकगुरु की शिक्षा में अमोघ शक्ति है, प्रभावशीलता है कि जो प्राणि श्रवण करे, विश्वास करे और आचरण करे उसकी सुप्त चेतना प्रबुद्ध हो सकती है, उसके अन्तरग पटल पर छाये मोह–आवरण हट सकते हैं और विवेक का दिव्य प्रकाश जगजगा सकता है। वीतराग भगवान महावीर ने किसी नये धर्म एवं शिक्षादर्शन की स्थापना नही की थी। बल्कि युगादि के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव द्वारा प्रवर्तित मानवता रूपी धर्म एवं शिक्षा दर्शन का विमोचन किया और जन कल्याण एवं आत्म विकास के लिए विश्वशान्ति का संदेश दिया।

भगवान महावीर सच्चे विश्व बन्धुत्व के प्रतीक और अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने 'पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतयः स्थावराः' पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और वनस्पति आदि एकेन्द्रिय जीव को भी जीव कहा। सभी जीवों के प्रति करुणा भावना प्रकट की और कहा कि एक इन्द्रिय से लेकर पचेन्द्रिय सभी जीव जीना चाहते हैं।कोई भी जीव मरना नही चाहता। चाहे वह नाली का कीड़ा क्यो न हो? उनकी दृष्टि में केवल मनुष्य का प्राण घात करना ही हिंसा नहीं बल्कि राग और द्वेष के कारण मन में भी किसी जीव के मारने का या आत्मघात का चिन्तन करना भी हिंसा है।

'यस्मात्सकशायः सन् हन्त्याात्मा प्रथम मात्मनात्मानम्।
पश्चाज्जायेत न वा हिंसा प्राण्यन्तराणां तु।।'

घात (मारना) दो प्रकार का है, एक आत्मघात और दूसरा परघात। जिस समय आत्मा में अपने आप को मारने का कशाय भाव उत्पन्न होता है, उसी समय आत्मघात हो जाता है। आत्मघात और परघात दोनों ही हिंसा हैं। चलचित्र (टी.वी.), कुश्ती आदि मनोंरजन के माध्यम से एक दूसरे प्रणियों को लड़ते देखकर अन्य देखने वाले जो अच्छा कहते है और प्रसन्न होते है वे सब हिंसा के भागी होते हैं।

भगवान महावीर ने सभी जीवों के लिए जियो और जीने का संदेश दिया और कहा कि–

'सव्वे पाणा पियाउया सहुसाया दुक्खपडिकुला अप्पियवहा।
पियजीविणो, जीविउकामा सव्वेसिं जीविय पिय।।'

सभी जीवों को अपना आयुष्य (जीवन) प्रिय है, सुख अनुकूल है और दुःख प्रतिकूल है। वध सभी को अप्रिय लगता है तथा जीना सबको प्रिय लगता है। प्राणी मात्र जीवित रहने की कामना करने वाले हैं। सबको अपना जीवन प्रिय लगता है।

'जं इच्छसि अप्पणतो, जं च न इच्छसि अप्पणतों।
तं इच्छ परस्स वि, एत्तियगं जिणसासणं।।'

जो तुम अपने लिए अच्छा समझते हो, तुम्हे जो प्रिय है, वही तुम दूसरो के लिए भी सोचो और करो, जो तुम्हे अपने लिए अप्रिय लगता है, वह दूसरो के लिए भी मत करो। सब जीवों को अपने समान समझो और किसी को दुख न दो। उन्होंने अहिंसा को ही मानव का परम धर्म कहा– ''अहिंसा परमो धर्म''भगवान महावीर की दृष्टि में अहिंसा का अर्थ मन, वचन, और काय (शरीर) के द्वारा व्यावहारिक जीवन में हम किसी प्राणी को अपने स्वार्थ रक्षा के लिए दुःख न दें। ''आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्'' इस भावना के साथ दूसरे व्यक्ति से ऐसा व्यवहार न करें, जैसा हम अपने लिये नही चाहते, दूसरे से ऐसा व्यवहार करें जैसा की हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं।

वर्तमान समाज में जतिवाद एवं कन्या भ्रूण हत्या और बलात्कार आदि अपराध तीव्र गति से बढ रहे हैं, इनमें कन्या भ्रूण हत्या एवं परस्त्री–गमन एक जघन्य अपराध हैं। इन अपराधों के पीछे लडका और लडकी में परस्पर असमानता और टी.वी, सिनेमा आदि के द्वारा अश्लीलतापूर्ण चित्रों का प्रचार प्रमुख कारण है। समाज की दृष्टि में लड़का कुल का उद्धारक होता है, लड़के ही उनके वंश को आगे बढ़ाते हैं और माता–पिता का नाम रोशन करते हैं। इस रूढ़िवादी मानसिकता के कारण लड़की समाज के ऊपर भार बनकर रह गयी है। जिसके कारण कन्या भ्रूण हत्या का रोग समाज में तीव्र गति से फैल रहा है। भगवान महावीर, बुद्ध एवं गाँधी जैसे प्रेरकों के इस अहिंसा प्रधान देश में हिंसा का नया रूप भारतीय संस्कृति का उपहास हैं। भगवान महावीर की वाणी में इस कुकृत्य को नरक गति पाने का कारण माना गया है।

सत्य उनके लिये सर्वोपरि सिद्धान्त था। वे वचन और चिंतन में सत्य की स्थापना का प्रयत्न करते थे। सत्य वचन ही जिनके प्राण थे। राजा युधिष्ठिर और राजा हरिचन्द की गौरव गाथा आज भी भारत भूमि में चारों ओर व्याप्त है। लेकिन वर्तमान में देखा जाये तो देश के उच्च पद पर आसीन लोग भी उन्ही महापुरुषों की साक्षी लेकर गलत कार्य करने से पीछे नहीं हटते तथा अपने को सही साबित करने के लिए सत्य को नकार देते हैं। इस विश्व में सभी सन्त पुरुषों ने झूठ अर्थात् असत्य वचन की घोर निन्दा की है। क्योंकि वह सभी प्राणियों के लिए अविश्वसनीय है। अतः असत्य वचन का परित्याग करना चाहिए।

'मुसावाओ य लोगम्मि, सव्वसाहहिं गरहिओ।
अविस्सासोय भूयाण, तम्हा मोस विवजए।।'

असत्य वचन बोलने वाले लोगो का लोक में अपयश होता है तथा लोगों से परस्पर बैर भी बढ़ता है, जिससे उनके हृदय में सतत संक्लेश की अभिवृद्धि होती रहती है। भगवान महावीर ने कहा कि ''ओएतहीय फरुस वियाणे।'' अर्थात् सत्य वचन भी यदि कठोर हो, तो वह मत बोलो। उन्होंने हमेशा हितकारी सत्य बोलने का उपदेश दिया और कहा कि ''सच्चेण महा समुद्दमज्झे वि चिट्ठति, न निमज्जति।'' सत्य वचन के प्रभाव से मनुष्य महासमुद्र में भी सुरक्षित रहते हैं डूबते नहीं तथा सत्याभिभूत बुद्धिमान मनुष्य सभी संकटों को नष्ट कर डालते हैं।

भगवान महावीर एक सच्चे क्रान्तिकारी, समाज सुधारक एवं लोकोद्धारक हैं। उनकी दृष्टि में सभी जीव समान है और सभी जीवों की आत्मा में समान शक्ति विद्यमान है। कवि श्री मनोहर लाल वर्णी ''सहजानन्द'' ने अपने आत्मकीर्तिन में लिखा है कि–

'मैं वह हूँ जो है भगवान, जो मैं हूँ वह है भगवान।
अंतर यही ऊपरी जान, वे विराग मैं राग वितान।।'

मेरा रूप भगवान के समान ही है, मैं भी भगवान बन सकता हूँ, जो मेरी आत्मा है वह भी भगवान की आत्मा के समान द्विव्य शक्तिमय है। बस अंतर यही है कि मैं आज भी राग द्वेष से युक्त हूं और उन्होंने इन सब से मुक्त होकर मोक्ष (सिद्धशिला) पद को प्राप्त कर लिया है।

अमीर और गरीब के बीच की खाई को पूरा करने के लिए यह आवश्यक है कि कोई भी व्यक्ति आवश्यकता से अधिक किसी भी वस्तु का संग्रह अन्यायपूर्वक न करे और संग्रहीत वस्तु को प्रसन्नतापूर्वक ऐसे व्यक्तियों को बांट दे जिनको उनकी नितान्त आवश्यकता है। यही सच्चा समाजवाद है। इसी को भगवान महावीर ने अपरिग्रह की संज्ञा दी है। वर्तमान मानव समाज में फैल रही पूंजीवाद तथा आर्थिक संरक्षणवादी प्रवृत्ति सभी राष्ट्रों के लिए

अभिशाप बन चुकी है। जिसके कारण समाज में आतंकवाद, आत्महत्या आदि पाप कार्य करने की भावना उत्पन्न हो रही है। इन सब पापों से समाज और देश को भगवान महावीर का सिद्धान्त अपरिग्रहवाद ही बचा सकता है।

प्राणिमात्र के संरक्षक प्रभु महावीर ने कहा कि समाज और राष्ट्र का कल्याण अपरिग्रह की भावना से हो सकता है। अपरिग्रह का अर्थ है– वस्त्र मकान, धन–धान्य आदि में आसक्ति अर्थात् इच्छा न रखना अपरिग्रह है। अपरिग्रह व्रत पालन करने के लिए महावीर ने समानीकरण की बात कही। उन्होंने कहा कि वस्तु को पाने की उतनी इच्छा रखे जितने में हमारी और हमारे परिवार की जरूरत पूर हो सके, इससे अधिक नहीं। यही भावना महान कवि रहीमदास जी ने भी व्यक्त की है–

'रहिमन इतना दीजिये जामें कुटुम्ब समाय।
मैं भी भूखा न रहूँ साधु न भूखा जाय।।'

परन्तु पदार्थ और उपयोगिता की समझ का अभाव होने के कारण मानव की जिन्दगी एक भागदौड़ बन के रह गई है। ऐसी परिस्थिति में शान्ति की अनुभूति कैसे हो सकती है इसके लिए तो अपरिग्रही होना आवश्यक है।

भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित अनेकान्तवाद एवं स्याद्वाद का सिद्धान्त वर्तमान में वैश्विक सामाजिक समस्या समाधान के लिए एक अच्छा अस्त्र बन सकता है जो समाज और राष्ट्र का नव निर्माण कर सकता है। कोई भी राष्ट्र या मानव समाज एक पक्षीय दृष्टिकोण से समूचे सत्य को व्यक्त करके विश्व में शान्ति, प्रेम, सौहार्द आदि की स्थापना नहीं कर सकता, उसके लिये अनेकान्तात्मक और स्याद्वादात्मक सापेक्ष दृष्टिकोण को स्थापित करना ही होगा तभी विश्वशांति स्थापित हो सकती है।

इस प्रकार भगवान् महावीर ने समाज को अभ्युन्नत करने के लिए सभी प्रकार के प्रयत्न किए। उन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अहिंसा का महत्त्व प्रदशित करके मानवता के संरक्षण में अधिकाधिक योगदान दिया।

जन जीवन में ज्योति जला दी, जिसने आत्मोत्थान की।
वीर तुम्हारा जीवन दर्शन देता है आलोक जगत को।
वीर तुम्हरे संदेशों से, त्राण मिला है, मानवता को।
जिओ ओर जिने दो नारा, हिंसा का करता उन्मूलन।
सत्य तुम्हारा मूर्त रूप हो, मिथ्या का करता उन्मूलन।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. जैन दर्शन – डॉ. महेन्द्र कुमार जैन, न्यायाचार्य, गणेशवर्णी शोध संस्थान, वाराणसी, पृष्ठ संख्या – 6।
2. स्वयम्भूस्त्रोत्र – आ. समन्तभद्र स्वामी, गणेशवर्णी शोध संस्थान, वाराणसी, पृष्ठ संख्या –172।
3. भगवान महावीर, प्रस्तावना, पृष्ठ संख्या – 6।
4. रत्नकरण्डश्रावकाचार – आ. समंतभद्र स्वामी, वीर सेवा मंदिर सस्ती ग्रंथमाला, दिल्ली, पृष्ठ संख्या – 25।
5. तत्त्वार्थ सूत्र 13, आचार्य उमास्वामी, गणेशवर्णी शोध संस्थान वाराणसी, पृष्ठ संख्या – 37 ।
6. पुरुषार्थ सिद्धयुपाय – श्री अमृतचन्द्राचार्य श्लोक, पृष्ठ संख्या – 47।
7. भगवान महावीर प्रस्तावना – अहिंसा सूत्र – 37, पृष्ठ संख्या – 29।
8. भगवान महावीर के हजार उपदेश, श्लोक – 77, पृष्ठ संख्या – 20
9. भगवान महावीर के हजार उपदेश – श्लोक–100, पृष्ठ संख्या –24 ।

ISSN : 2349-9273

Received: 08 May, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

विभिन्न युगों में नारी

– प्रो. अल्पना राय
प्रोफेसर
शिक्षाशास्त्र विभाग,
जुहारी देवी गर्ल्स (पी. जी.) कालेज,
कानपुर–208004 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
tprabhatrai@gmail.com

सारांश

आज की नारी अपने लक्ष्यों और मूल्यों को स्वयं निर्धारित करने के प्रयास में खुद को छल रही है। स्वतंत्रता के नाम पर अश्लील प्रदर्शन से खुद को बचाने की जिम्मेदारी नारी की स्वयं की है अन्यथा पुनः भोग की वस्तु बनने से अपने को बचा नहीं पायेगी। नारी का अश्लील प्रस्तुतीकरण हमारे भावी कर्णधारों को दिग्भ्रमित कर रहा है जिससे बलात्कार, हत्या, अपहरण, सैक्स स्कैण्डल आदि की घटनायें आये दिन अखबारों की सुर्खियाँ बनती हैं। इस सामाजिक प्रदूषण को रोकने का एक मात्र तरीका यह है कि हम रचनात्मक सोच के साथ हर स्तर पर आन्दोलन छेडकर उसके विरुद्ध जनमत तैयार करें तथा नारी की प्रतिभा का सही आंकलन कर उसको समाज में उचित स्थान प्रदान करें। इसके लिये नारी की सक्रिय भागीदारी एवं उसकी स्वेच्छा एवं ईमानदारी से की गयी सहभागिता अपेक्षित है। नारी को समाज में अपना खोया हुआ स्थान स्वयं प्राप्त करना होगा तथा अपनी गरिमा पुर्नस्थापित करनी होगी।

हमारे प्राचीन ग्रन्थों में नारी को विशिष्ट स्थान दिया गया है। प्राचीन काल में नारी की पूजा की जाती थी। हमारे धार्मिक ग्रन्थों में अनेक देवियों की पूजा–उपासना का विधान मिलता है। वैदिक काल में नारी को समाज में उच्चतम स्थान पर रखा जाता था। समाज मातृ सत्तात्मक था तथा स्त्री को सर्वोच्च शिक्षा का अधिकार प्राप्त था। उनका उपनयन संस्कार होता था तथा वे ब्रह्मचर्य का भी पालन करती थीं। अर्धनारीश्वर की कल्पना उनके पुरुष के समान अधिकार की परिचायक तथा स्त्री–पुरुष के संतुलित सम्बन्धों की देन थी। विशिष्टतम स्थान को प्राप्त करने का अधिकार नारी को यूँ ही नहीं प्रदान किया गया था, अपितु उसकी असीम शक्तियों, प्रतिभाओं तथा क्षमताओं के मद्देनजर उन्हें यह स्थान प्रदान किया गया था। नारी को भी पुरुषों के समान यज्ञ करने का अधिकार था तथा वे शिक्षा प्रदान करने का कार्य भी पूरे प्रभुत्व के साथ करती थीं। वेदों में अनेक स्थलों पर रोमाला, घोषाल, सूर्या, अपाला, विलोमी, सावित्री, यमी, श्रद्धा, कामायनी, विश्वम्भरा, देवयानी आदि विदुषियों के नाम प्राप्त होते हैं। इन स्त्रियों ने अपनी वाक्पटुता, बुद्धिमत्ता तथा चातुर्य के द्वारा अपने को साबित किया। इसके अलावा राजनीति तथा युद्ध विद्या में भी योग्यता प्राप्त स्त्रियों के उदाहरण मिलते हैं।

राजा जनक के दरबार में गार्गी ने याज्ञवल्क्य को शास्त्रार्थ की चुनौती दी तथा रामायण में कौशल्या तथा तारा को मंत्रविद् तथा महाभारत में द्रौपदी को पंडित कहा गया। परन्तु रामायण महाभारत काल में स्त्रियों के अधिकार पहले जैसे नहीं रहे। वर्ण व्यवस्था में कठोरता आयी तथा नारी घर

गृहस्थी तक सीमित रहने लगी। बहुपत्नी प्रथा तथा अनुलोम विवाह के कारण स्त्री उपभोग की वस्तु बनने लगी। पुरुष के मनमाने अधिकार का परिणाम सीता तथा द्रौपदी को भुगतना पड़ा। किशोरियों तथा स्त्रियों को बलात् दासी बना दिया गया तथा धर्म की आड़ में वेश्यावृत्ति की शुरुआत हुई। इस काल में नारी को पिता, पति तथा पुत्र के अधीन रखे जाने की शुरुआत हुई इस से नारी पुरुष की सहगामिनी न होकर अनुगामिनी बन गयी।

बौद्ध काल में महात्मा बुद्ध ने स्त्री को सांसारिक माया एवं मोह का बन्धन माना था, अतः बौद्ध संघों में स्त्रियों का कोई स्थान नहीं था परन्तु कालान्तर में स्त्रियों को संघों में प्रवेश दिया गया किन्तु उनके लिये अलग बिहारों की स्थापना की गयी। इस काल में अनेक विद्ववान स्त्रियों ने धर्म प्रचार किया, विदेश गयीं तथा शासन का भार भी संभाला परन्तु इस काल में सामान्य स्त्री उपेक्षित ही रही। उपनयन संस्कार की अनिवार्यता समाप्त हो जाने के कारण बाल विवाह का प्रचलन हो गया तथा स्त्री का सम्मान भी समाज में कम हो गया।

11वीं शताब्दी में मुगल काल के अभ्युदय के साथ ही नारी की स्थिति में अकल्पनीय परिवर्तन आया। बार–बार के आक्रमणों से प्रभावित हमारे समाज की रक्षा के लिये पुरुषों का सामने आना उनके वर्चस्व को बढ़ाता गया तथा विदेशी आक्रमणकारियों के अत्याचारों से बचाने के लिये स्त्रियों को घर की चाहरदीवारी में कैद कर दिया गया। स्त्रियों की स्थिति दिन प्रतिदिन बदतर होती चली गयी तथा पुरुषों का वर्चस्व बढ़ता चला गया। स्त्रियों को भोग विलास की वस्तु मानने वाले मुस्लिम समाज ने हमारे वैदिक परिपाटी को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। आततायियों की नजरों से अपनी स्त्रियों को बचाने के लिये पर्दा प्रथा का प्रचलन बढ़ा। विधवा स्त्रियों की अस्मिता को बचाने के लिये सती प्रथा का प्रारम्भ हुआ। स्त्री शिक्षा हाशिये पर चली गयी तथा समाज पितृ सत्तात्मक होता चला गया। शक्ति की उपासना करने वाला समाज शक्ति को रौंदता चला गया जिसके परिणाम स्वरूप शक्तिहीन, लाचार, दमित, स्त्री का कारुणिक चेहरा समाज के सामने आया। यद्यपि मध्यकालीन इतिहास में रजिया बेगम, चाँदबीबी, ताराबाई, अहिल्याबाई, आदि वीरांगनाओं ने शासन संचालन में ख्याति प्राप्त की किन्तु इन चन्द स्त्रियों के उदाहरणों से यह नहीं कहा जा सकता कि सामान्य स्त्री की स्थिति किसी तरह संतोषजनक थी।

18वीं शताब्दी के अन्त में मुगल काल के पतन के साथ ही ब्रिटिश काल का अभ्युदय हुआ। ब्रिटिश काल में ईसाई धर्म के आगमन के साथ स्त्रियों की अवस्था में क्रान्तिकारी परिवर्तन आया। इस काल में अंग्रेजों ने बालिकाओं की शिक्षा की तरफ ध्यान देना प्रारम्भ किया। राजा राममोहन राय, विवेकानन्द आदि ने समाज में स्त्रियों की दशा सुधारने का बीड़ा उठाया तथा भारत में पुर्नजागरण की नींव रखी। राजाराम मोहन राय के ही प्रयास का परिणाम था कि बाल विवाह तथा सती प्रथा के अन्त की शुरुआत हुयी तथा विधवा विवाह जैसी सामाजिक सुप्रथा की नींव पड़ी। विवेकानन्द ने भी नारी के पुनरुद्धार पर जोर देते हुए कहा कि 'जिस देश या राष्ट्र में नारी पूजा नहीं होती, वह देश या राष्ट्र कभी महान या उन्नत नहीं हो सकता। नारी रूपी शक्ति की अवमानना करने से ही आज हमारा शत प्रतिशत पतन हुआ है।'[1]

गाँधी जी भी विधवा विवाह के बड़े समर्थक बने तथा वे बाल विवाह को विवाह मानने के पक्ष में ही नहीं थे। उस समय देश को ब्रिटिश प्रभुत्व से आजाद कराने के संकल्प के साथ अनेक भारतीय स्त्रियाँ सामने आयीं जिनके अतुलनीय योगदान को भूला नहीं जा सकता।

स्वतंत्रता पश्चात नारी को हमारे संविधान में पुरुष के बराबर का अधिकार प्रदान किया गया संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 15 में पुरुषों एवं स्त्रियों में कोई अन्तर न करते हुये उनको समानता का अधिकार दिया गया। नारी को पुरुष के समान ही माना गया है तथा उनके विरुद्ध शोषण करने वाले के लिये दण्ड का प्रावधान भी किया गया है। वैवाहिक जीवन की समरसता के लिये हिन्दू विवाह अधिनियम 1952 तथा विशेष विवाह अधिनियम 1956 बनाया गया। दहेज निवारक अधिनियम 1961, बालविवाह (संशोधन अधिनियम) 1983 के साथ–साथ महिला का अश्लील प्रस्तुतीकरण विरोधी कानून 1986 ने नारियों को विधिक संरक्षण प्रदान किये।[2]

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 के अनुसार– "भारत राज्य क्षेत्र के किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से अथवा विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं किया जाएगा।'' "समानता का तात्पर्य यहाँ पर यह है कि स्त्री और पुरुष में किसी प्रकार का लिंग भेद नहीं है तथा यह अधिकार स्त्री और पुरुष दोनों को समान रूप से प्राप्त है।'

अनुच्छेद 15 के अनुसार– "राज्य केवल धर्म, मूल, वंश, जाति, लिंग,जन्मस्थान के आधार पर नागरिकों के बीच

कोई विभेद नहीं करेगा।'' भारतीय संविधान में स्पष्ट है कि पुरुष एवं महिला को समान अधिकार प्रदान किये गये हैं, इतना ही इसी अनुच्छेद के खण्ड 3 में स्त्रियों के लिए विशेष व्यवस्था भी की गई है क्योंकि महिलाओं की स्वाभाविक प्रकृति के कारण उन्हें विशेष संरक्षण की आवश्यकता होती है।

अनुच्छेद–19 में महिलाओं को स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया गया है, ताकि वह स्वतंत्र रूप से भारत के क्षेत्र में आवागमन, निवास एवं व्यवसाय कर सकती हैं। स्त्रीलिंग होने के कारण किसी भी कार्य से उनको वंचित करना मौलिक अधिकार का उल्लंघन माना गया है तथा ऐसी स्थिति में कानून की सहायता ले सकेगी।

अनुच्छेद 23–24 द्वारा महिलाओं के विरुद्ध वाले शोषण को नारी गरिमा के लिए उचित नहीं मानते हुए महिलाओं की खरीद–ब्रिकी, वेश्यावृत्ति लिए जबरदस्ती करना, भीख मंगवाना आदि को दण्डनीय माना गया है। इसके लिए सन् 1956 में एक्ट भी भारतीय संसद द्वारा पारित किया गया ताकि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले सभी प्रकार के शोषण को समाप्त किया जा सके। आर्थिक न्याय प्रदान करने हेतु अनुच्छेद 39 (क) में स्त्री को जीविका के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार एवं अनुच्छेद 39 (द) में समान कार्य के लिए समान वेतन का उपबन्ध है।

अनुच्छेद 42 के अनुसार– महिला को विशेष प्रसूति अवकाश प्रदान करने की बात कही गई है। अनुच्छेद 46 इस बात का आह्वान करता है कि राज्य दुर्बल वर्गों के शिक्षा तथा अर्थ सम्बन्धी हितों की विशेष सावधानी से अभिवृद्धि करेगा तथा सामाजिक अन्याय एवं सब प्रकार के शोषण से संरक्षा करेगा।

संविधान के भाग 4 के अनुच्छेद 51(क) (ङ) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हमारा दायित्व है कि हम हमारी संस्कृति की गौरवशाली परम्परा के महत्व को समझें तथा ऐसी प्रथाओं का त्याग करें जो कि स्त्रियों के सम्मान के खिलाफ हो।

अनुच्छेद 243 (द) (3) में प्रत्येक पंचायत में प्रत्यक्ष निर्वाचन से भरे गये स्थानों की कुल संख्या के 1/3 स्थान स्त्रियों के लिए आरक्षित रहेगें और चक्रानुक्रम से पंचायत के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में आवंटित किये जाएंगे। अनुच्छेद 325 के अनुसार निर्वाचक नामावली में महिला एवं पुरुष दोनों को ही समान रूप से सम्मिलित होने का अधिकार प्रदान किया गया है। अनुच्छेद 325 द्वारा संविधान निर्माताओं ने यह दर्शाने की कोशिश की है कि भारत में पुरुष और स्त्री को समान मतदान अधिकार दिये गये हैं।

महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों एवं अत्याचारों के निवारण के लिए राज्य द्वारा विभिन्न अधिनियम पारित किये गये हैं, ताकि महिलाओं को उनका अधिकार मिल सके एवं सामाजिक भेदभाव से उनकी सुरक्षा हो सके। भारतीय दण्ड संहिता में भी महिलाओं पर होने वाले अत्याचार एवं निर्दयता के विरुद्ध व्यवस्था की गई है।

धारा 292 से 294 तहत विशिष्टता और सदाचार को प्रभावित करने वाले मामलों पर रोक लगाई गयी है। इसके अनुसार अगर कोई स्त्रियों की नंगी तस्वीरें प्रदर्शित करता है अथवा क्रय–विक्रय करता है अथवा भोंडा प्रदर्शन करता है तो ऐसे व्यक्ति को दो वर्ष तक की सजा एवं 2 हजार रुपया तक जुर्माना अथवा दोनो ही सजाओं का प्रावधान है। धारा 312 से 318 में गर्भपात करना, अजन्में शिशुओं को नुकसान पहुँचाने, शिशुओं को अरक्षित छोड़ने और जन्म छिपाने के विषय में दण्ड प्रावधान किया गया है। धारा 354 के तहत अगर कोई व्यक्ति किसी स्त्री की लज्जा भंग करता है अथवा करने के उद्देश्य से आपराधिक बल प्रयोग करता है तो उसे 2 वर्ष की सजा अथवा जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है। धारा 361 के अनुसार यदि किसी महिला की आयु 18 वर्ष से कम है और उसे कोई व्यक्ति उसके विधि पूर्व संरक्षक की संरक्षकता से बिना सम्मति के या बहला अथवा फुसला कर ले जाता है तो वह व्यक्ति अपहरण का दोषी होगा तथा धारा 363 से 366 में दण्ड का प्रावधान किया गया है। धारा 372 के तहत अगर किसी 18 वर्ष से कम आयु की महिला को किसी वेश्यावृत्ति के प्रयोजन लिए बेचा जाने पर दोषी व्यक्ति को 10 वर्ष तक की सजा व जुर्माना अथवा दोनों की सजा दी जा सकेगी।

धारा 375 में बलात्कार को परिभाषित किया गया है एवं धारा 376 में बलात्कार के लिए दण्ड का प्रावधान है। धारा 498 (अ) में प्रावधानित किया गया है कि अगर कोई पति अथवा उसका कोई रिश्तेदार विवाहित पत्नी के साथ निर्दयतापूर्वक दुर्व्यवहार करता है अथवा दहेज को लेकर यातना देता है तो न्यायालय उसे 2 साल तक की सजा दे सकता है। धारा 509 के तहत अगर कोई व्यक्ति स्त्री की लज्जा का अनादर करने के आशय से कोई शब्द कहता है,

कोई ध्वनियाँ, कोई अंग विक्षेप करता है या कोई वस्तु प्रदर्शित करता है अथवा कोई ऐसा कार्य करता है जिससे किसी स्त्री की एकान्तता पर अतिक्रमण होता है तो ऐसा व्यक्ति एक वर्ष तक की सजा एवं जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किया जायेगा।

हमारे देश मे विभिन्न समयों में प्रचलित कुरीतियों एवं कुप्रथाओं को मुक्त कराने हेतु बहुत से अधिनियम पारित किये गये है तथा महिलाओं को सुरक्षा एवं अधिकार देने हेतु भी अधिनियम पारित किये गये हैं, जो निम्न हः–

(i) राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम 1948।

(ii) दि प्लांटेशनस लेबर अधिनियम 1951।

(iii) परिवार न्यायालय अधिनियम, 1954।

(iv) विशेष विवाह अधिनियम, 1954।

(v) हिन्दू विवाह अधिनियम 1955।

(vi) हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम, 1956 (संशोधन 2005)।

(vii) अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956।

(viii) प्रसूति प्रसूविधा अधिनियम 1961 (संशोधित 1995)।

(ix) दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961।

(x) गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम 1971।

(xi) ठेका श्रमिक (रेग्युलेशन एण्ड एबोलिशन) अधिनियम 1976।

(xii) दि इक्वल रिमुनरेशन अधिनियम 1976।

(xiii) बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006।

(xiv) आपराधिक विधि (संशोधन) अधिनियम 1983।

(xv) कारखाना (संशोधन) अधिनियम 1986।

(xvi) इन्डिकेंट रिप्रेसेन्टेशन आफ वुमेन एक्ट 1986।

(xvii) कमीशन आफ सती (प्रिवेन्शन) एक्ट, 1987।

(xviii) घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005।

महिलाओं की दशा सुधारने हेतु भारत सरकार द्वारा सन् 1985 में महिला एवं बाल विकास विभाग की स्थापना तथा 1992 में राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना की गई तथा देश में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाने लगा। भारत सरकार द्वारा 2001 को महिला सशक्तीकरण वर्ष भी घोषित किया गया। इसी प्रकार विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन भी सरकार द्वारा समय–समय पर किया गया है। जिनमें प्रमुख हैं– बालिका समृद्धि योजना, किशोरी शक्ति योजना, बालिका बचाओं योजना, इंदिरा महिला योजना, सरस्वती सायकल योजना स्वयं सिद्धा योजना, महिला समाख्या इत्यादि।

आज नारी पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिला कर प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। अंतरिक्ष की ऊँचाईयों से लेकर समुद्र की गहराइयों तक कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहाँ नारी ने अपनी अटूट, अकल्पनीय तथा असीम क्षमता का प्रदर्शन न किया हो। समाज आज भी पुरुष प्रधान ही है, परन्तु आज की नारी पुरुष के वर्चस्व को तोड़ने का माद्दा रखती है। वह पुरुष को अपने से नीचे नहीं लाना चाहती अपितु समाज में उसके बराबर का स्थान चाहती है, यह उसका अधिकार भी है और आज की आवश्यकता भी। क्योंकि स्त्री ने अपने को सभी क्षेत्रों में पुरुष के बराबर क्षमतावान साबित किया है। अब हमारे समाज का यह कर्तव्य बनता है कि वह नारी को उसका खोया हुआ स्थान प्रदान करे अन्यथा समाज एक बार फिर पतन की तरफ अग्रसर होता जायेगा। डी. एच. लारेंस ने कहा था कि– 'औरत इस धरती की वह अनुपम कृति है जो न तो मनोरंजन का साधन है और नही पुरुष की वासना का शिकार है, वह व्यक्ति की चाह की वस्तु नहीं अपितु वह तो पुरुष का दूसरा ध्रुव है।"[3]

स्त्रियों को भोग विलास की वस्तु मानने वालों को यह समझना होगा कि नारी करुणा, त्याग, ममता, क्षमता, शक्ति का पर्याय है और समाज के उत्थान में उनका अपूर्व योगदान भुलाया नहीं जा सकता। खेल हो या शिक्षा, व्यापार हो या नौकरी, घर हो या बाहर हर स्थान पर नारी ने अपना सिक्का जमा लिया है। अब समाज को अपनी आँखें खोलनी होगी तथा उसे पुनः नारी को शक्ति की देवी का स्थान देना होगा। के. एम. पाणिक्कर के अनुसार– 'कुछ मेधावी महिलाओं ने जो उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है वह भारत के लिये उतने महत्व की बात नहीं है जितनी यह बात है कि कट्टरपंथी और पिछड़े समझे जाने वाले ग्रामीण व्यक्तियों के विचार भी करवट लेने लगे हैं। यह महिलायें उन सामाजिक बन्धनों से बहुत कुछ मुक्त हो चुकी है, जिन्होंने उन्हें रूढ़ियों और 'बाबा वाक्य प्रमाण' के विचार धारा द्वारा पकड़ रखा था। 'निश्चित ही भारतीय महिलाओं की स्थिति में होने वाला यह परिवर्तन सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।'[4]

नारी को भी यह ध्यान रखना होगा कि वह स्वतंत्रता को स्वच्छन्दता समझने की भूल न करें। आज की नारी अपने लक्ष्यों और मूल्यों को स्वयं निर्धारित करने के प्रयास में खुद को छल रही है। स्वतंत्रता के नाम पर अश्लील प्रदर्शन से खुद को बचाने की जिम्मेदारी नारी की स्वयं की है अन्यथा पुनः भोग की वस्तु बनने से अपने को बचा नहीं पायेगी। नारी का अश्लील प्रस्तुतीकरण हमारे भावी कर्णधारों को दिग्भ्रमित कर रहा है जिससे बलात्कार, हत्या, अपहरण, सैक्स स्कैण्डल आदि की घटनायें आये दिन अखबारों की सुर्खियाँ बनती हैं।

इस सामाजिक प्रदूषण को रोकने का एक मात्र तरीका यह है कि हम रचनात्मक सोच के साथ हर स्तर पर आन्दोलन छेडकर उसके विरुद्ध जनमत तैयार करें तथा नारी की प्रतिभा का सही आंकलन कर उसको समाज में उचित स्थान प्रदान करें। इसके लिये नारी की सक्रिय भागीदारी एवं उसकी स्वेच्छा एवं ईमानदारी से की गयी सहभागिता अपेक्षित है। नारी को समाज में अपना खोया हुआ स्थान स्वयं प्राप्त करना होगा तथा अपनी गरिमा पुर्नस्थापित करनी होगी।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. अंसारी, एम. ए. – महिला और मानवाधिकार, ज्योति प्रकाशन, जयपुर 2003, पृष्ठ संख्या – 328।
2. अंसारी, एम. ए. – महिला और मानवाधिकार, ज्योति प्रकाशन, जयपुर 2003, पृष्ठ संख्या – 328।
3. अंसारी, एम. ए., – महिला और मानवाधिकार, ज्योति प्रकाशन, जयपुर 2003, पृष्ठ संख्या – 329।
4. आहूजा राम – क्राइम अगेनस्ट वुमेन, जयपुर, रावत पब्लिकेशन्स, 1987।
5. कौशिक आशा – नारी सशक्तिकरण, प्रतिशत निमर्श एवं यथार्थ, प्रोइन्टर पब्लिशर्स, जयपुर 2004 पृष्ठ संख्या – 200।
6. गुप्ता कमलेश कुमार – महिला सशक्तीकरण, बुक एनक्लेव, जयपुर, 2005, पृष्ठ संख्या – 94।
7. टण्डन माया, राजस्थान विश्वविद्यालय संस्था/वा. शक्ति, अप्रैल–2003 से मार्च–2005, पृष्ठ संख्या – 37, 38।
8. डा. परीक अंजु – भारतीय नारी की विविध स्थितियों का विवेचनात्मक अध्ययन, शोध समीक्षा और मूल्यांकन (अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका)– आई.एस.एस.एन. –0974–2832 Vol - II Issue - 5 (Nov- 2008 to Jan 2009)
9. देसाई नीरा और गैत्रयी कृष्ण राज – वीमेन एण्ड सोसायटी इन इण्डिया अजन्त पब्लिकेशंस, दिल्ली 1987, पृष्ठ संख्या – 46।
10. पाण्डेय, डॉ. जयनारायण – भारत का संविधान, सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी दिल्ली, 41वाँ संस्करण 2008।
11. यादव राजाराम – भारतीय दण्ड संहिता, 1860 पंचम संस्करण 2005, सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन्स, इलाहाबाद।

◈◈

विज्ञापन एवं निवेदन

रिसर्च जर्नल में विज्ञापन के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रबन्ध सम्पादक के पते पर सम्पर्क करें। **'अभिनव गवेषणा'** (मल्टी डिस्प्लनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/पियररिव्यूड रिसर्च जर्नल) आप सभी की एक स्ववित्त पोषित पत्रिका है, अतः पत्रिकी के लिए किसी भी प्रकार का आर्थिक सहयोग सराहनीय होगा।? कृपया अपनी सहयोग राशि चेक, ड्राप्ट अथवा आर टी जी एस के माध्यम से निम्नलिखित पते पर प्रेषित करें। - सम्पादक - **'अभिनव गवेषणा'**

के-444, 'शिवराम कृपा' विश्व बैंक बर्रा,
कानपुर-208 027 (उत्तर प्रदेश, भारत)

प्रबन्धन एवं सम्पादन

'अभिनव गवेषणा' (मल्टी डिस्प्लनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/पियररिव्यूड रिसर्च जर्नल) में अपने शोध पत्रों को प्रकाशित कराने हेतु नियमित स्थान प्रदान करने के लिए कृपया फुल स्केप कागज पर टाइप किया हुआ अथवा मेल किया हुआ शोध लेख अपनी स्वीकारोक्ति के साथ भेजें।?भेजने का पता - सेक्टर के - 444, 'शिवराम कृपा' विश्व बैंक बर्रा - कानपुर-208 027 (उत्तर प्रदेश, भारत) मोबाइल नं0 8896244776, **E-mail super.prakashan@gamil.com** पर सम्पर्क करें। मिलने का समय- सप्ताह में 6 दिन 10.00 से 6.00 (रविवार अवकाश)।

ISSN : 2349-9273

Received: 04 May, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में व्याप्त समस्याएँ एवं समाधान : एक विवेचन

– अशोक कुमार पाठक
रिसर्च स्कलर –
नेट, जे. आर. एफ.,
भूगोल विभाग,
दयानन्द एंग्लोवैदिक कालेज,
कानपुर–208001 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
ashokpathak037@gmail.com

शोध सारांश

किसी भी देश की समृद्धि मुख्य रूप से कृषि तथा उद्योगों के विकास पर निर्भर करती है। कृषि में वृद्धि देश का खाद्य सम्पन्न बनाने में मदद करती है तो उद्योगों का विकास देश को उत्पाद की बिक्री के फलस्वरूप पूँजी में वृद्धि करने में सहायक है। इन दोनों के विकास से ही प्रदेश के साथ–साथ देश का विकास भी सुनिश्चित होता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को कच्चा माल कृषि से प्राप्त होता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में चीनी उद्योग जो कि एक खाद्य उद्योग है। साथ ही इसमें पेय पदार्थ के उद्योग भी आते हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था के विकास में इन उद्योगों का विशिष्ट योगदान है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग कृषि तथा उद्योग के बीच सम्बन्ध की भावना को बढ़ाते है। खाद्य प्रसंस्करण प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष दोनो रूप से कृषि उत्पादन पर आधारित है। अतः ये उद्योग ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के विकास मुख्य भूमिका निभाते हैं। क्योकि ये उद्योग किसानों को अच्छे किस्म का माल उत्पादित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि इन उद्योगों के विकास में ही कृषि का विकास छिपा हुआ है। जो प्रदेश स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास से जुड़ा है। अतः प्रदेश के आर्थिक विकास में इनके योगदान को दिखाने के लिए प्रस्तुत शोध पत्र में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की प्रासंगिकता को बताने का प्रयास किया गया है।

शब्द कुँजी – खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, कृषि, विकास।

उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग –

उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग प्रदेश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। साथ ही यह रोजगार की दृष्टि से ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों के लिए आय का प्रमुख साधन है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मुख्य रूप से कृषि आधारित है। इसी कारण उत्तर प्रदेश को कृषि क्षमता के लिए भी जाना जाता है। इन उद्योगों के विकास से लोगों को स्थायी रूप से रोजगार प्राप्त होंगे, साथ ही उपभोक्ताओं को नवीन वस्तुएँ भी प्राप्त होंगी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में वे उद्योग आते है जिनका सामग्री के रूप में उपयोग किया जाता है। जैसे चीनी उद्योग, फल एवं सब्जी उद्योग।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में व्याप्त समस्याएँ –

(1) इन उद्योगों ने ग्रामीण क्षेत्रों में असंगठित तरीके से कार्य शुरु किया है। क्योंकि यहाँ पर परिवहन ; विपणन, कोल्ड स्टोरेज आदि सुविधाओं का अभाव है। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्र के साथ इन उद्योगों का विकास भी सीमित हो जाता है।

(2) इन उद्योगों में वित्त की समस्या है जिस कारण अधिकांश चीनी मिलें बन्द हो गई हैं। सरकार को प्रायः इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

(3) इन उद्योगों में अभी भी पारम्परिक तकनीकों का प्रयोग किया जाता है। आधुनिक तकनीक एवं विकसित प्रौद्योगिकी के अभाव में उच्च गुणवत्ता के उत्पादों का उत्पादन नहीं किया जा सकता है।

(4) इन उद्योगों में नवीन अनुसन्धान की कमियों का भी अभाव है।

(5) हमारे देश में आज भी एक अच्छी कृषि प्रणाली का अभाव है। जिससे कृषि की गुणवत्ता के साथ–साथ इन उद्योगों की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है।

(6) ग्रामीण स्तर पर पर्याप्त मात्रा में शक्ति संसाधन (बिजली उत्पादन के साधन) उपलब्ध नहीं है, जिस कारण औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों में होने वाला उत्पादन कार्य बाधित होता है।

निष्कर्ष एवं सुझाव –

उपर्युक्त अध्ययन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि प्रदेश के आर्थिक विकास में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का महत्वपूर्ण योगदान है। इन उद्योगों को आर्थिक विकास की एक प्रक्रिया के रूप में माना जा सकता है। उपर्युक्त अध्ययन के आधार पर हम कह सकते है कि उत्पादन में वृद्धि आर्थिक विकास को महत्वपूर्ण बनाती है। इन उद्योगों के विकास के साथ ही हम आत्म निर्भर बनते है। किन्तु इन उद्योगों में कुछ समस्याएँ विद्यमान है जिनके निवारण के लिए निम्न सुझाव प्रस्तुत हैं–

(1) सरकार द्वारा इन उद्योगों को वित्तीय सहायता तथा कुशल तकनीकी प्रदान करने के साथ, इन उद्योगों के लिए विशेष नीतियों का क्रिन्यावयन किया जाना चाहिए ताकि ये उद्योग और अधिक विकसित हो सके।

(2) ग्रामीण स्तर पर पर्याप्त मात्रा में बिजली की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि उत्पादन में होने वाली रूकावट को दूर किया जा सके।

(3) रूग्ण हो रही मिलों को वित्तीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए।

(4) उत्पाद की गुणवत्ता तथा विकास के लिए नवीन औद्योगिक तकनीक का प्रयोग करना चाहिए ताकि उत्पाद बाजार में प्रतिस्पर्धा कर सके।

आर्थिक विकास –

आर्थिक विकास का आधार उत्पादन है। देश में कृषि व औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि करके राष्ट्रीय व प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि की जा सकती है। उत्पादन प्रक्रिया में साधनों की आवश्यकता होती है। उन्हें हम भूमि, श्रम, पूँजी संगठन एवं साहस के रूप में पहचानते हैं। एक फर्म कुल उत्पादन बढ़ा सकती है, यदि वह दिये गये समय में विभिन्न साधनों की मात्राओं को बढ़ाये एवं साधनों से उचित समन्वय बनाये रखें। किसी समाज में उत्पादन केवल उत्पादन के लिए नहीं किया जाता है। उत्पादन का उद्देश्य मनुष्य की भौतिक आवश्यकताओं को संतुष्ट करना है। इनमें समाज के भविष्य की आवश्यकताओं की सन्तुष्टि सम्मिलित है।

आर्थिक विकास वह प्रक्रिया है जिससे किसी देश की वास्तविक प्रति व्यक्ति आय में दीर्घकालिक वृद्धि होती है, बशर्ते कि निरपेक्ष गरीबी रेखा के नीचे लोगों की संख्या न बढ़े तथा आय के वितरण में और अधिक असमानता न आने पाए।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से तात्पर्य –

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का आर्थिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मानव उद्यम के दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों कृषि तथा उद्योग क्षेत्र के मध्य सेतु का कार्य करते है। खाद्यान्न फसलों में गेहूँ, धान, मक्का, आलू, आम, अमरूद, ऑवला, मटर एवं अन्य सब्जियाँ, पशुधन, कुक्कुट तथा मत्स्य उप क्षेत्रों में दुग्ध माँस, अण्डे एवं शहद, प्रदेश में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के लिए कच्चे माल की उपलब्धता हेतु पारम्परिक उत्पादक क्षेत्र उपलब्ध हैं। जिससे अनुकूल एवं उपयुक्त संयोजन कर कम उत्पादन लागत पर उच्च गुणवत्ता का उत्पाद तैयार किया जा सकता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में खाद्य एवं पेय पदार्थ उद्योगों में निम्नांकित से सम्बन्धित उद्योग सम्मिलित होंगे –

(i) फल एवं सब्जी, मसाले, शहद, औषधीय एवं मशरूम प्रसंस्करण

(ii) खाद्यान्न मिलिंग प्रसंस्करण

(iii) कुछ कृषि उत्पाद जैसे मिल्क पाउडर तथा अन्य डेयरी उत्पाद, अण्डा, माँस तथा माँस उत्पाद का प्रसंस्करण।

(iv) मछली प्रसंस्करण।

(v) डबल रोटी, तिलहन, खाद्य नाश्ता आहार एवं

प्रोटीन वाले खाद्य आदि।

(vi) बीयर

(vii) गैर शीरा आधारित, अल्कोहल, जल एवं शीतल पेय।

कृषि तथा उद्योग में सम्बन्ध –

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का कृषि से प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से सम्बन्ध है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से तात्पर्य भोजन निर्माण, तम्बाकू निर्माण आदि वाणिज्यिक औद्योगिक क्षेत्रों से है। इस प्रकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में उत्पाद, फसल से प्रारम्भ करके विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरते हुए अन्त में उपयोगकर्ता तक पहुँचता है। इन क्षेत्रों पर पर्याप्त ध्यान न देने से हानि उत्पादक तथा उपभोक्ता दोनो को होती है।

प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है कि ग्रामीण क्षेत्रों का पर्याप्त विकास हो। ग्रामीण क्षेत्रों का एक मात्र साधन कृषि है। इस प्रकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की अधिकांश इकाइयाँ ग्रामीण क्षेत्रों में खोली जायें, ताकि इन क्षेत्रों के लोगों के लिए आय के नये रास्ते खुल सकें। प्रसंस्करण उद्योगों को प्रोत्साहित करने से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि तथा रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे। दोनों क्षेत्रों के बीच निकट सहयोग तीव्र आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। इन दोनो क्षेत्रों की पूरकता तेजी संचयी आर्थिक विकास को गति प्रदान करती है।

औद्योगीकरण को आर्थिक विकास के पर्याय के रूप में देखा जा सकता है। यह विकासशील देशों में व्याप्त बेरोजगारी को समाप्त करने में सहायक है। औद्योगिकरण लोगों के जीवन में सुधार लाता है। जिस प्रकार कृषि औद्योगिक विकास को बढ़ाती है, उसी प्रकार उद्योग क्षेत्र भी कृषि क्षेत्र की वृद्धि में मदद करता है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का महत्व –

आर्थिक विकास पर हाल ही में एक साहित्य में ग्रामीण क्षेत्र के नेतृत्व वाले रोजगार पर बल दिया है। विशेष रूप से एक श्रम अधिशेष के साथ विकासशील देशों के विकास के लिए एक उन्मुख रणनीति इन उद्योगों के आय के स्तर में सुधार करने में मदद करेगी। यह उद्योग स्थानीय जरूरतों और निर्यात आवश्यकताओं को पूरा करने में भी सहायक है।

भविष्य का विकास तेजी से औद्योगीकरण में ही निहित है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग भारत में उद्योग के राष्ट्रीय आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। इन उद्योगों का विकास कृषि क्षेत्रों को और अधिक प्रोत्साहित एवं मजबूत बनाने में मदद करता है। दोनों क्षेत्रों के उत्पादन और विपणन के चरणों में रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। और इन उद्योगों के विकास के साथ सामाजिक और आर्थिक विकास में सुधार होगा। खाद्य प्रसंस्करण की समग्र क्षमता का रूप बड़ा है। जो निम्न प्रकार के लाभ प्रदान करता है–

- विपणन के नये अवसरों का विस्तार।
- लोगों की आजीविका में सुधार।
- वस्तुओं के स्वयं जीवन का विस्तार।
- वस्तुओं की गुणवत्ता में सुधार।

इस प्रकार ये उद्योग ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए कई प्रकार के लाभ प्रदान करते हैं।

खाद्य प्रसंस्करण के लिए उत्पादन खेत के रूपान्तरण के लिए श्रेष्ठ अवसर प्रदान करता है। उपभोक्ता वस्तुओं में वृद्धि के साथ इस प्रक्रिया में अपव्यय को भी कम कर देता है।

इस प्रकार ये उद्योग ग्रामीण क्षेत्र को कई समस्याओं से राहत प्रदान करते है। बेहतर उत्पादकता के साथ–साथ आगे के लिए किसानों की औद्योगिक सम्भावनाओं को खोलते है। विकास के साथ यह कृषि क्षेत्र में नई मांग भी उपलब्ध कराते हैं। प्रसंस्करण का संचालन एक लम्बी अवधि तक जारी रहता है। जिससे यह उत्पादन के लिए मांग बनाये रखता है।

साहित्य की समीक्षा –

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के माध्यम से समाज के बुनियादी ढाँचे में सुधार होता है। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होती है बल्कि राज्य भी आर्थिक रूप से सम्पन्न होता है। इन उद्योगों के माध्यम से समाज में फैली विभिन्न प्रकार की समस्याएं रोजगार उत्पादन, निर्यात आय आदि की कमियों को दूर किया जा सकता है। इसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बड़े स्तर पर रोजगार के नये सुअवसर उत्पन्न किये जा सकते है। यह उद्योग ग्रामीण शक्ति को बाहर जाने से रोकते है। साथ ही ग्रामीण क्षमता का उपयोग कर ग्रामीण लोगों की आय में वृद्धि करते हैं। ये उद्योग तकनीकी को और अधिक मजबूत बना सकते है साथ ही कृषि क्षेत्र की क्षमता भी बढ़ाते है।

भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का अध्ययन किया गया और निष्कर्ष निकाला गया कि कृषि और

औद्योगिक विकास का विश्लेषण सन्तुलित किया जाना चाहिए। प्रसंस्करण से उत्पादन कृषि विकास के लिए सूचना प्रदान करेगा इस प्रकार इन उद्योगों की राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। इन उद्योगों का विकास बुनियादी आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

उद्देश्य एवं शोध प्रविधि –

प्रस्तुत शोध पत्र हेतु अपेक्षित सूचनाओं एवं आकड़ों का संकलन निम्न उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किया गया है।

(I) उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का राज्य के आर्थिक विकास में योगदान का अवलोकनात्मक अध्ययन करना।

(ii) इन उद्योगों में व्याप्त समस्याओं एवं कमियों का अध्ययन।

(iii)प्रदेश में इन उद्योगों की दशा सुधारने हेतु अपेक्षित सुझाव देना।

शोध प्रविधि –

प्रस्तुत शोध पत्र द्वितीय आँकड़ों एवं सूचनाओं पर आधारित है। अपेक्षित सूचनाओं एवं आँकड़ों का संकलन सरकारी प्रकाशनों द्वारा जारी रिपोर्टों के अनुसार, विभिन्न पत्रिकाओं, पुस्तकों एवं इंटरनेट वेबसाइटस इत्यादि के द्वारा किया गया है।

किसी भी देश की समृद्धि मुख्य रूप से कृषि तथा उद्योगों के विकास पर निर्भर करती है। कृषि में वृद्धि देश का खाद्य सम्पन्न बनाने में मदद करती है तो उद्योगों का विकास देश को उत्पाद की बिक्री के फलस्वरूप पूँजी में वृद्धि करने में सहायक है। इन दोनों के विकास से ही प्रदेश के साथ–साथ देश का विकास भी सुनिश्चित होता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को कच्चा माल कृषि से प्राप्त होता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में चीनी उद्योग जो कि एक खाद्य उद्योग है। साथ ही इसमें पेय पदार्थ के उद्योग भी आते हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था के विकास में इन उद्योगों का विशिष्ट योगदान है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग कृषि तथा उद्योग के बीच सम्बन्ध की भावना को बढ़ाते है।

खाद्य प्रसंस्करण प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष दोनों रूप से कृषि उत्पादन पर आधारित है। अतः ये उद्योग ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के विकास मुख्य भूमिका निभाते हैं। क्योकि ये उद्योग किसानों को अच्छे किस्म का माल उत्पादित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि इन उद्योगों के विकास में ही कृषि का विकास छिपा हुआ है। जो प्रदेश स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास से जुड़ा है। अतः प्रदेश के आर्थिक विकास में इनके योगदान को दिखाने के लिए प्रस्तुत शोध पत्र में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की प्रासंगिकता को बताने का प्रयास किया गया है।

उत्तर प्रदेश में कृषि का स्वरूप –

प्रदेश की अर्थव्यवस्था मूलतः कृषि पर निर्भर है। यहाँ की अर्थव्यवस्था में कृषि का स्थान हर दृष्टि से महत्वपूर्ण है। वस्तुतः यहाँ की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है और इसका लगभग हर भाग मुख्य रूप से कृषि से प्रभावित होती है। कृषि निर्यात व्यापार के लिए महत्वपूर्ण वस्तुएं प्राप्त होती है। गेहूँ, धान, गन्ना यहॉ की मुख्य कृषि में से एक है।

हमारी कृषि पर अनेक प्रकार के उद्योग निर्भर करते हैं। कृषि उद्योग भारत की अधिकांश जनता को रोजगार प्रदान करता है। कृषि उत्पादों को कच्चे माल के रूप में अनेक उद्योगों में प्रयोग किया जाता है। जिससे लाखों व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1- भारतीय अर्थव्यवस्था विकास एवं आयोजन, ए. एन. अग्रवाल, विश्व प्रकाशन, नई दिल्ली।

2- उत्तर प्रदेश की आर्थिक समीक्षा, राज्य नियोजन संस्थान, उ.प्र. 2006–07 से 2012–13।

3- भारतीय अर्थव्यवस्था, रूद्र दत्त सुन्दरम, नई दिल्ली, 2006।

4. वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण, राज्य नियोजन संस्थान 2006–07 से 2012–13, उ.प्र.।

5. www.agriculture.up.nic.in

6. www.updes.up.nic.in

7. www.udyogbandhu.com

8. www.mospi.gov.in

ISSN : 2349-9273

Received: 30 April, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

वर्तमान राजनीतिक परिवेश में विश्व कल्याण के सम्बन्ध में महावीर स्वामी के विचार

– पूजा श्रीवास्तव
रिसर्च स्कालर –
राजनीति विज्ञान,
यू. जी. सी., नेट,

ई–मेलः
poojasri16apr@gmail.com

सारांश

मानवता के कल्याण के लिए महावीर स्वामी ने असीम ज्ञान की थाथी सौपकर जन–जन प्रकाश की प्रेरणा का स्रोत प्रवाहित किया। उनके द्वारा बताये गये आदर्शों, उपदेशों को यदि आज के युग में अपनाया जाये तो निश्चिय ही संसार स्वर्गीय रूप में परिणत हो जाय, जिसमे सभी सुखी, सम्पन्न और समान होंगे। अतः विश्व कल्याण हेतु महावीर के बताये मार्ग पर चलना आवश्यक है।

प्राचीन समय में अल्प सुविधाओं के होते हुए भी मानव पूर्ण से सुव्यवस्थित ढंग से जीवन निर्वाह करता था किन्तु आज विभिन्न सुविधाओं में वृद्धि के साथ–साथ सभी असम्भव कार्यों को सम्भव करने की शक्ति मानव में निहित हो गयी। फिर भी मानव समाज लक्ष्य की अस्थिरता के कारण अशान्त हो रहा है, इसका कारण मनुष्य की सोच–विचार की क्षमता का व्यवस्थित ढंग से क्रियात्मक न होना ही है। चूँकि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विसंगतियाँ उत्पन्न हो गयी हैं तथा आज चारों तरफ वर्तमान परिवेश में बदलाव की आवश्यकता महसूस हो रही है। आज संसार अशान्त है। समस्त भौतिक सुख–सुविधाओं के रहते हुए भी मानवता त्रस्त है। ऐसी विषम परिस्थिति में केवल महावीर स्वामी द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त ही शांति और सुख की स्थापना कर सकते हैं। अतः आज के राजनीतिक परिवेश में विश्व के देशों में होड़ लगी हुई है कि मेरा देश का धर्म सबसे ऊपर है। धर्म की आड़ में मानवता शर्मसार होती जा रही है। ऐसी विषम परिस्थिति में केवल महावीर स्वामी द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त के द्वारा शांति और सुख की स्थापना किया जा सकता है।

महावीर स्वामी ने विश्व कल्याण की कामना से जितना उद्‌बोधन दिया है, वह संसार को संवारने के लिए पर्याप्त है। यदि उनके पाँच महाव्रतों को ही आज विश्व को अपनाना हो तो निश्चिय ही इस धरती का रूप कुछ और हो जायेगा। यही नहीं वरन् उनके एक–दो ही उपदेशों का पालन मानवता के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है।

आज संसार अशांत है। समस्त भौतिक सुख–सुविधाओं के रहते हुए भी मानवता त्रस्त है। ऐसी विषम परिस्थिति में केवल महावीर द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त ही शान्ति और सुख की स्थापना कर सकते हैं। अतः यदि विश्व के कर्णधार विश्व शान्ति चाहते हैं तो महावीर द्वारा उद्‌भूत वाङ्‌मय की वरीयता को परख, उसका रंच मात्र भी आचरण में उतार कर सब कुछ पा सकते हैं। महावीर के उपदेशों की अनुभूति इस क्षेत्र में पाश्चात्यों ने भी की है। किन्तु

अवश्यकता है उसे विश्व स्तर पर प्रसारित कर परखने की। एक पाश्चात्य विद्वान डॉ. शूत्रिग का कथन विचारणीय है, यथा– ''संसार सागर में डूबते हुए मानव ने अपने उद्धार के लिए पुकारा, इसका उत्तर महावीर स्वामी ने जीवन के उद्धार का मार्ग बतलाकर दिया। दुनिया को अशान्ति से बचाया जा सकता है। महावीर स्वामी ने विश्व–कल्याण की कामना से जितना उद्‌बोधन दिया है वह संसार को संवारने के लिए पर्याप्त है। यदि उनके पाँच महाव्रतों को ही आज विश्व अपना ले तो निश्चय ही इस धरती का रूप कुछ और हो जायेगा। यही नहीं वरन् उनके एक–दो ही उपदेशों का पालन मानवता के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है, एक और शान्ति चाहने वालों का ध्यान महावीर स्वामी की उदार शिक्षा की ओर आकृष्ट हुए बिना नहीं रह सकता।''[1]

अतः सांसारिक शन्ति के लिए महावीर स्वामी के विचारों को हृदयंगम करना आवश्यकता है।

''आत्मवत् सर्वभूतेषु'' की लोकमंगलकारी भावना का प्रसार जब भगवान महावीर भारत में कर रहे थे उसी समय विश्व के अन्य राष्ट्रों में भी युग–निर्माता अपने – अपने आदर्शों से समाज को संवारने पर तुले हुए थे। संसार का सर्वोत्तम जीव मनुष्य ही जब दुखी है तो यहाँ यह कैसे कहाँ जा सकता कि दूसरे प्राणी सुख की अनुभूति करेंगे। तथ्यतः इस विषम स्थिति पर गंभीरता से सोचने पर यह स्पष्ट होता है कि सभी धर्माचार्थे का युग–निर्माता वास्तव में विषम–कल्याण की कामना से कम नहीं करते वरन् स्वयं के कल्याण हेतु अनेक आडम्बर पूर्ण आयोजन करते हैं। यदि ऐसा न होता तो कभी का ''अहिंसा'' शब्द यथार्थ हो गया होता किन्तु आज ही हम विश्व में देख रहे हैं कि एक जीव दूसरे जीव को निगलने के लिए आतुर हैं। धर्म के नाम पर आज भी बलि दी जाती है। एक मनुष्य दूसरे ही हत्या करने में सकुचाता नहीं।

आज का विकासशील मानव जो स्वयं पर गर्वित है, अणु शस्त्र का निर्माण क्यों कर रहा है? जो अहम धन इस विनाशक अस्त्र शस्त्रों के निर्माण में खर्च किया जा रहा है। यदि वह मानवता के कल्याण मे खर्च किया जाता तो यह धरती स्वर्ग रूप में परिणत हो जाए। समस्त प्राणी सुख व शान्ति का अनुभव कर निर्वाण हो जाए। विश्व के अनेक भौगोलिक क्षेत्रों में आज मानवता शर्मसार होती जा रही है। कहीं इजरायल – फिलिस्तीनी संघर्ष धर्म और राज्य के बीच अन्तःसम्बन्ध साम्प्रदायिक तनाव वर्षों से युद्ध का कारण बन गया है। संघर्ष के प्रमुख पहलुओं में पश्चिमी तट और गाजा पट्‌टी पर इजरायल का कब्जा आज विश्व के सामने एक चुनौती बन गया है। कहीं रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध का मुख्य कारण अपनी स्वायतता और वर्चस्व को लेकर फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया और देश के अधिक हिस्से पर कब्जा करना शुरू कर दिया है, जो आज भी संघर्ष यहा हो रहा है, जिसके कारण इस युद्ध में हजारों की संख्या में लोगो की मौत हुई है। भारत और पाकिस्तान के बीच में मानवता को कलंकित करने वाला पाकिस्तान के द्वारा प्रायोजित आतंकवादियो के द्वारा हाल ही में कश्मीर के वादियों में घूमने वाले पर्यटकों को धर्म पूछ उनकी हत्या कर दी गई। यह आधुनिक समाज में मानवता को सोचने के लिए मनुष्य आज मजबूर है।

महावीर स्वामी के 'अहिंसा' अस्त्र को अपनाकर ही महात्मा गाँधी ने भारत को स्वतंत्र किया जो संसार में एक अनूठा आदर्श है। यही नहीं वरन् उनके अन्य सिद्धान्तों का भी गाँधी जी पर गहरा प्रभाव पड़ा है। वास्तव में 'अहिंसा' की शक्ति असीम है यह गाँधी जी ने दुनिया के सम्मुख स्पष्ट कर दिया है, फिर भी मानव इसकी महात्मा को क्यों नही परख रहा है। महावीर स्वामी की इस ''आहिंसा'' की देन से युग को उबारा जा सकता है। फिर आज अणु युद्ध की क्या आवश्यकता जिससे संसार भयभीत है। महावीर स्वामी की 'अंहिसा'' आज के परमाणु प्रलय को रोकने मे पूर्ण समर्थ है। जब कि संसार इस परमाणु की विकरालता व विनाश को सोचकर काँप उठा है। वास्तव में विश्व के कर्णधारों का यह पावन कर्तव्य है कि वे ''अहिंसा'' की महत्मा को परख, युग को पतन से बचाये। विश्व के विकास सम्पन्न देश आज परमाणु अस्त्रों का संभाले अपने पौरुष का प्रदर्शन कर रहे हैं, किन्तु महावीर स्वामी के उपदेशों को उन्हे हृदयंगम करना चाहिए। महावीर स्वामी का यह अहिंसा महामन्त्र विश्व–शान्ति का स्रोत है, जिसकी अनुभूति संसार के कर्णधार अवश्य करते हैं तभी तो विश्व–शान्ति हेतु उनके बताये गये मार्ग को आत्मसात् करना पड़ेगा। अहिंसा की आवश्यकता संसार में आज महसूस की जा रही है किन्तु राजनीतिक परिस्थितियों के कारण व्यवधान पड़ जाता है। हाँ एक दिन अवश्य संसार महावीर स्वामी के इस ''अहिंसा'' व्रत को अपनायेगा जब उसकी आत्मघाती प्रवृति संघर्षों से शान्त हो जाएगी। महावीर स्वामी के द्वारा प्रतिपादित ''अहिंसा'' विश्व कल्याण के लिए अद्वितीय थाती है। सुख–शान्ति की जननी है तथा जगत की रक्षा करने वाली

अलौकिक शक्ति है। दीर्घावधि तक कठोर साधना के पश्चात् महावीर स्वामी के प्रथम वाणी मुखरित हुई इस प्रकार थी– ''माँ हण, माँ हण'' किसी प्राणी का मत मारो, मत मारो। किसी का छेदन न करो, किसी को परिताप न पहुँचाओ। मारोगे तो मरना पड़ेगा, छेदोगे तो छिदना पड़ेगा, भेदोगे तो भिदना पडेगा। परिताप पहुँचाओगे तो परितप्त होना पडेगा।[2]

अपने–अपने कर्तव्य का ध्यान रखकर कार्य करने का आहान महावीर स्वामी ने किया जिसमे हिंसा रंचमात्र भी न हो।[3]

'सर्वभूतात्मभूतता' अर्थात प्राणी मात्र को आत्मीय भाव से अंगीकार करना महावीर स्वामी का युग कल्याण हेतु उद्‌बोधन था। इसकी पुष्टता हेतु उन्होंने अहिंसा पर बल दिया। अहिंसा ही जीवन का मूल मंत्र है, आध्यात्मिकता की नींव है, सार्वभौम शान्ति का सर्जन करने वाली और विश्व के लिए वरदान है। अतः युग–कल्याण हेतु इसको अपनाने की अपेक्षा है। अतः यदि दल–प्रपंच वाला संसार महावीर के सत्य को अपना ले तो निज के कल्याण के साथ विश्व–शान्ति में वह सहायक हो सकता है, महावीर स्वामी की यह अनुपम देन विश्व–कल्याण की एक आधारशिला है। विश्व–कल्याण की कामना से ही महावीर स्वामी वैभवपूर्ण जीवन को त्याग कर कठोर तप साधना में प्रवृन्त हुए। उन्होंने अध्यात्म के अतल से जो कुछ भी प्राप्त किया, उसे लोक–मंगल हेतु उड़ेल स्वयं को तप से झुलसाते रहे। मानव के मंगल प्रभात का आलोक उनकी वर वाणी से सदैव प्रस्फुटित होता रहॉ जिसका रंच मात्र प्रकाश अज्ञानन्धार में भटकते हुए जनों का पथ–प्रदर्शन करता रहेगा।

इस प्रकार मानवता के कल्याण के लिए महावीर स्वामी ने असीम ज्ञान की थाथी सौपकर जन–जन प्रकाश की प्रेरणा का स्रोत प्रवाहित किया। उनके द्वारा बताये गये आदर्शों, उपदेशों को यदि आज के युग में अपनाया जाये तो निश्चिय ही संसार स्वर्गीय रूप में परिणत हो जाय, जिसमें सभी सुखी, सम्पन्न और समान होंगे। अतः विश्व कल्याण हेतु महावीर के बताये मार्ग पर चलना आवश्यक है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. अहिंसा वाणी – अंक अप्रैल–मई–1956, पृष्ठ संख्या – 12।
2. अहिंसा वाणी – अंक अप्रैल मई–1956, पृष्ठ संख्या – 9।
3. जैन धर्म – मुनि सुशील कुमार, पृष्ठ संख्या – 195।

◈◈

विशेष

प्रकाशन शोधकर्त्ताओं के लिए शोध प्रक्रिया का अन्तिम और अत्यन्त महत्त्वपूर्ण चरण होता है। शोध समाज की एक मूल्यवान उपलब्धि है, जिसके लिए इसे समाज के बीच आना ही चाहिए ताकि समस्त मानवता इसका लाभ उठा सके। वर्तमान में बेलगाम होती महंगाई, कम्प्यटूर टाइपिंग, कागज, मुद्रण सामग्री एवं प्रिंटिंग की दरों में उत्तरोत्तर बढ़ोत्तरी शोधार्थियों केद्वारा प्रकाशित होने वाले शोध-पत्रों केअवसरों को सीमित एवं संकुचित करते हैं।

संगोष्ठियों में शोध प्रपत्र का वाचन शोधार्थियों एवं शोधविदों के लिए एक महत्त्वपूर्ण अवसर होता है। अपने गुणवत्तापरक शोध कार्य को इन संगोष्ठियों के माध्यम से जनमत के बीच लाने का माध्यम बनता है। ऐसे अवसरों का लाभ उठाना ही हम सभी के लिए हितकर है, हम सभी आयें और समाज में आगे बढ़कर अधिक से अधिक सहयोग देकर इसे सफल बनाने के कार्य में हाथ बंटायें।

- प्रबन्धक सम्पादक

ISSN : 2349-9273

Received: 10 May, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

सौन्दर्यशास्त्र और कला सृजन

– डॉ. (श्रीमती) कल्पना गौड़
असिस्टेन्ट प्रोफेसर –
चित्रकला विभाग,
जुहारी देवी गर्ल्स डिग्री कालेज,
कानपुर–208004 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेल :
gaurdrkalpana@gmail.com

सारांश

आज बीसवीं शती के अन्तिम दशकों में कला का स्वरूप तथा कला मूल्यों की चर्चा सौन्दर्य की उस चिन्तन से बहुत दूर है, जो हमें अजन्ता की विरादता और लघुचित्रों की संवेदनीयता में दृष्टिगत होती है। आज का कलाकार वैज्ञानिक है मनः विश्लेषक है और सबसे अधिक अपेक्षित तीव्रगामी युग का सर्जक है। 'विद्या' और 'रचना' के रूप परिवर्तन की आकांक्षी स्वरूप उसका अधुनातन माध्यम आज ग्राफिक्स (Graphics) है। जिसमें वैवाहिकता, विद्या, रेखा, वर्ण आकार का विन्यास कलाकार का नितान्त अपना है। समस्त चेतना, रसानुभूति और उदान्त परिकल्पना, कलाकार का मनोगत सत्य है। यह मनोगत सत्य, सभी के सत्य में पर्यवसित हो, अधुनातन सौन्दर्य दर्शन के माध्यम से समाज के प्रति कलाकार का सम्बोधन है।

कला और कलागत सौन्दर्य की चर्चा जिस विशिष्ट परिप्रेक्ष्य को उन्मीलित करती है, वह है ऐस्योटिक्स अर्थात स्वतन्त्र कला–शास्त्र। सौन्दर्य मूल्यांकन के इस शास्त्र की परिकल्पना 3761 रही है। शती में मात्र कला–सौन्दर्य के लिये की गई, जो नितान्त वांछनीय थी, क्योंकि कला का जन्म वास्तविकता से परे, काल्पनिक चिन्तन तथा मनः संवेदन के मध्य हुआ। कला आनन्ददायी है और सौन्दर्यास्त्र उस मनःचिन्तन को विश्लेषित करता है. जो साधारण अनुभूति से भिन्न आनन्द प्रदायी सृष्टि कर सकता है।

कई धातु से उत्पन्न, सुन्दर, मधुर और कोमल की पर्याय कला का उद्देश्य, सौन्दर्य की सृष्टि करना है, चाहे वह किसी भी रूप में अभिव्यक्ति हुई हो। लोक जीवन की कला (Folk Art), जन जातीय कला (Tribal Art) शास्त्रीय सृजन (Classical Art) अथवा आधुनिक प्रेषण (Modern Representation) ध्वनि, कल्पना और चित्रात्मकता के साथ आदि काल से लेकर आज के आधुनातन युग तक कला सत्य है। हमारे जीवन का अंग है, मानव मन की गहराई के अवचेतन स्वर में कला सृजन की तीव्र लालसा प्रमाणित है। यही लालसा मनुष्य जीवन के सभी अंगों को सजा सवांर कर रखती है। जिस परिवेश में वह रहता है, जो धारण करता है, उन में तो वह सौदर्य का स्पर्श करता ही है। अपने शरीर को सुन्दर सज्जित करने की लालसा भी मानव मन में अवस्थित रहती है। कलात्मक सौन्दर्य की यह भावना (Aestheticsense) परिवार ओर समाज का अंग है जो वंशानुक्रम से गतिशील है। 'सृजन' (Creation) और श्रेष्ठता की भावना (Subliwity) मानव मन के संस्कार हैं और 'संस्कृति' का निर्माण करते हैं। 'संस्कृति' की तुलना भी की उस सुदृढ़ चट्टान से की गई है जो कोमल कीटों द्वारा निर्मित हो क्रमशः स्थूल स्थायी बन जाती है। कला–संस्कृति निर्धारण में भी सौन्दर्य मूल्यों (Aesthetle Values) की विशिष्ट भूमिका होती है। कलात्मक सर्जन साधारण वैचारिकता अथवा दृष्टि निक्षेप से भिन्न है, इसीलिये राधा कमल

मुकर्जी ने जनजातीय कला को (Seclarized dreams of young humanity) कहा है।

नित्य प्रति के क्षणों में अनेक दृष्ट वस्तुयें मन और नेत्रों को बांधती हैं। वस्तु का विशिष्ट पार्श्व आकृष्ट करता है और एक पल के लिये विस्मय विमुग्ध हो, चित्त उसी में विलय हो जाता है और उस घटक से दूर होते ही फिर से स्वाभाविक निरन्तरता आबद्ध कर लेती है, किन्तु कला के सौन्दर्य में ऐसा नहीं होता। वह स्थायी और शाश्वत है। हमारे चिन्तन और तद्जन्य आनन्द से जुड़ा है। आनन्द की दृष्टि, अपरिसीम, अनन्त और अनुष्य है वह किसी भी स्थिति में आनन्द ही रहेगी।

मानव–मन विशिष्टता से आकृष्ट उत्सुक होता है किन्तु उन पलांशों को बन्दी बनाता है कलाकार। उसका सृजन ही कला है। राह चलते देखते उठते बैठते, अनुभव संजोते, मन गतिशील रहता है। दृष्टि केन्द्रित चाक्षुष प्रत्यक्ष सम्पूर्ण चौतन्य (Concious) को सहसा स्पन्दित कर स्तब्ध बना देता है। हर्षातिरेक, करुणा, वितृष्णा अथवा क्रोध का ह्रास से मन भर उठता है। क्षणांश में होने वाले पग पर मूल भाव तिरोहित हो विहपित (Trans form) होता है। वही मूल भाव मानवीय चिन्तन परिशीलन के शान्त एकान्त क्षणों में उद्बद्ध हो अन्य चेतना को आच्छादित कर लेता है और कलाकार का संवेदन शील अन्तर्मन कल्पना का आधार ले एक 'रचना' को जन्म देता है। वर्ड्स वर्थ के "Dafodils" की रचना ऐसे ही क्षणों में हुई थी। रचना सुन्दर का पर्याय है। सुन्दरता की सृष्टि कला है और कला की विश्लेषित सौन्दर्यानुभूति का विज्ञान है सौन्दर्य शास्त्र।

दर्शन शास्त्र की एक शाखा और केन्द्रिय बोध के रूप में हुई (Aesthaties) शब्द का उदाव ग्रीक भाषा में हुआ जिसका अर्थ था सुन्दर, कल्पना और संवेदन किन्तु उसे सौन्दर्य और कला–विज्ञान के रूप में प्रतिष्ठित किया जर्मन चिन्तक बामार्टन (Baum sartrn) ने सौन्दर्य राजन की समस्त विधाओं (सहित्य संगीत और कला) के लिये बामार्टन ने (Aesthetics) का निर्धारण किया। अतः सौन्दर्य शास्त्र की परिकल्पना सुन्दर से प्रारम्भ होकर सुन्दर में ही समाहित है। साथ ही इसके अन्तर्गत कलागत सौन्दर्य सृजन का ही अध्ययन है हो मेल के अनुसार ललित कलाओं का विज्ञान है और इसका अध्ययन चित्रगत कला–सृजन के विभिन्न पार्श्वों से परिचित कराता है–

1. अन्तस संवेदना सापेक्ष (Inner feeling)।
2. वैवारिक कल्पना सापेक्ष (Imagination)।
3. विद्या सापेक्ष (Technique of style)।

साथ ही सदयुशी अभिव्यक्ति के आधार पर सौन्दर्य मापकों की स्थापना करता है।

सौन्दर्यानुभूति, साधारण अनुभूति से भिन्न है। इससे प्राप्त आनन्द प्रयोजन–सापेक्ष नहीं है। केवल मन का लोकोत्तर आनन्द है, जिसे भारतीय मनीषियों ने रंत और चमत्कार की संज्ञान की है। आचार्य भरत का रस चिन्तन शताब्दियों पूर्व इसी आनन्द की प्रथम उद्भावना है। कलानन्द का ये स्वरूप–

1. स्थायी है– सभी प्रकार के भौतिक साधन आनन्द प्रदायी होते हैं– अच्छा भोजन, पान वस्त्र आदि। किन्तु ये आनन्द क्षणिक हैं। एक काव्य पंक्ति, संगीत का अनुरक्षण अथवा चित की रमणीयता का सौन्दर्य आनन्द स्थायी है।

2. आनन्द की यह अनुभूति विशिष्ट है– साधारण अनुभूति, ध्वनि अथवा दृश्य मात्र एक घटना के रूप में दृष्टिपटल पर क्षणभर के लिये अंकित होते हैं, वे हमें उस उच्च श्रयता की अनुभूति नहीं कराते जो कलात्मक प्रेषणीयता में ग्राह्य होती है। शेक्सपियर, कालिदास, प्रसाद की कल्पना, रविशंकर का संगीत, टर्नर और कांन्सटेबल के दृश्यांकन, देगा, हुसेन और संवावाला के अश्व तथा बेन्द्रे की ग्रामबाला अपने में विलय करने की शक्ति रखती है। यह कला का सौन्दर्य है और इस सौन्दर्य का आनन्द अन्य भौतिक आनन्द प्रक्रिया से विशिष्ट है।

3. कलात्मक आनन्द में सम–भावना (Common) है– सौन्दर्य की अपेक्षा सभी है। प्रत्येक दृष्टि सुन्दर आकार और रूप पर टिक जाती है। किसी प्रकार का विशिष्ट प्रशिक्षण सौन्दर्य ग्राहकता के लिये वांछित नहीं कलाकार अपनी सौन्दर्य सष्टि को सभी के लिये प्रस्तुत करता है और सभी के साथ आनन्द ग्रहण कर सन्तुष्ट होता है। दर्शक को क्षमता और प्रबुद्धता उसकी कृति का मूल्य निर्धारण करती है। इस मूल्य का आधार होता है कलागत सौन्दर्य की उद्भावना।

कला सौन्दर्य के चिन्तन को विश्लेषित करते हुये विभिन्न कला युगों की प्रेणीयता (Representation) उल्लेखनीय है– सर्वप्रथम प्राप्त कला अंश प्रागैतिहासिक यूगीन मानव की सौन्दर्य अभिव्यंजना है। आश्चर्य नहीं कि आज का तनाव ग्रस्त कलाकार उन अनपढ़ नागरी संस्कृति से अछूते अंकनों में अपनी अभिनव सृष्टि अन्वेषक की दृष्टि केन्द्रित कर दे। स्वतः प्रवाहित रेखांकनों में ध्वन्यात्मकता है,

जो मूल सृष्टिभावासत्य, धर्म और भय को इंगित करता है। आड़ी तिरछी रेखाओं में कलाकार ने आदि भावना को सशक्त रूप से मुद्रित किया है। कला के 'सत्य' की चर्चा करते हुये, यह क्रम विस्मयकारी नहीं कि एक ही समय कला सृजन हेतु मानव मन की जिज्ञासा त्रशित हुयी और भारत के गुहा प्राचीरों की भाँति स्पेन और फ्रांस के गुहा प्राचीर भी रंग डाले गये। वहाँ भी वातावरणीय स्थानीय प्रभाव के अतिरिक्त वही शाश्वत मानवीय संवेदन है, जो भारतीय चित्रों के समकालीन ही प्रकाशित हो उठा है, साथ ही प्रकाशित है मानव की स्वाभाविक वृत्ति कला सृजन। यह सत्य जब 19वीं शती में उजागर हुआ तो समस्त कला संसार आश्चर्य चकित हो अभिभूत हो उठा।

समस्त कला युगों से मानव के मन के सौन्दर्य की उद्भावना स्पन्दित ध्वनित है। भले ही सौन्दर्य की अनुभूति और उसके मूल्यों में अन्तर आ गया हो। साहित्य सृजन संगीत के स्वर तथा चित्रात्मकता सभी आदिकाल से निरन्तर गतिशील रहे हैं और उद्धर्वगामी (Super Egist) कलाकार अपनी संवेदना को रूप देता आया है। स्वान्तः सुखाय अथवा सामाजिकता सापेक्ष सभी स्थितियों में कलाकार का 'Ego' कार्य करता है। आज के युग में यह प्रमाणित हो चुका है, कि किसी भी सृजन में सर्जक एक विशिष्ट मनोस्थिति में जीता है। अर्न्तद्वन्दात्मक अवस्थिति ही कलाकार से सृजन की रूपात्मकता प्रेषित करवाती है। यही कारण है, कि मध्यकाल की धर्म संघर्षार्थ स्थितियों में भी कला सर्जक ने अपनी वृत्ति को उद्वेगामी रखा। योरोपीय संस्कृति में ईसा के अनुयायी जिस धार्मिक आत्म प्रताड़न के मध्य अपनी स्वना धार्मिता को जीवित रख सके, वैसे ही कठिन क्षणों में भारतीय कला भी आश्रयदाताओं और सर्जकों के मध्य साँस लेती रही। सृजन शाश्वत है अतः शाश्वत रही, वो भावना, जो सौन्दर्य सम्मोहित है। इस रूप में भारतीय वांगमय और कला भण्डार तनाव ग्रस्त क्षणों में भी सम्पन्न होते रहे।

18वीं शती के पश्चात् कलाकार की सृजनात्मकता में युगान्तरकारी आलोड़न व्याप्त हो गया। कलाकारों में वैयक्तिा की चेतना जागी। तूलिकाधारक मनोवैज्ञानिक बन गया। एक और विज्ञान ने सृजन के अभिप्रषण की दिशा को मोड़ दिया। तो दूरी ओर समाज और शासन के परिवर्तमान परिवेश में कला सृजन को तीव्र इसावात का सामना भी करना पड़ा। तात्कालिक स्थिति ने सौन्दर्य मूल्यों में गहरा परिवर्तन ला दिया। साहित्य और कला की प्रेषणीयता तीष्णगामी होने के साथ ही यर्थाथ से अतियथार्थ की ओर उन्मुख होती गयी। कलाकार नितान्त नये, सृजन का उद्घोष करने लगे। इटैलियन कवि मैरिनेट्टभ ने ऐसे यान्त्रिक युग के उद्बोधन गीत गाये जो अकल्पनीय था। भविष्य की गतिमयता और अनुमानित कोलाहल को बहुरंगी रेखाओं की आवृत्तियों में बन्दी बनाकर गति और ध्वनि के प्रेमी कलाकारों ने भविष्यवाद (Futurism) का सौन्दर्य सृजित किया। सौन्दर्य की सृष्टिविधा सापेक्ष हो गई। योरोपियन धनवादी शैली (Cubism) फार्जिज्म विभिन्न प्रयोगों का प्रति पालन थी। तत्कालीक पराधीन भारत में भी इसका स्पर्श हुआ।

इसी भाँति अति यर्थाथवादी (Surrealistic) प्रवृत्ति का जन्म साहित्य और नाटक में हुआ। प्रगयड़ का मनोवैज्ञानिक सत्य भी ग्रहण किया गया और वर्जना की सीमा को नकारते हये साहित्य सर्जक तथा नाटकीय त्रि सामाजिक चेतना के उस बिन्दु पर पहुँच गये, जहाँ अन्तर के उत्पीड़न को अन्तवरित करना या। यह प्रयोग चतुदिशायी हो उठा। कृष्ठा और पीड़ा का उद्वेलन एक बड़ी सीमा तक प्रभावी रहा। सौन्दर्य सृजन में साहित्यकारों, कलाकारों ने वे प्रतीक चुने जो विस्मयकारी होने के साथ ही हमारी चेतना के लिये एक चुनौती थे। सौन्दर्य सृजन की यह विद्या, मनोविश्लेषण की सशक्त प्रस्तुति है। इसी समय युद्ध जनित कुण्ठाग्रस्त कलाकारों तूलिका का गहरा प्रहार हुआ परम्परागत मूल्यों पर। साथ ही सृजन के नितान्त नवीन चौंकाने वाले आयाम ढूंढ़े गये। जिनका उद्भव दो विशाल विश्व युद्धों की परिणति था। किन्तु ध्वंसात्मक वृत्ति की तीव्रता सृजन (Creativity) के कोमल स्पर्श से कम है तो रहे और यर्थाथवादी चरम पर कलाकार ने सत्य के शाश्वत स्वरूप को प्रतिष्ठित किया। योरोपीय देशों में अभिव्यंजना तथा अति यर्थाथ के आधार पर वादों ने जन्म लिया। इस सृष्टि में जिन बिम्बों ने ग्रहण किया उनमें सौन्दर्य कम चिन्तना अधिक थी। सौन्दर्यानुभूति की इस नूतन शैली ने समस्त संसार के लिये संकेत प्रस्तुत किये।

भारतीय कलाकार का प्रारब्ध कुछ दूसरा ही है, दीर्घकालीन दासता के एक में कलात्मक सर्जन दिग्भृमित हो दिशा ढूंढता रहा है। सौन्दर्याभिव्यक्ति के परम्परागत आदर्श बिम्ब जो भारतीयता की पहचान थे। बिखर गये, किन्तु उत्पीड़न, शोषण के मध्य भी कलाकार को प्रकाश की एक धूमिल रेखा मिली।

राजा रवि वर्मा ने जहाँ राष्ट्रीय संस्कृति और धर्म को अपने विषयों में समेटा वहीं बंगाल में अजन्ता की परम्परा ने मृतप्राय भारतीय परिम्प में प्राशा संचार किये और

सृजनात्मकता के नये बीज बोये गये।

इस अवस्थिति के लिये लार्ड कर्जन के प्रति भारतीय कला संस्कृति सदैव आभारी रहेगी, जिन्होंने सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा का विशेष प्रयास किया। तत्कालीन कलकत्ता आर्ट स्कूल के प्रिंसिपल ई. बी. हेबेल, बंगाल कला शैली के प्रर्वतक अवनीन्द्र नाथ तथा सुविख्यात चिन्तक कुमार स्वामी ने सृजन के उद्धर्ऋव स्वर की गरिमा बनाये रखी, जिसके प्रमाण में आधुनिक कला की राष्ट्रीय संग्रहालय दीर्घा (Modern Art Gallary) में प्राप्त है।

सम्प्रति एक चुनौती भरा युग है। कला की नूतन शैली और अभिव्यंजना के पार्श्व आज के समसामयिक चिन्तन के साथ जुड़ गये हैं। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अर्जित कला के प्रदर्शन दर्शक के चौंकाते हैं। विशाल कैनवास पर झूलते रंगों को एकान्तिक संवेदना एक प्रश्न छोड़ती सी प्रतीत होती है। सौन्दर्य मूल्यों की परिकल्पना भी भ्रमित है। आज के कलाकार की रचनाधर्मिता किसी सीमा तक भौतिक मूल्यों में केन्द्रित होती जा रही है। संदेश अथवा रसात्मकता का सूक्ष्म अनुभूति का यहा नितान्त अभाव है। सौन्दर्य की परिभाषा का रूप अनन्त हो उठा है किन्तु ऐसा नहीं है कि सृजन को क्षति पहुँची हो। सभ्यता और संस्कृति के विकसित चरणों के साथ सृजनात्मक प्रेषण (Creative Representation) में विशिष्ट मिथकों और बिम्बों की कल्पना की गयी जो कलाकार के वर्चस्व को जीवन्त करती यथार्थ तथा कल्पना एक साथ मूर्तमान हो उठे हैं। यही वे फ्लांश है, जब पन्त ने कचरे के मध्य पड़ी सिगरेट की डिब्बी और चमकीली पन्नी में सौन्दर्य देखा और महाकवि निराला ने भिखारी को फटी पुरानी झोलों में कान्सटेबल ने अपनी धरती पर तो मोनमांग, पिकासो, देगा ने पीड़ित मानवता में कला मूल्य खोजे। यही चिन्तन चित्रकार हुसेन की समसामयिक चेतना है। अमृता शेरगिल की अनुभूति में धरती की महक है और बेन्द्र का आदिवासी सौन्दर्य है।

ध्वनिकार आनन्दवर्धन के अनुसार निषाद के बाण से बिद्ध सहचरी के वियोग से कातर के क्रन्दन से उत्पन्न आदि कवि का शोक ही श्लोक में परिणत हो गया था (तथा आदि क्वेर्वाल्मी के निहत सहचारी विरह कातर क्रौंचाक्रन्द जनितः शोक एवं श्लोक तथा परिणतः) और महाकवि का वह शोक प्रसरित हो, जन–जन का शोक बन गया, उसी भाँति कलाकार की संवेदनीयता भी जब दृश्य के माध्यम से उदारता में पर्यवसित हो यश सापेक्ष और शाश्वत बनकर निश्चित संकेत दे सके, वही सौन्दर्य है।

डॉ. नागेन्द्र ने रस सिद्धान्त में स्पष्ट किया है– "अब यदि आप पूछें कि एक व्यक्ति का भाव, दूसरों के हृदयों में समान भाव कैसे उत्पन्न कर देता है, तो इसका उत्तर यही है कि मूलतः सम्पूर्ण मानवता एक ही चेतना से चौतन्य है।"

आज बीसवीं शती के अन्तिम दशकों में कला का स्वरूप तथा कला मूल्यों की चर्चा सौन्दर्य की उस चिन्तन से बहुत दूर है, जो हमें अजन्ता की विरादता और लघुचित्रों की संवेदनीयता में दृष्टिगत होती है। आज का कलाकार वैज्ञानिक है मनः विश्लेषक है और सबसे अधिक अपेक्षित तीव्रगामी युग का सर्जक है। 'विद्या' और 'रचना' के रूप परिवर्तन की आकांक्षी स्वरूप उसका अधुनातन माध्यम आज ग्राफिक्स (Graphics) है। जिसमें वैवाहिकता, विद्या, रेखा, वर्ण आकार का विन्यास कलाकार का नितान्त अपना है। समस्त चेतना, रसानुभूति और उदान्त परिकल्पना, कलाकार का मनोगत सत्य है।

यह मनोगत सत्य, सभी के सत्य में परिवर्तित हो, अधुनातन सौन्दर्य दर्शन के माध्यम से समाज के प्रति कलाकार का सम्बोधन है। किन्तु सभी विधाओं, विरूपताओं में सौन्दर्यानुभूति साधारण अनुभूति से भिन्न मानव के सम्पूर्ण जीवन और विशिष्ट अनुभवों का सार है–

`Art is an integrated total experience brought about by the form of the individuals feelings andemotion with social values] judgement and experience.' **- R. K. Mukerjee**

Refernece of Books

1. Meaning of Art by H. - Read.
2. Dictionary of Modern Painting.
3. Nesthetics & Croce.
4. Aesthetics & by K. C. Pandey.
5. Concept of Aesthetics by Bcusanquet.
6. Social Functions of Art by R.K- Mukerjee.
7. Hindu view of Art by Mulk Raj Anand.
8. Art by Clive & Bell.
9. Principles of Art by R. G. Collingwood.
10. Dictionary of Art.
11. Philosophy of Modern Painting by Read.
12. रससिद्धान्त – डॉ. नागेन्द्र।

ISSN : 2349-9273

Received: 16 May, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

वैदिक शिक्षा पद्धति एवं वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता

– प्रतीक श्रीवास्तव
रिसर्च स्कालर –
राजनीति विज्ञान विभाग,
एल–एल. एम.,
यू. जी. सी. नेट
गोरखपुर विश्वविद्यालय–273001
(उत्तर प्रदेश)

ई–मेल :
prateek26jul@gmail.com

हमारे ऋषि–मुनि प्रातः स्मरणीय हैं। उनके द्वारा प्रणीत इतिहास पुराणों को देखने से हमें यह प्रतीत होता है कि पूर्व काल में भारत राष्ट्र सभी प्रकार से उन्नति अभ्युदय के शिखर पर था। ज्ञान–विज्ञान, बल–बुद्धि, धन–धान्य, सुख–सम्पत्ति, ऐश्वर्य–वैभव, प्रेम–परोपकार, शील–सदाचार, योग–विज्ञान आदि प्रत्येक विषय में इस देश ने अत्यधिक विकास करके कल्पनातीत सामर्थ्य प्राप्त किया था। वेद भारतीय संस्कृत साहित्य के अनमोल रत्न हैं। इनमें जिस आकर्षक, सरल पद्धति से गहन से गहन विषयों का ज्ञान दिया गया है, उसके कारण देश–विदेश में सर्वत्र लोकप्रिय सिद्ध हुई है। अध्यात्म विद्या के उच्च ग्रन्थों के रूप में तो ये प्रख्यात है ही, पर पाठक इनमें शिक्षा पद्धति के अनेक मनोवैज्ञानिक तत्वों को भी उपलब्धि कर सकते हैं।

भारतीय आचार्यों ने शरीर, मन और आत्मा के विकास का साधन शिक्षा को माना है। अतः शिक्षा भौतिक उपलब्धियों तक ही सीमित न रहकर आत्मचिन्तन तक का लक्ष्य निर्धारित करती है। शिक्षा का सम्बन्ध बालक के जन्म के पूर्व से लेकर उसके परिपक्व नागरिक बनने तक निरन्तर रहता है। संतानों को उत्तम विद्या, शिक्षा, गुण, कर्म और स्वभाव रूप आभूषणों का धारण कराना माता–पिता, आचार्य और सम्बन्धियों का मुख्य कर्म है। भारतीय आय परम्परा में वेद को ईश्वर की वाणी माना जाता है। आर्यों के प्रायः सभी विचारक आचार्य और ऋषिमुनि वेद को मानव मात्र के कल्याण के लिए श्रृष्टि के आरम्भ में दिया गया ईश्वरीय ज्ञान मानते हैं। वेद में जीवनोपयोगी सभी विद्या–विज्ञानों का मूल रूप में उपदेश कर दिया गया है।

तिखो यदवने शरदस्त्वामिच्छुचि घृतेन शुद्धयः स पर्यान ।
नामानिविद्याधिरे याज्ञियान्य सूदयन्ततन्वः सुजाता ।।

– ऋग्वेद ।। 172 1311 ।।

कोई भी मनुष्य वेद विद्या के बिना पढ़े विद्वान नहीं हो सकता और विद्याओं के बिना निश्चय करके मनुष्य जन्म की सफलता तथा पवित्रता नहीं होती। इसलिए सब मनुष्यों को उचित है कि इस धर्म का सेवन करें। वेदकालीन धरणा के अनुसार ज्ञान के द्वारा मानव का व्यक्तित्व दिव्य हो जाता है। वह ज्ञान के सम्पन्न होने पर देवता बन जाता है । ऐसे विद्वान को समाज में सर्वोच्च आदर प्राप्त होता है। मानव के जन्मजात तीन ऋणों में से ऋषि ऋण से मुक्ति विद्या प्राप्त करने के द्वारा ही सम्भव मानी जाती थी । वैदिक काम में सूक्तों को कंठाग्र करने की रीति थी। आज तक साधरणतः किसी भी संस्कृत के धार्मिक ग्रन्थ को और विशेषतः वेदों और वेदांगों को कण्ठस्थ करने का प्रचलन मिलता है। अपने ज्ञान की परिपक्वता और पूर्णता की प्रतिष्ठा करने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थी भ्रमण करते हुए विभिन्न प्रान्तों के विद्वानों से विवाद करते थे । विवाद में परास्त होने पर वे कभी–कभी स्वयं

विजयी विद्वान के शिष्य बनकर उनसे विद्या सीखते थे। ऐसे विवाद वैदिक काल से ही प्रायः सदा होते आए हैं। विवादों में आजकल के शस्त्रार्थ की भाँति हठधर्मिता नहीं होती थी। विवादों के द्वारा सत्य का अनुसंधान कर लेना तथा उसके आधार पर अपने व्यक्तित्व का विकास करना प्रधान उद्देश्य होता था ।

आचार्याद्धयेव विद्याविदितासाधिष्य प्रापति ।

– छान्दोग्य उपनिषद् 4.9.3

उपनिषद युग में आचार्य का शिक्षण में विशेष महत्व था। अपने आप सीखी हुई विधा कच्ची ही समझी जाती थी।फिर भी तत्कालीन शिक्षण को गौरवान्वित करने में जिज्ञासु विद्यार्थियों की ज्ञान परायणता को ही प्रथम कारण कहा जाता सकता है। आचार्य से जो कुछ श्रवण किया, उसे मनन और लिपिशासन के द्वारा संवर्धित करके तद्नुकूल व्यक्तित्व का विकास करने वाले ब्रह्मचारी महान थे। उस समय विभिन्न आचार्यों से शिक्षा पाने के लिए उत्सुक विद्यार्थी सदैव तत्पर रहते थे। जहाँ कहीं ज्ञात हुआ कि कोई विद्वान दर्शन के उच्च तत्वों का ज्ञान रखता है।, झट विद्यार्थी उसके पास पहुँचकर उस नयी वस्तु को सीख लेते थे। इस प्रकार हम देखते हैं कि वैदिक शिक्षा में भारतीय संस्कृति के सर्वोच्च अध्यात्मिक और वैज्ञानिक तत्व महर्षियों के द्वारा प्रतिष्ठापित हैं। अतः वैदिक शिक्षा पद्धति मनोवैज्ञानिक एवं क्रियात्मक शिक्षा पद्धति के रूप में आज भी उपादेय है ।

आचार्य शिष्य का निर्माण कैसे करेगा–

सबसे पहले उसके पास ऐसा वातावरण होना चाहिए जहाँ तक अपना प्रयोग आरम्भ कर सके और सांसारिक अशान्ति से सुरक्षित हो । वेद ने कहा–

उपहरे गिरीणांसगमे व नदीनां,
घिया विप्रो अजायत । – यजु. 27 । 15

उत्तम आदर्शों, उत्तम शिक्षकों और अनुकरणीय अनुकूल वातावरणों में शिक्षा का आरम्भ और विकास सम्भव हो सकता है। पर्वतों की घाटियों एवं नदियों के संगमस्थलों में उपस्थित विद्वानों में ही बुद्धि का उद्वेक होता है। इस कारण विद्वान आचार्य अपने शिल्पों को ऐसे वातावरण में रखने का यत्न करें, जहाँ बालक अपनी आँखें खोलकर प्रकृति के वैचित्रय और सौन्दर्य को निहार सकें। इसके साथ ही प्रकृति की व्यापकता की भाँति अपनी दृष्टि को भी व्यापक बना सकें ।

स्वस्थ मन और मस्तिष्क के लिए स्वस्थ शरीर भी आवश्यक होता है। इसलिए शिक्षा देने से पूर्व शिष्य की शारीरिक परीक्षा और न्यूनता निवारण भी अत्यन्त आवश्यक होना चाहिए । वाणी, दृष्टि, श्रवण आदि शक्तियों के बिना ज्ञान ग्रहण कैसे सम्भव हो सकेगा? मानव की जिन बौद्धिक शक्तियों के विकास का प्रयास शिक्षण कार्य में होना चाहिए उनका व्यापक वर्णन हमें वैदिक ऋचाओं में मिलता है। उन शक्तियों का विवेचन हम इस प्रकार कर सकते हैं–

1. **सावित्री** – कियात्मक शक्ति।
2. **ब्रह्म** – ज्ञान सूचनाओं का संग्रह, सिद्धान्त, तथ्य, घटनाएँ।
3. **श्रद्धा** – तर्क और अनुभव के आधार पर निष्ठा।
4. **मेघा** – शुद्ध बौद्धिकता, मौलिकता एवं प्रेरणा।
5. **प्रज्ञा** – समझने की शक्ति और स्वरूप् ग्रहण की क्षमता।
6. **धारणा** – प्राप्त ज्ञान को स्मरण रखने की शक्ति।
7. **सदसस्पति** – समूह पर नियंत्रण और सभा संचालन।
8. **अनुमति** – दूसरों के विचारों को जानना, सहमत होना और समझौता करना।

मानव–मस्तिष्क की ये कुछ शक्तियाँ हैं जिनका विकास बालक के शिक्षणालय में प्रवेश से आरम्भ होना चाहिए और उसे दैनिक जीवन में इनकी उन्नति के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। वर्ष में सत्रारम्भ के दिन नवीन प्रविष्ठ बालकों के साथ प्राचीन बालकों को भी इन शक्तियों का स्मरण आचार्य को कराना चाहिए। इसी दृष्टि से श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन उपाकर्म पद्धति का विकास किया गया था। वर्तमान में तो प्रवेश का न कोई नियम है और न स्वरूप। शिक्षाशास्त्रियों को प्रवेश की एकरूपता पर गम्भीर विचार करना चाहिए। आज की युवा पीढ़ी में जो उच्चश्रृंखलता, स्वच्छन्दता और स्वार्थपरता बढ़ रही है, उसका कारण भद्र भावना का अभाव ही है। आज की शिक्षा में इस तत्व की उपेक्षा है और इसी कारण शिष्य समाज नैतिक मूल्यों के महत्व को नहीं समझ पा रहा है। स्वस्थ शरीर स्वस्थ मस्तिष्क और पवित्र आत्मा का निर्माण स्वरूप विकसित करना ही वैदिक शिक्षा पद्धति का सारांश है ।

आज शिक्षा क्षेत्र में जो अशान्ति और अव्यवस्थ संव्याप्त है, उसका निराकरण शिक्षा के वैदिक दृष्टिकोण से ही सम्भव हो सकेगा। आज शिक्षा को व्यापार बना दिया गया है। शिक्षा का अर्थकारी होना ही शिक्षा की सार्थकता

मानी जाती है । परन्तु यह दृष्टिकोण दूरदर्शी नहीं है। जब तक शिक्षा को जान–दान और सेवाभावना से सम्पृक्त नहीं किया जायेगा, जब तक शिक्षा को विचार स्वातंत्रय नहीं मिलेगा, जब तक श्रवण–मनन, निदिध्यासन की प्रणाली का विकास नहीं होगा तब तक शिक्षा के लिए बड़े–बड़े, विशाल भवन भले ही बनते रहे, शिक्षा शिक्षा न बन सकेगी। शिक्षा का जीवन और चरित्र से अभिन्न सम्बन्ध होना चाहिए। प्रत्येक जीवन का दर्शन होता है और प्रत्येक व्यक्ति उसी दर्शन के आधार पर अपने चरित्र का निर्माण एवं विकास करता है। आज जीवन का दर्शन अर्थ और काम है। सारा चक्र इसी आधार पर घूम रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि धर्म और मोक्ष के अन्तर्गत अर्थ और काम को सीमित रखा जाय ।

वैदिक शिक्षा ने अर्थ और काम की उपेक्षा नहीं की। इस वैदिक दृष्टि का शिक्षा में समावेश ही आज की शिक्षा समस्या का समाधान है और मानव जीवन के लिए भय और आतंक से संत्रस्त मानव जाति के लिए विनाश से बचने का आदर्श सुपथ है। वर्तमान शिक्षा में पूरी तरह यान्त्रिक, निर्जीव और घातक हो जाती है। जिस शिक्षा के रहते अभाव, अशान्ति, हिंसा, झूठ, छल और अमानवीयता ही पनपती हो उसे शिक्षा नहीं माना जाना चाहिए। कम से कम भारत में तो ऐसे शिक्षा केन्द्र होने ही चाहिए, जिनके साहस, निर्भयता, मानवता, आत्मज्ञान आदि की शिक्षा दी जाये ।

शिक्षण विधि–

उपनिषदें भारतीय संस्कृत–साहित्य के अनमोल रत्न हैं। इनमें जिस आकर्षक, सरल पद्धति से गहन से गहन विषयों का ज्ञान दिया गया है। उसके कारण ये देश–विदेश में सर्वत्र लोकप्रिय सिद्ध हुई है। अध्यात्म विद्या के उच्च ग्रन्थों के रूप में तो ये प्रख्यात हैं ही, पर पाठक इनमें शिक्षा पद्धति के अनेक मनोवैज्ञानिक तत्वों की भी उपलब्धि कर सकते हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय विचारधारा और संस्कृति की विषय वस्तु को सम्मिलित कर देने मात्र से कोई शिक्षा भारतीय नहीं बन जाती। शिक्षण विधि के अन्तर्गत मनुष्य को ज्ञान प्राप्ति करने के विभिन्न साधनों का अध्ययन किया जाता है। हमें भारत की उस उन मनोवैज्ञानिक पद्धतियों की खोज करनी होगी, जो मनुष्य की उन समस्त नैसर्गिक शक्तियों एवं उपकरणों को सजीव न बना देती है, जिनके द्वारा वह ज्ञान को आत्मसात् करना है। नवीन सृष्टि करता है तथा मेधा, पौरूष और ऋतम्भरा प्रज्ञा का विकास है, उस विपुल बौद्धिकता अध्यात्मिकता और अति मानवीय नैतिक शक्ति का रहस्य क्या था? जिसे हम वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, प्राचीन दर्शन शास्त्रों में भारत के सर्वोत्कृष्ट काव्य–कला, शिल्प और स्थापत्य में स्पन्दित होते हुए देखते हैं? हमें भारत के आदर्शों और उन पद्धतियों को अधिक प्रभावशाली और आधुनिकतम परिवेश के अनुरूप जीवित करना होगा ।

वर्तमान उद्दण्डता, अनुशासनहीनता, अनैतिकता चारित्रिक अधःपतन, माता–पिता तथा प्रतिबद्धाहीनता, राष्ट्रीय भावना की कमी स्वार्थान्यता आदि दोष इसी दूषित शिक्षा पद्धति के कारण है। परिचित द्वारा अपरिचित का तथा व्यक्त द्वारा अव्यक्त का उपदेश देना गुरु का महनीय कार्य रहा और इस कार्य की सार्वत्रिक सिद्धि के लिए उन्होंने आख्यानों का उपयोग किया है।

1. आख्यान शैली– आख्यान शैली का उदय बंद से प्रारम्भहोताहै।वेद की प्रत्येकसंहिता, ब्राह्मण तथा उपनिषद में न्यून तथा अधिक मात्रा में यह शैली समादृत हुई है. इस शैली को बच्चों की शिक्षा पद्धति में सम्मिलित किया जाना चाहिए किन्तु बच्चों और बालकों के लिए तथा प्रौढ़ शिक्षा के कार्यक्रम में विशेष प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा यदि यह प्रणाली वर्तमान में अपनायी जाये तो शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावकारी बनाया जा सकता है ।

2. प्रत्यक्ष – इस विधि से शिक्षा देने से बालकों का सर्वांगीण विकास होता है। वर्तमान समय में शिक्षा के पाठ्यक्रम की कहीं अधिक कठोर है। शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारियों को व्यापक बनाते हुए छात्रों की कलात्मक, सृजनात्मक, अभिन्यात्मक अध्यात्मिक और प्रेरणात्मक आवश्यकताओं का ध्यान रखना चाहिए । हमारे भास्तीय तत्वदृष्टा महर्षियों ने परा एवं अपरा दो विधाओं का उपदेश दिया है–

द्वे विधे बेदितव्ये इति ह स्म यद्ब्रहाविदों वदान्ति परा चैवापरा च ।। – मुण्डकोपनिषद – 1 ।1 ।4–5

हमें शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक आदि भौतिक दृष्टि से उन्नत बनाने वाली जो विद्या है, वह अपरा विद्या है, जिसे हम भौतिक विद्या भी कह सकते हैं। प्रत्यक्ष शिक्षाविधि में गुरू परम्परा और गुरुकुलों का बहुत ऊँचा स्थान है, क्योंकि गुरू बिना ज्ञान नहीं होता।

3. अनुमान – वैदिक काल के उपासक महान् आशावादी थे, वे लोग इस लोक में धन–धान्य और दीर्घायु

के अभिलाषुक थे और परलोक में पितृलोक के सुख की कामना किया करते थे। हमारे ऋषिगण काल गणना और अनुमान के आधार पर समस्त ज्ञान का अर्जन करते थे। इस प्रकार देखा जाता है कि जिस ज्ञान को बालक प्रत्यक्ष विधि से नहीं ग्रहण कर पाता, उस ज्ञान को प्रदान करने के लिए अनुमान विधि से ज्ञान का विस्तार किया जा सकता है।

4. शब्द प्रमाण – जिस विषय का ज्ञान अनुमान एवं प्रत्यक्ष से मालुम नहीं हो पाता तो शब्द प्रमाण के सहायक ज्ञान को प्राप्त किया जाता है, यह ज्ञान मौखिक तथा लिखित वाणी के अन्तर्गत प्रयुक्त किया जाता है। व्यक्ति का समुचित बौद्धिक, भावनात्मक तथा शारीरिक विकास न हुआ तो परिपक्वता न आई हो तो कल्पना कीजिए उसका मानसिक संतुलन कैसे स्थिर रह पाएगा। शब्द प्रमाण के अन्तर्गत व्याख्यान, चर्चा, पुस्तक अध्ययन, कक्षा अध्यापन, योगचर्चा, आदि विधियाँ आती हैं जिसके द्वारा वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में दायर करके शिक्षा में क्रांति लाया जा सकता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि भारत में आज शिक्षा–व्यवस्था जिन हाथों में है, उनका एक प्रतिशत भी आभास पद के गौरव का अधिकारी नहीं है। शिक्षा को आज व्यापार का रूप मिला हुआ है। शिक्षा–संस्थाएँ कारखानें बनी हुई हैं। जहाँ बेरोजगार युवक तैयार होते हैं। देश की उन्नति और मानक के आदेश विकास के लिए देशवासियों को प्राचीन भारत के शिक्षा–आदर्शों को स्वीकार करना चाहिए। जितना शीघ्र देश यह करेगा, देश की शिक्षा पद्धति उत्तम और सार्थक बन सकेगी। 'विद्याविहीनः पशु' विद्यारहित मनुष्य का जीवन पशु तुल्य है। इसी योनि में विशेष ज्ञान लाभ द्वारा मानव अपना मुख्य उद्देश्य पूरा कर सकता है ।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. ऋग्वेद संहिता – प्रथम खण्ड, स्वरूप का लक्षण, मोतीलाल बनारसीदास, लाहौर–1939।
2. छान्दोग्योपनिषद् – शंकर भाष्य, गोविन्द भवन, गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत्– 2941।
3. यजुर्वेदसंहिता – सात वेदों का श्रीपाद दामोदर सम्पादक, स्वाध्याय मण्डल, पारडी–1968।
4. मुण्डकोपनिषद् – शंकर भाष्य, गोविन्द भवन, गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत्–2041।
5. शिक्षा सिद्धान्त एवं दर्शन – सिंह सत्यदेव, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी–1971।
6. आधुनिक भारतीय शिक्षा : संरचना और समस्या – अग्रवाल जे. सी., आर्य बुक डिपो, करोलबाग, नयी दिल्ली–1989।
7. शिक्षा तथा मानव मूल्य – डॉ. बी. एस., हरियाणा साहित्य अकादमी, चण्डीगढ़–1992।

ABHINAV GAVESHNA

Multi Displinary Quareterly International Refreed/Peer Reviewed Research Journal

I.S.S.N. : 2394-4366

(Multi Displinary Quareterly International Refreed/Peer Reviewed Research Journal)

(in Multi Language: Hindi + English + Sanskrit)

`Abhinav Gaveshna'

Sector-K-444, `Shiv Ram Kripa' World Bank Barra-Kanpur-208027 (U.P.)

Contact- 08896244776

E-mail: mohittrip@gmail.com

Visit us : www:abhinavgaveshna.com, thegunjan.com

ISSN : 2349-9273

Received: 22 April, 2024; **Accepted:** 28 June-2024, **Published:** July-December, 2024 Issue

वैदिक काल से आधुनिकपर्यन्त चुनौतियाँ एवं भारतीय नारी

. प्रो. (डॉ.) अर्चना श्रीवास्तव
संस्कृत विभाग,
महिला महाविद्यालय, किदवईनगर,
कानपुर–208011 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेल :
archnasrivastava@gmail.com

सारांश

(यह शोध पत्र वैदिक काल से लेकर आधुनिक युग तक भारतीय नारी की सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति का आलोचनात्मक मूल्यांकन प्रस्तुत करता है। यह वैदिक साहित्य में महिलाओं की अपेक्षाकृत सम्मानजनक स्थिति, मध्यकाल में उनकी स्थिति में आई गिरावट, और आधुनिक काल में समाज सुधार आंदोलनों और नारीवादी प्रयासों के माध्यम से हुए परिवर्तनों का निरीक्षण करता है। यह पत्र संवैधानिक प्रावधानों और कानूनी पहलों की भूमिका का भी विश्लेषण करता है, साथ ही आधुनिक भारत में महिलाओं द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों और आगे की राह पर भी विचार करता है।)

भारतीय समाज में नारी का स्थान सदैव ही एक महत्वपूर्ण विषय रहा है। समय के साथ, महिलाओं की भूमिकाओं और उनकी स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन आए हैं। वैदिक काल में जहाँ महिलाओं को शिक्षा और धार्मिक कार्यों में भागीदारी का अधिकार था, वहीं मध्यकाल में उनकी स्वतंत्रता सीमित कर दी गई। आधुनिक भारत में, नारीवादी आन्दोलनों और संवैधानिक प्रावधानों के परिणामस्वरूप महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन लैंगिक भेदभाव अभी भी एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।

वैदिक काल में नारी की स्थिति एक गौरवशाली अध्याय है। वैदिक साहित्य भारतीय इतिहास में एक ऐसा कालखण्ड प्रस्तुत करता है जब महिलाओं को समाज में उच्च स्थान प्राप्त था। यह युग भारतीय नारी के लिए अपेक्षाकृत 'स्वर्णयुग' के रूप में देखा जा सकता हैं। वे न केवल शिक्षित थीं बल्कि धार्मिक और दार्शनिक चर्चाओं में भी सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। ऋग्वेद में कई विदुषी महिलाओं का उल्लेख मिलता है, जिन्होंने मंत्रों की रचना की और यज्ञों का संचालन किया।[1]

वागाम्भृंण,सरस्वती जैसी देवियों को ज्ञान और विद्या के प्रतीक के रूप में पूजा जाता था, और उन्हें यज्ञों में आमंत्रित किया जाता था। अथर्ववेद में ब्रह्मचारिणी कन्याओं का उल्लेख है, जो उच्च शिक्षा प्राप्त करती थीं।[3] वैदिक काल में छात्राओं के दो प्रकार बताए गए हैं– सद्योद्वाहा, जो अध्ययन पूर्ण कर गृहस्थाश्रम में प्रवेश करती थीं और ब्रह्मवादिनी, जो आजीवन ब्रह्म–चिन्तन में रत रहती थीं। गार्गी और मैत्रेयी जैसी विदुषियों ने दर्शन और मीमांसा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वैदिक समाज में कन्या के जन्म पर शोक मनाने का कोई प्रमाण नहीं मिलता है, बल्कि कुछ अनुष्ठानों का उल्लेख मिलता है, जो विदुषी पुत्री की कामना से किए जाते थे।[4] नारियों को सम्पत्ति का अधिकार था और उन्हें

अपना जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्रता थी।[5] कुछ परिवारों में मातृसत्तात्मक व्यवस्था की झलक भी मिलती है, जहाँ पुत्रों को माता के नाम से जाना जाता था।[6]

बृहदारण्यक उपनिषद में महर्षि याज्ञवल्क्य और गार्गी के बीच हुए दार्शनिक संवाद का विस्तृत वर्णन मिलता है। गार्गी ने याज्ञवल्क्य जैसे प्रकाण्ड विद्वान को चुनौती दी और उनके साथ आत्मा और ब्रह्म के गूढ़ रहस्यों पर बहस की। यह संवाद नारी की बौद्धिक क्षमता और ज्ञान की पहुँच का स्पष्ट प्रमाण है।

'मैत्रेयी– यह याज्ञवल्क्य की पत्नी थीं, जिन्होंने भौतिकता की अपेक्षा आत्मज्ञान को महत्व दिया। बृहदारण्यक उपनिषद[7] (2.4.1–14) में मैत्रेयी और याज्ञवल्क्य के बीच 'अमृतत्व' (अमरता) पर एक प्रसिद्ध संवाद है, जहाँ मैत्रेयी स्वयं को केवल धन से संतुष्ट न पाकर आत्मज्ञान की खोज में लग जाती हैं। 'अपाला, घोषा, लोपामुद्रा, विश्ववारा, श्रद्धा, इंद्राणी इत्यादि ऋग्वेद में लगभग 20 ऐसी ब्रह्मवादिनी ऋषिकाओं का उल्लेख मिलता है, जिन्होंने स्वयं मंत्रों की रचना की और जिन्हें 'ऋषिकाएँ' कहा गया। उदाहरणार्थ ऋग्वेद मंडल 10, सूक्त 39 और 40 की कुछ ऋचाएँ घोषा द्वारा रचित मानी जाती है।

कुछ विद्वानों का मत है कि वैदिक काल में नारियों का भी उपनयन संस्कार (विद्यारंभ संस्कार) होता था, जो उन्हें वेदाध्ययन का अधिकार देता था। अथर्ववेद (11.5.18) में एक मंत्र प्राप्त होता है–'ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विन्दते पतिम्' अर्थात् ब्रह्मचर्य व्रत लेकर कन्या विद्याध्ययन करती हुई, युवावस्था में पति को प्राप्त करती है।

यह मंत्र अप्रत्यक्ष रूप से बालिकाओं के लिए ब्रह्मचर्य और शिक्षा की अवधि का संकेत देता है।

वैदिक युग में नारी को धार्मिक अनुष्ठानों और यज्ञों में सक्रिय रूप से भाग लेने का पूर्ण अधिकार था। उसे पति की 'सहधर्मचारिणी' माना जाता था।

किसी भी यज्ञ को पूर्ण और वैध नहीं माना जाता था यदि पत्नी पति के साथ उपस्थित न हो। ऋग्वेद में कई स्थानों पर पत्नी के यज्ञ में पति के साथ बैठने का उल्लेख मिलता है।

'पत्नीसाहस्रं हवींष्यनुतिष्ठति',

'अयज्ञियों व एषः योऽपत्नीकः।'

अर्थात् पत्नी अपने पति के साथ यज्ञों में हवि अर्पित करती है तथा पत्नी के बिना यज्ञ पूर्ण नहीं माना जाता था।

कुछ संदर्भ यह भी प्राप्त होते हैं कि वैदिक नारियाँ ऋत्विक् (यज्ञ कराने वाले पुरोहित) के रूप में भी कार्य करती थीं। वे स्वयं भी प्रार्थनाएँ करती थीं और देवताओं की स्तुति करती थीं। वे यज्ञ के लिए आवश्यक सामग्री तैयार करने में भी सक्रिय भूमिका निभाती थीं। वैदिक समाज में विवाहित स्त्री को 'शुभताः और 'समृद्धि' लाने वाली माना जाता था। उसके आशीर्वाद को महत्वपूर्ण माना जाता था।

यह भागीदारी न केवल उसकी धार्मिक महत्ता को दर्शाती है, बल्कि समाज में उसकी सम्मानजनक स्थिति और उसकी सक्रिय भूमिका को भी रेखांकित करती है।

वैदिक काल में विवाह एक पवित्र संस्कार था, और नारी को अपना जीवन साथी चुनने की स्वतंत्रता प्राप्त थी।

स्वयंवर प्रथा का यद्यपि व्यापक उल्लेख नहीं मिलता, पर कुछ राजकुमारियों के स्वयंवर के उदाहरण मिलते हैं, जहाँ नारी अपनी इच्छानुसार व्यक्ति को चुन सकती थी।कुछ वैदिक ग्रंथों में प्रेम विवाह (गांधर्व विवाह) को भी सामाजिक स्वीकृति मिली हुई थी।

विधवा पुनर्विवाह यद्यपि बाद के युगों में वर्जित हो गई परन्तु वैदिक काल में विधवा पुनर्विवाह के कुछ उदाहरण प्राप्त होते हैं। अथर्ववेद– (9.5.27–28) में एक मंत्र है जो विधवा के दूसरे विवाह का संकेत देता है–

'या पूर्वं पतिं वित्त्वाऽथान्यं विन्दतेऽपरम्।

पञ्चौदनं च तावजं ददातो नवि योषतः।।'[9]

अर्थात् जो दूसरा पति प्राप्त करती है। उसे पंचौदन (एक प्रकार का यज्ञ) देना चाहिए, ताकि वह उन्हें (देवताओं को) हानि न पहुँचाए। पारिवारिक मुखिया के रूप मेंगृहिणी के रूप में नारी का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण माना जाता था।

वैदिक युगीन नारी की स्थिति का गहन अध्ययन यह दर्शाता है कि उसे समाज में एक महत्वपूर्ण, सम्मानित और अपेक्षाकृत स्वतंत्र स्थान प्राप्त था। उसे शिक्षा प्राप्त करने, धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने और परिवार के निर्णयों में अपनी राय रखने का अधिकार था। गार्गी, मैत्रेयी जैसी विदुषी नारियों और घोषा, लोपामुद्रा जैसी ऋषिकाओं के उदाहरण इस बात के अकाट्य प्रमाण हैं कि ज्ञानार्जन पर कोई लैंगिक प्रतिबन्ध नहीं था। विवाह और पारिवारिक जीवन में भी उसे सहधर्मचारिणी और गृहणी के रूप में महत्वपूर्ण माना जाता था।

यह सच है कि कुछ पितृसत्तात्मक रुझान मौजूद थे

और पुत्र की कामना की जाती थी, लेकिन यह बाद के युगों की कठोर पाबन्दियों और भेदभाव से बहुत अलग था। वैदिक साहित्य में नारी के प्रति जो सम्मान और सकारात्मक दृष्टिकोण झलकता है, वह भारतीय समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत रहा है। यह विश्लेषण यह स्थापित करता है कि नारी का अवनति बाद के सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक परिवर्तनों का परिणाम था, न कि वैदिक सिद्धांतों का। वैदिक युग एक ऐसा कालखण्ड था जहाँ नारी को उसके गुणों और क्षमताओं के आधार पर पहचाना जाता था, जो आधुनिक मानवाधिकारों के सिद्धान्तों के कई पहलुओं से मेल खाता है।

मध्यकाल में भारतीय नारी की स्थिति में महत्वपूर्ण गिरावट आई। सामाजिक और धार्मिक रूढ़ियों ने महिलाओं की स्वतंत्रता और अधिकारों को सीमित कर दिया। उन्हें शिक्षा से वंचित कर दिया गया और उनकी भूमिका घर और परिवार तक सीमित कर दी गई। बाल विवाह और सती प्रथा जैसी कुप्रथाएं समाज में व्याप्त हो गईं, जिससे महिलाओं का जीवन और भी कठिन हो गया। ''स्त्रीशूद्रौ नाधीयाताम् इति श्रुतेः'' जैसे कल्पित वचनों को धर्म के नाम पर प्रचारित किया गया, जिसने महिलाओं और शूद्रों को शिक्षा से वंचित रखने का समर्थन किया।

आधुनिक युग में, महिलाओं के अधिकारों की अवधारणा ने व्यापक रूप लिया है इसमें कानून और विभिन्न सामाजिक संगठनों का अपूर्व सहयोग भी प्राप्त हुआ है। संयुक्त राष्ट्र संघ और विभिन्न राष्ट्रीय कानून लैंगिक समानता और महिलाओं के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव के उन्मूलन पर जोर देते हैं।

संयुक्त राष्ट्र चार्टर लिंग, भाषा या धर्म के आधार पर भेदभाव के बिना सभी के लिए मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के सम्मान को बढ़ावा देता है। महिलाओं के स्तर पर आयोग और महिलाओं के विरुद्ध भेदभाव उन्मूलन पर समिति जैसी संयुक्त राष्ट्र की संस्थाएं महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनके सतत विकास के लिए काम करती हैं। लिंगीय भेदभाव की समाप्ति पर घोषणा पत्र (1967) लिंग आधारित भेदभाव को अन्यायकारी और मानव गरिमा के खिलाफ अपराध घोषित करता है । महिलाओं के विरुद्ध सभी प्रकार के भेदभाव के उन्मूलन पर कन्वेंशन (CEDA) महिलाओं के साथ भेदभाव को समाप्त करने और पुरुषों के साथ उनकी समानता सुनिश्चित करने के लिए सदस्य राष्ट्रों पर दायित्व डालता है ।

भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समानता और कानून के समक्ष समान संरक्षण की गारन्टी देता है। संविधान के भाग–3 में मौलिक अधिकारों का समावेश है, जो महिलाओं को भी समान रूप से प्राप्त हैं। भारत में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और बढ़ावा देने के लिए कई कानून बनाए गए हैं, जिनमें शामिल हैं–'दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 (दहेज की कुप्रथा को रोकने के लिए बनाया गया)। 'भारतीय दण्ड संहिता (IPC) महिलाओं के खिलाफ अपराधों जैसे– बलात्कार (धारा 376), अपहरण (धारा 361, 363, 366), लज्जा भंग (धारा 354) और भ्रूणहत्या (धारा 315) के लिए दण्ड का प्रावधान करता है। चिकित्सीय गर्भपात अधिनियम कुछ शर्तों के तहत महिलाओं को गर्भपात का अधिकार देता है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय महिला आयोग जैसे संस्थान भी भारत में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्राचीन धर्मशास्त्रों में महिलाओं के लिए कुछ नैतिक और सामाजिक कर्तव्य निर्धारित किए गए थे, और कुछ संदर्भों में उनके प्रति सम्मान भी दर्शाया गया था। हालाँकि, आधुनिक कानूनी ढांचा लैंगिक समानता के सिद्धांत पर आधारित है और महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार और अवसर प्रदान करता है। प्राचीन युग में महिलाओं की भूमिका प्रायः परिवार और समाज में उनकी स्थिति के आधार पर सीमित थी, जब कि आधुनिक अधिकार महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, राजनीति और व्यक्तिगत स्वतंत्रता सहित सभी क्षेत्रों में समान भागीदारी का अधिकार देते हैं।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि प्राचीन ग्रंथों में भी महिलाओं की विभिन्न भूमिकाओं और क्षमताओं को स्वीकार किया गया था, जैसा कि विदुषी नारियों के उदाहरण से स्पष्ट है। हालाँकि, इन उदाहरणों को अक्सर अपवाद के रूप में देखा जाता था, न कि नियम के रूप में। आधुनिक अधिकार महिलाओं को उनकी व्यक्तिगत पहचान और क्षमताओं के आधार पर विकसित होने और योगदान करने का अवसर प्रदान करते हैं।

प्राचीन भारतीय कर्तव्य एवं अधिकार की दृष्टि से नारी की स्थिति जटिल और बहुआयामी थी। कुछ ग्रंथों में उन्हें सम्मान और महत्व दिया गया था, जब कि अन्य में उनकी भूमिकाएँ सीमित थीं। आधुनिक परिप्रेक्ष्य में,

महिलाओं के अधिकारों की अवधारणा ने एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखा है, जिसमें लैंगिक समानता, भेदभाव का उन्मूलन और महिलाओं की पूर्ण भागीदारी पर जोर दिया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय कानूनी ढाँचे नारी को व्यापक अधिकार और सुरक्षा प्रदान करते हैं। यद्यपि प्राचीन आचार–विचार हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक हिस्सा हैं, परन्तु आधुनिक समाज में नारी के अधिकारों को पूरी तरह से मान्यता देना और उनकी रक्षा करना आवश्यक है ताकि एक न्यायपूर्ण और समान समाज का निर्माण किया जा सके।

टिप्पणियाँ

1. गैरोला, वाचस्पति, पृष्ठ संख्या – 398– 399।
2. ऋग्वेद– 10/17/07।
3. अर्थवेद, 11.5.18।
4. प्राचीन भारत का सामाजिक एवं आर्थिक इतिहास, पृष्ठ संख्या – 88।
5. तदेव, पृष्ठ संख्या – 88–89।
6. तदेव पृष्ठ संख्या – 90।
7. बृहदारण्यक उपनिषद, 2.4.1–14।
8. अर्थवेद, 11.8.18।
9. अर्थवेद 9.5.27–28

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. वैदिक साहित्य एवं संस्कृति – वाचस्पति गैरोला, पृष्ठ संख्या – 398–399।
2. 'धर्मशास्त्र का इतिहास, द्वितीय खण्ड, अध्याय सात – उपनयन – अध्ययन का अधिकार।
3. (क) हिन्दू सभ्यता (डॉ. राधाकुमुद मुखर्जी) अनु. डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल, अध्याय 4,5 व 6 दृष्टव्य, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. वाल्मीकीय रामायण – डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल, अध्याय–3, परिच्छेद–3, कांडी, 1955।
5. मध्यकालीन कन्या युगान्तर विन्दते परिधि – अर्थवेद, 11/5/18।
6. वैदिक साहित्य एवं संस्कृति – आचार्य बलदेव उपाध्याय, त्रयोदश परिच्छेद, पृष्ठ संख्या – 420–421।
7. तदेव पृष्ठ संख्या – 421–422।
8. प्राचीन भारतीय सामाजिक एवं आर्थिक संस्थायें – डॉ. कैलाश चन्द्र जैन, अध्याय 12, पृष्ठ संख्या – 182।
9. प्राचीन भारत का सामाजिक एवं आर्थिक इतिहास, पृष्ठ संख्या – 88।
10. तदेव, पृष्ठ संख्या – 88।
11. समाज, दर्शन और राजनीति, पृष्ठ संख्या – 94।
12. वैदिक साहित्य एवं संस्कृति, पृष्ठ संख्या – 398।
13. प्राचीन भारत का सामाजिक एवं आर्थिक इतिहास, पृष्ठ संख्या – 88–89।
14. तदेव, पृष्ठ संख्या – 90।
15. समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में औद्योगीकरण एवं श्रमिक परिवार, पृष्ठ संख्या –119 एवं 121।
16. In Search of Answers : Indian Women's Voices from Manushi – वनिता, टण्डन, 1989।
17. तदेव, पृष्ठ संख्या – 298–99।
18. मानुषी अंक 87, मार्च–अप्रैल, 1995, पृष्ठ संख्या – 6–16।
19. बृहदारण्यक उपनिषद्, 1/4/1–2।
20. शतपथ ब्राह्मण – 5/2/1/10।
21. समाजदर्शन और राजनीति, पृष्ठ संख्या – 96–97।
22. तदेव, पृष्ठ संख्या – 99।
23. तदेव, पृष्ठ संख्या – 97।
24. स्त्री अस्मिता, पृष्ठ संख्या – 381–82।
25. तदेव, पृष्ठ संख्या – 387।
26. जैन, शशि एवं सुधा भटनागर : (1997) का अध्ययन।
27. विश्व स्वास्थ्य संगठन के आँकड़े।
28. संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जारी यूनिसेफ (1999) की रिपोर्ट।
29. प्रभा खेतान, उपेक्षित स्त्री।
30. मृणाल पाण्डे, परिधि पर स्त्री।
31. नासिरा शर्मा, औरत के लिए औरत।
32. राजकिशोर, औरत के लिए जगत।
33. राजेन्द्र यादव, हंस के नारीवादी विशेषांक।
34. क्षमा शर्मा, स्त्री का समय।
35. मृदुला गर्ग, चुकते नहीं सवाल।
36. अनामिका, स्त्री का मानचित्र।
37. जैन, अरविन्द स्त्री होने की सजा।
38. माहेश्वरी, सरला, समान नागरिक संहिता।

ISSN : 2349-9273

शोध पत्र लेखकों को निर्देश

'दि गुंजन' (मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरेनशल रेफ्रीड/पियररिव्यूड रिसर्च जर्नल) है, जिसमें सभी उपविषयों के मौलिक शोध पत्र, शोध समीक्षा, विचार एवं लेखों आदि का प्रकाशन किया जाता है। शोधकर्ता हिन्दी, अंग्रेजी अथवा संस्कृत भाषा में अपने शोध पत्र भेज सकते हैं। शोध पत्र भेजते समय कृपया निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दें–

◈लेखक अपना शोध पत्र **सर्वेश तिवारी 'राजन'** प्रबन्ध सम्पादक– 'दि गुंजन', के–444 'शिवराम कृपा' विश्व बैंक बर्रा, कानपुर–208027 (उ.प्र.) को अथवा **super.prakashan@gmail.com** पर प्रेषित करें।

◈प्राप्त शोध पत्र जर्नल में प्रकाशन के पूर्व पुनर्निरीक्षित किये जायेंगे। स्वीकृत शोध पत्र कहीं और प्रकाशित नहीं होना चाहिए और न ही उस शोध पत्र का कोई भी भाग सम्पादक की अनुमति के बिना कहीं और प्रकाशित किया जा सकता है।

◈अपने शोध–पत्र की पाण्डुलिपि निम्न भागों में तैयार करें– शीर्षक, सारांश, पाण्डुलिपि, निष्कर्ष एवं पुस्तक सन्दर्भ सूची। कृपया पुनर्निरीक्षण की गुणवत्ता में सहायता करने हेतु शोधालेख पर विशेष ध्यान दें।

◈**शीर्षक** : शीर्षक पाण्डुलिपि पर अवश्य दें, किन्तु अपना पूरा नाम, पद, विषय, संस्था, पता जहाँ पर निवास एवं अध्यापन कार्य सम्पादित किया गया हो, आपका दूरभाष, मोबाइल, फैक्स, ई–मेल पत्राचार की सुविधा हेतु अलग पृष्ठ पर अवश्य दें।

◈**सारांश** – सारांश कृपया शोध–पत्र का सारांश अधिकतम 200 शब्दों में दें।

◈**पाण्डुलिपि**– इसके अर्न्तगत मुख्य पाठ्य सामग्री होगी जो 5 से 8 पृष्ठों तक होनी चाहिए। शोध पत्र में 7–8 पृष्ठ का (सारांश, शब्द संक्षेप, निष्कर्ष एवं सन्दर्भ सूची सहित) से अधिक नहीं होना चाहिए, अन्यथा प्रकाशन हेतु स्वीकार नहीं किया जायेगा। लेखक को यह बात स्वीकार होनी चाहिए कि पुनर्निरीक्षण के दौरान किये गये संशोधन उन्हें मान्य होंगे। आलेख प्रकाशन के दौरान त्रुटि की सम्भावना न बने, इसका पूरा ख्याल रखा जाता है, फिर भी त्रृटि पाये जाने पर लेखक संशोधित री–प्रिन्ट प्राप्त कर सकता है।

◈**पुस्तक** – प्रकाशक का नाम, संस्करण, संख्या, प्रकाशन वर्ष, लेखक का नाम, पृष्ठ संख्या दें।

◈**पत्रिका** – पत्रिका का नाम, लेख का शीर्षक, लेखक एवं प्रकाशक का नाम, अंक, संख्या, माह, वार्षिक, अर्द्धवार्षिक, त्रैमासिक व मासिक जो भी हो स्पष्ट करें।

◈**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची** – कृपया शोध पत्र में कम से कम 8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची अवश्य दें।

◈**समाचार पत्र**– समाचार पत्र के प्रकाशक, प्रकाशन तिथि, वर्ष व पृष्ठ संख्या का उल्लेख करें।

◈**इण्टरनेट** – वेबसाइट, पृष्ठ संख्या, मुख्य शीर्षक, अन्तःषीर्षक का उल्लेख करें।

◈**मानचित्र एवं सारणी**– मानचित्र एवं सारणी अथवा चित्र शोध पत्र की समाप्ति के अन्त में दें। यह ब्लैक एण्ड व्हाइट ही होना चाहिए। इसका स्पष्ट संकेत पाण्डुलिपि में अवश्य दें (उदाहरण, सारणी संख्या आदि)।

◈**विशेष**– कृपया अपना शोध पत्र ई–मेल करने के बाद फोन अथवा मोबाइल से अवश्य सूचित करें। शोध पत्र के साथ फोटो, ई–मेल एड्रेस तथा हार्डकापी के रूप में स्पीड पोस्ट द्वारा लिफाफे में भेजें। शोध पत्र हिन्दी, संस्कृत (कृतिदेव हिन्दी फान्ट 14) एवं अंग्रेजी (टाइम्स 12) में तैयार कर मेल करें। शोध पत्र प्राप्त होने के तुरन्त बाद, उसी दिन लेखक की मेल पर स्वीकृति, कवर, इंडेक्स व पेपर प्रेषित कर दिया जायेगा। **super. prakashan@gmail.com** से प्राप्त शोध पत्र हेतु ई–मेल/वाट्सटप से स्वीकृति भेजी जायेगी। शोध पत्र प्रेषित करने से पूर्व प्रबन्ध सम्पादक से मोबाइल/दूरभाष पर सम्पर्क अवश्य कर लें। रिसर्च जर्नल में लेख सम्मिलित करने का सम्पादक मण्डल अथवा सलाहकार समिति का निर्णय ही अन्तिम व सभी को मान्य होगा।

◈**सुझाव** – लेखकों एवं पाठकों को यह अंक कैसा लगा, इस सम्बन्ध में अपने–अपने विचार अवश्य लिखें। इससे मुझे अपनी त्रुटियों को जानने और भावी योजना बनाने में सहायता मिलेगी।

◈**विनम्र निवेदन**– सभी सम्मानित सदस्यों से निवेदन है कि अपने माध्यम से संस्था में अधिकत सदस्यों को पत्रिका परिवार से जोड़कर संस्था का सहयोग करें।

दि गुंजन

The Gunjan

मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड / पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल

Multi Disciplinary Quarterly International Refered/Peer Reviewed Research Journal

ISSN - 2349-9273

E-mail : super.prakashan@gmail.com Web Site: www.thegunjan.com

कार्यालय : सेक्टर 'के'-444 'शिवरामकृपा' विश्व बैंक बर्रा-कानपुर-208027

सदस्यता फार्म

श्रीमान् सम्पादक महोदय,

'दि गुंजन'

(मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल)

सेक्टर 'के'-444 'शिवरामकृपा' विश्व बैंक बर्रा-कानपुर-208027 (उ. प्र.) भारत

महोदय / महोदया,

निवेदन है कि मैं / हमारा महाविद्यालय आपके **'सुपर प्रकाशन'** द्वारा प्रकाशित **'दि गुंजन' (मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/ पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल)** परिवार का ..... वर्षीय / आजीवन★ / व्यक्तिगत / संस्थागत★ सदस्य बनना चाहता हूँ / चाहती हूँ। मैं / हमारी संस्था **'सुपर प्रकाशन'** विश्व बैंक बर्रा, कानपुर-27 के नाम सदस्यता शुल्क ..... रुपये नकद / मनीआर्डर / चेक अथवा बैंक ड्राफ्ट खता क्रमांक (**सुपर प्रकाशन - 52570200000355) IFS Code No. BARB0BUPGBX, बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा-विश्व बैंक बर्रा (कर्रही) कानपुर-27** के नाम से दे रहा हूँ। (zero)

नाम (श्री/श्रीमती/डॉ.) :.....

पद का नाम (जहाँ वर्तमान में कार्यरत हैं) :.....

संस्था / निवास का नाम :.....

पत्र व्यवहार का पूरा पता (पिनकोड सहित) :.....

:.....

फोन / मोबाइल नं. :.....

स्थान व दिनांक :.....

: हस्ताक्षर

प्रबन्ध सम्पादक :

सर्वेश तिवारी 'राजन'

मोबा. : 08896244776

सम्पादक :

डॉ. सीमा मिश्रा

मोबा. : 09044808861